20 सितंबर, 2025
आश्विन, कृष्ण पक्ष, चतुर्दशी
संवत 2082
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in


कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
शनिवार, वर्ष 10, अंक 330

झारखंड में दरक रही है सामाजिक एकता की दीवार






## रांची में शुरू हुआ तीन दिवसीय डिफेंस एक्सपो

# परमाणु बम बनाने में भी झारखंड दे सकता है योगदान: हेमंत सोरेन

- मुख्यमंत्री, राज्यपाल, रक्षा राज्य मंत्री और सीडीएस ने खेलगांव स्टेडियम में इस्ट टेक सिम्पोजियम-2025 के उद्घाटन मौके पर हुए शामिल
- देशभर से रक्षा क्षेत्र के विशेषज्ञ, औद्योगिक संस्थाएं, तकनीकी संस्थान, लघु और मध्यम उद्योगों के प्रतिनिधि शामिल हो रहे हैं






आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा है कि राज्य में डिफेंस की जरूरतों की हर चीज मौजूद है। यहां कच्चा माल (खनिज) प्रचूर मात्रा में उपलब्ध है। यहां तक कि झारखंड परमाणू बम बनाने में भी योगदान दे सकता है, क्योंकि यहां यूरेनियम तक मौजूद है। उन्होंने कहा कि झारखंड ने देश को बहुत कुछ दिया है। इस राज्य में डिफेंस सेक्टर से जुड़े उद्योग क्षेत्र के विस्तार की भी प्रबल संभावनाएं हैं। हमारी सरकार रक्षा क्षेत्र को आत्मनिर्भर बनाने के लिए केंद्र के साथ पूरा सहयोग करने के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री शुक्रवार को इस्ट टेक सिम्पोजियम-2025 के उद्घाटन मौके पर बोल रहे थे।

बताते चलें कि शुक्रवार से रांची के खेलगांव स्टेडियम में तीन दिवसीय डिफेंस एक्सपो इस्ट टेक सिम्पोजियम-2025 का आयोजन किया गया है। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ, सीडीएस अनिल चौहान ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि आज का दिन राज्य के लिए महत्वपूर्ण दिन है। राजधानी रांची की स्थित वीर टाना भगत इंडोर स्टेडियम परिसर खेलगांव में केंद्रीय रक्षा मंत्रालय की ओर से इस्ट टेक सिम्पोजियम-2025 का ऐतिहासिक आयोजन किया जा रहा है। ये आयोजन अपने आप में एक विशिष्ट कार्यक्रम है, जिसमें रक्षा क्षेत्र के कई नये आयाम जोड़ने की पहल की जा रही है। मुख्यमंत्री ने आशा व्यक्त करते हुए कहा कि इस आयोजन के उद्देश्य को पूरा करने में हमें जरूर सफलता मिलेगी।

### प्रदर्शनी उद्योग जगत को नयी ऊंचाई प्रदान करेगी: संजय सेठ

रांची (आजाद सिपाही)। रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा कि भारत सरकार के रक्षा मंत्रालय द्वारा रांची में इस्ट टेक सिम्पोजियम-2025 का भव्य शुभारंभ आज हुआ। झारखंड राज्यपाल संतोष गंगवार, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और सीडीएस जनरल अनिल चौहान प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। रक्षा उद्योग से जुड़ा यह एक्सपो झारखंड के औद्योगिक विकास में मिल का पत्थर साबित होगा। इस एक्सपो से शुरू हुई यात्रा झारखंड के उद्योग जगत को नयी ऊंचाई प्रदान करेगी। एमएसएमइ सेक्टर से जुड़े उद्योग व अन्य क्षेत्रों से जुड़े छोटे-छोटे उद्योगों को भी कई नये अवसर प्रदान होंगे। कार्यक्रम में उपस्थित रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने सेना द्वारा हाल के दिनों में रांची में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों का उल्लेख करते हुए कहा कि उनका उद्देश्य है कि इनसे प्रेरणा लेकर अधिक से अधिक बच्चे सेना से जुड़ें। इसी उद्देश्य से पिछले वर्ष 'नो योर आर्म्ड फोर्सेस' अभियान तथा इस वर्ष एयर शो का आयोजन भी किया गया।

### एचइसी की स्थिति अच्छी नहीं, तकलीफदेह है

मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड में कई बड़े-बड़े उद्योग संस्थान स्थापित हुए है। उद्योग के विस्तार में भी इस राज्य का देश में अलग पहचान रहा है। कई बार गलत नीति निर्धारण के कारण कुछ चीजें समाप्त होती नजर आती है। हम सभी लोग ये जानते हैं कि एचइसी जैसी उद्योग संस्थान रांची में स्थापित है। इस संस्थान के सहयोग से देश में कई अन्य औद्योगिक संस्थाएं आगे बढ़े हैं। एचइसी सैटेलाइट तथा परमाणु कांपोनेंट्स बनाने में भी अहम भूमिका निभाता रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि एचइसी की स्थिति आज बहुत अच्छी नहीं है, यह जानकर काफी तकलीफ होती है, आखिर किस वजह से इतना बड़ा उद्योग संस्थान आज उम्मीद के अनुरूप खरा नहीं उतर पा रहा है।

### राज्य सरकार का मिलेगा पूरा सहयोग

हेमंत सोरेन ने कहा कि जरूरत है कि केंद्र एवं राज्य सरकार समन्वय स्थापित कर आपसी सहयोग से उद्योग संस्थाओं को आगे बढ़ाने में अपनी भूमिका का निर्वहन करे। ताकि उद्योग के क्षेत्र में राज्य तथा देश आत्मनिर्भरता की ओर आगे बढ़ सके। उन्होंने कहा कि मिलजुलकर प्रयास करने से डिफेंस से जुड़े इंडस्ट्री सेक्टर में नये आयाम जोड़े जा सकते हैं। सौभाग्य की बात है कि भारतीय सशस्त्र सेना के रक्षा प्रमुख आज हमारे बीच यहां उपस्थित हैं। एमएसएमइ के क्षेत्र में भी इनके द्वारा किया जा रहा प्रयास एक सकारात्मक पहल है। राज्य सरकार की ओर से डिफेंस सेक्टर को पूरा सहयोग प्रदान किया जायेगा।

### डिफेंस एक्सपो का किया अवलोकन

इस अवसर पर राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ और अन्य गणमान्य अतिथियों ने डिफेंस एक्सपो का अवलोकन किया। इस डिफेंस एक्सपो में देशभर से रक्षा क्षेत्र के विशेषज्ञ, औद्योगिक संस्थाएं, तकनीकी संस्थान तथा लघु एवं मध्यम उद्योगों से जुड़े लोग शामिल हो रहे हैं। हुए। इस अवसर पर भारतीय सशस्त्र सेना के रक्षा प्रमुख (सीडीएस) अनिल चौहान, मुख्य सचिव अलका तिवारी, पूर्वी कमान प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल रामचंद्र तिवारी, पूर्वी कमान एयर ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ सूरत सिंह, रक्षा मंत्रालय के अन्य वरीय अधिकारी सहित अन्य गणमान्य उपस्थित थे।




## जमीन कारोबारी कमल भूषण हत्याकांड में तीन दोषी करार

**समधी, दामाद और शूटर पर सजा 22 को तय होगी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची के बहुचर्चित जमीन कारोबारी कमल भूषण हत्याकांड मामले में कोर्ट ने शुक्रवार को फैसला सुना दिया है। मामले में मुख्य आरोपी डब्लू कुजूर, बेटा राहुल कुजूर और शूटर काविश अदमन को आइपीसी की धारा 302 के तहत दोषी करार दिया गया।



आरोपियों के सजा के बिंदु पर 22 सितंबर को सुनवाई होगी। वहीं, मामले में ट्रायल फेस कर रहे डब्लू कुजूर की पत्नी सुशीला कुजूर और केस के सरकारी गवाह बने मुनावर अफाक को कोर्ट ने साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया है। अपर न्यायुक्त आनंद प्रकाश की कोर्ट ने फैसला सुनाया। हत्याकांड के आरोपी मुनावर अफाक सरकारी गवाह (इंप्रूवर) बन गया था, जो मुख्य आरोपी डब्लू कुजूर, राहुल कुजूर समेत सभी आरोपियों के खिलाफ गवाही दी है।

**30 मई 2022 को हुई थी हत्या:** बताते चलें कि 30 मई 2022 को कमल भूषण की रातू में हत्या हुई थी। सूत्रों के मुताबिक कमल भूषण की हत्या की वजह उनकी बेटी यामिनी की प्रेम विवाह बनी थी। कमल भूषण और डब्लू कुजूर दोनों जमीन कारोबार में पार्टनर थे। जून 2021 में कमल भूषण की बेटी यामिनी से डब्लू कुजूर के बेटे राहुल कुजूर ने प्रेम विवाह कर लिया था। जिसके बाद से दोनो पार्टनर के बीच विवाद हो गया। दोनो एक दूसरे के जानी दुश्मन बन गये।

### मणिपुर में सुरक्षाबलों पर हमला, असम राइफल्स के दो जवान शहीद, चार घायल

इंफाल। मणिपुर के बिष्णुपुर जिले में शुक्रवार शाम अज्ञात हमलावरों ने असम राइफल्स की गाड़ी पर हमला कर दिया। हमले में दो जवान शहीद हो गये, जबकि चार जवान घायल हुए हैं।







## रांची के नये एसएसपी बने राकेश रंजन

**प्रशांत सिंह को मुख्यालय के डीजी का भी प्रभार**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड के कई आइपीएस अधिकारियों का तबादला और पदस्थापन किया गया है। गृह विभाग ने इससे संबंधित आदेश जारी कर दिये हैं। डीजीपी अनुराग गुप्ता से सीआइडी और एसीबी दोनों विभाग का प्रभार वापस ले लिया गया है। इसके अलावा राकेश रंजन को रांची का नया



एसएसपी बनाया गया। जबकि रांची के पूर्व एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा, जो हाल ही में डीआइजी के पद पर प्रमोट हुए हैं, उन्हें एसीबी में डीआइजी बनाया गया है।


(पूरी सूची देखें पेज 05 पर )

## कुड़मी समाज का 'रेल टेका डहर छेका' आंदोलन आज से

- कुड़मी समाज को अनुसूचित जनजाति का दर्जा देने की मांग
- रेल और पुलिस-प्रशासन ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किये
- प्रमुख स्टेशनों पर धारा 144 लागू रहेगी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** कुड़मी समाज ने 20 सितंबर से अनिश्चितकालीन 'रेल टेका डहर छेका' आंदोलन की घोषणा की है। स्थानीय भाषा में 'रेल टेका' का अर्थ है रेल रोकना, जबकि ' डहर छेका' का अर्थ है सड़क अवरुद्ध करना। इस प्रकार, 'रेल टेका डहर छेका' का अर्थ है रेल और सड़क दोनों को रोकना या अवरुद्ध करना। आंदोलन के कारण झारखंड, बंगाल और ओड़िशा में रेल यातायात प्रभावित होने की संभावना है। आंदोलन के मद्देनजर रेलवे प्रशासन और सुरक्षा एजेंसियों ने सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किये हैं। कुड़मी समाज को अनुसूचित जनजाति (एसटी) का दर्जा देने की मांग को लेकर यह आंदोलन किया जा रहा है। समाज का दावा है कि 1931 की जनगणना में उन्हें एसटी सूची में शामिल किया गया था, लेकिन 1950 में नयी सूची में उनका नाम हटा दिया गया। समाज का आरोप है कि उनका नाम बिना किसी आधार के हटाया गया था और अब इसे सुधारने की मांग की जा रही है। आंदोलन को लेकर प्रमुख स्टेशनों पर अतिरिक्त बल तैनात किया जायेगा और धारा 144 लागू रहेगी। रेल परिचालन में बाधा डालने वालों को तत्काल गिरफ्तार किया जायेगा। फिलहाल ट्रेनों को रद्द या मार्ग परिवर्तित करने का निर्णय नहीं लिया गया है, लेकिन स्थिति पर नजर रखी जा रही है। झारखंड में 40 रेलवे स्टेशनों पर आंदोलन का प्रभाव पड़ने की संभावना है, जिनमें प्रमुख स्टेशन मूरी, टाटीसिलवे, बड़काकाना और चक्रधरपुर शामिल हैं।



आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 20 सितंबर, 2025
www.azadsipahi.in


# झारखंड में दरक रही है सामाजिक एकता की दीवार

- नये-नये नेता उभरे, तो राजनीतिक महत्वाकांक्षाएं जोर मारने लगीं
- इसका परिणाम यह हुआ कि झारखंड का समाज बहुसंख्यक-अल्पसंख्यक से आगे बढ़ कर
- कुरमी-आदिवासी, अगड़ा-पिछड़ा और आदिवासी-गैर आदिवासी में विभाजित होने लगा
- कुरमी-आदिवासी विवाद से सामने आयी इस दरार की हकीकत
- लेकिन इन दोनों की लड़ाई का फायदा कोई तीसरा उठा रहा
- झारखंड की ताकत ही उसकी सामाजिक एकता है, जिसे खंडित करना सही नहीं

**आजाद सिपाही विशेष**

**झारखंड को समकालीन भारत के सबसे समृद्ध राज्यों में से एक माना जाता है। यह अपने समृद्ध खनिज संसाधनों और अतीत की वाणिज्यिक और सांस्कृतिक संपदा की ऐतिहासिक विरासतों के कारण है। औद्योगिक राज्य होने के बावजूद झारखंड सामाजिक-आर्थिक अभाव की चुनौतियों का सामना करना जारी रखता है, जैसे कि गरीबी, अशिक्षा, खराब स्वास्थ्य सेवाएं और भेदभावपूर्ण राजनीति। क्षेत्रीय विकास को लेकर झारखंड को बिहार से 25 साल पहले अलग कर दिया गया था। यह एक सपने के पूरा होने जैसा था, लेकिन विकास की अवधारणा को कभी जमीन पर उतारने की कोशिश नहीं हुई। कोशिश हुई, तो झारखंड के समाज को धर्म, जाति या जातीय समूहों में बांटने की, ताकि राजनीतिक हितों को साधा जा सके। हाल के दिनों में झारखंड में यह सामाजिक बिखराव थोड़ा अधिक दिखने लगा है। यहां की राजनीति में अब अगड़े-पिछड़े, कुरमी-आदिवासी, हिंदू-मुस्लिम और दूसरे सामाजिक आधार पर विभाजन का जहर पसरता दिखाई देने लगा है, जो झारखंड के भविष्य के लिए बेहद खतरनाक है। हाल ही में झारखंड के सबसे ताकतवर राजनीतिक-सामाजिक समुदाय, यानी कुरमियों और आदिवासियों के बीच जो विवाद पैदा हुआ है, उसने झारखंड के सामाजिक ताने-बाने को बुरी तरह प्रभावित कर दिया है। यह विष बेल धीरे-धीरे समाज के उन समूहों तक पहुंचने लगी है, जो अब तक केवल झारखंड की सामूहिक संस्कृति में विश्वास करता था। यह सब उस सामाजिक-सांस्कृतिक चेतना के मजबूत होने के कारण हुआ है, जो राजनीति के दरवाजे तक पहुंचने से पहले निजी या जातीय स्वार्थ में भीग जाती है। लेकिन इन दोनों की लड़ाई का फायदा कोई तीसरा उठा रहा है। जो झारखंड के सामजिक ताने-बाने को तबाह करने की कोशिश कर रहा है। वह है बांग्लादेशी घुसपैठ और धर्मांतरण। डेमोग्राफी चेंज होने के कारण झारखंड में आदिवासियों की संख्या घट रही है। यह भी दावा किया जाता है कि संथाल परगना में बांग्लादेशी घुसपैठिए आदिवासी महिलाओं से शादी कर उनका धर्म परिवर्तन कर रहे हैं, और उनकी जमीनों को गिफ्ट डीड के जरिये हथिया रहे हैं। इससे आदिवासियों के अस्तित्व पर संकट गहराता जा रहा है। लेकिन इस मुद्दे पर भाजपा के अलावा सभी राजनीतिक दलों में खामोशी है। यह खामोशी कब नासूर बन जायेगी और इसका सबसे ज्यादा असर किस समुदाय पर पड़ेगा यह किसी से छिपा नहीं है। इसलिए झारखंड की ताकत ही उसकी सामजिक एकता है। जिसे खंडित करना सही नहीं है। कई ऐसी शक्तियां हैं, जो आदिवासियों और कुर्मियों के बीच जहर घोल रही हैं और निकट भविष्य में आने वाली समस्याओं पर से ध्यान भटकाना चाहती हैं। हर जाती और धर्म को स्वतंत्रता है कि वह अपने समाज के हक और अधिकारों के लिए आवाज बुलंद करे। संविधान ने इसका हक दिया है। लेकिन तरीका भी संवैधानिक ही हो, इसका खयाल रखना जरूरी है। झारखंड में कुरमी-आदिवासी विवाद की पृष्ठभूमि में सामाजिक दीवार के दरकने का क्या हो सकता है असर, बता रहे हैं आजाद सिपाही के संपादक राकेश सिंह।**



**राकेश सिंह**
संपादक

भारत के राजनीतिक मानचित्र पर 28वें राज्य के रूप में 15 नवंबर, 2000 को उभरा झारखंड इस समय अलग किस्म की समस्या का सामना कर रहा है। इस राज्य को पिछले 25 वर्ष में चाहे कुछ हासिल हुआ हो या नहीं, एक मुकाम इसने जरूर हासिल किया और वह था इसका मजबूत सामाजिक ताना-बाना। झारखंड की सामाजिक दीवार इतनी मजबूत थी कि यहां जाति-धर्म-भाषा और संप्रदाय के आधार पर कोई विभाजन नहीं था। आदिवासी हितों के लिए दिकुओं को खतरनाक जरूर बताया जाता था, लेकिन कभी सामाजिक स्तर पर उनके खिलाफ कोई माहौल नहीं बना था। झारखंड के जनक दिशोम गुरु शिबू सोरेन कहते भी थे कि झारखंड में रहनेवाला हर व्यक्ति पहले झारखंडी है, बाद में कुछ और। लेकिन अफसोस कि आज झारखंड की यही मजबूत दीवार में दरार दिखने लगी है। यह दरार राजनीति के उस दुष्प्रभाव का नतीजा है, जिसे विकास की डोर से बांध कर आसमान में उड़ा दिया गया है और विकास की इस अवधारणा को राजनीतिक रूप से पूरा करने के समय कदम पीछे खींच लिये गये। इसलिए 25 वर्षों के बाद झारखंड अब भी अपनी पहचान और अस्तित्व के सवाल को बनाये रखने के लिए संघर्ष कर रहा है। इसके गठन के बाद से सभी दलों ने वादों को पूरा नहीं किया है।

## कुरमी-आदिवासी मतभेद

झारखंड में सामाजिक बिखराव की यह आहट 2019 के विधानसभा चुनाव के पहले सुनाई पड़ी। उस चुनाव में झामुमो के नेतृत्व वाले महागठबंधन को बहुमत हासिल होने और एनडीए सरकार के मुख्यमंत्री रहे रघुवर दास की करारी हार के बाद हेमंत सोरेन मुख्यमंत्री बने। 2024 आते-आते हेमंत सोरेन का मजबूत राजनीतिक नेतृत्व और उनके खिलाफ की गयी साजिशों ने उन्हें जबरदस्त वापसी करायी। लेकिन 2022 की शुरुआत में सरकारी नौकरियों के लिए होने वाली परीक्षाओं में क्षेत्रीय भाषा के रूप में भोजपुरी, मगही, मैथिली को शामिल करने का विरोध शुरू हुआ। इस भाषा विवाद को लेकर झारखंड के कई क्षेत्र आंदोलित रहे। आंदोलन काफी लंबा चला, तो इसकी इबारत सामाजिक दीवार पर साफ दिखने लगी। 1932 का खतियान और झारखंड का मूल निवासी होने के मुद्दे पर समाज बिखरने लगा। 1932 को लेकर कई विसंगतियों पर जमकर चर्चा हो ही रही थी कि कुरमी समुदाय ने अपने को आदिवासी बताते हुए अनुसूचित जनजाति में शामिल करने को लेकर आंदोलन शुरू कर दिया। आदिवासी का दर्जा देने की मांग को लेकर कुरमी समाज के संगठनों ने झारखंड समेत बंगाल और ओड़िशा में रेल रोको आंदोलन चलाया। 20 सितंबर 2022 से इन तीन राज्यों में यह आंदोलन पांच दिनों तक चला। इसकी जोरदार प्रतिक्रिया आदिवासी संगठनों में देखने को मिली और वे कुरमी संगठनों द्वारा आदिवासी का दर्जा देने की मांग का हर स्तर पर विरोध करने लगे। दोनों समुदाय अपने-अपने तर्क और इतिहास की पृष्ठभूमि पर चर्चा करते हुए विरोध और समर्थन कर रहे हैं। अगर यह विरोध आगे बढ़ता है, तो आदिवासी और कुरमी संगठनों में टकराव की संभावना से इंकार नहीं किया सकता है। इसी बीच 2024 से ठीक पहले राजनीतिक रूप से मजबूत कुरमी जाति को अपनी राजनीतिक ताकत का एहसास हुआ। नये-नये नेता उभरे, तो राजनीतिक महत्वाकांक्षाएं जोर मारने लगीं। इसका परिणाम यह हुआ कि झारखंड का समाज बहुसंख्यक-अल्पसंख्यक से आगे बढ़ कर कुरमी-आदिवासी, अगड़ा-पिछड़ा और आदिवासी-गैर आदिवासी में विभाजित होने लगा। इससे राजनीतिक उथल-पुथल तो हुई, समाज को नेता भी मिले, लेकिन झारखंड के हाथ खाली रह गये।



## नये राजनीतिक ध्रुवीकरण का जन्म

राजनीतिक गलियारे में चर्चा होती रहती है कि झारखंड में सत्ता की चाबी आदिवासी और कुड़मी मतदाताओं के पास है। इन्हें साधने के लिए राजनीतिक पार्टियों में खींचतान चलती रहती है। फिलहाल कुरमियों द्वारा चलाये जा रहे आंदोलन से आगे अब संगठनों में भी इसे लेकर मतभेद पैदा होने लगे हैं। इसने नये राजनीतिक ध्रुवीकरण को जन्म दिया है। इस मुद्दे पर चुनाव लड़े जा रहे हैं और राजनीतिक महत्वाकांक्षा को पूरा करने का यह एक बड़ा जरिया बन गया है। यह झारखंड के लिए बेहद खतरनाक है, क्योंकि जिस दौर में यह राज्य है, वहां अब सामाजिक एकता ही इस विकास की पटरी पर दौड़ा सकती है।

## झारखंड का सामाजिक-आर्थिक ढांचा

झारखंड में 3.3 करोड़ की आबादी है, जिसमें 26.21% आदिवासी, 12.08% अनुसूचित जाति और 61.71% अन्य शामिल हैं। लगभग 10% आबादी बंगाली भाषी है और 70% लोग हिंदी की विभिन्न बोलियां बोलते हैं। हिंदू धर्म 67.8% के साथ बहुसंख्यक धर्म है, जिसके बाद इस्लाम में 14.5% और जनसंख्या का 12.8% एनिमिस्टिक सरना धर्म है, जबकि इसाइ धर्म 4.3% और 1% से कम जैन धर्म, बौद्ध धर्म और सिख धर्म (जनगणना 2011) से हैं। झारखंड का इतिहास सामूहिक विरासत, हमारा इतिहास, शाही ताकतों के खिलाफ स्वतंत्रता आंदोलन, संस्कृति के संरक्षण, क्षेत्रीय पहचान, भाषा, जीवन शैली, सामाजिक-आर्थिक स्थिति के लिए संघर्ष से भरा है। यह राज्य अपने समृद्ध खनिज संसाधनों के लिए प्रसिद्ध है और झारखंड की विकास दर अन्य राज्यों की तुलना में बेहतर है।

## विकास के पैमाने पर झारखंड

झारखंडियों को कोई संदेह नहीं है कि वे अत्यधिक अवसाद में रह रहे हैं। उनकी चिंताएं, हताशा उनकी सामूहिक विफलताओं से निकल रही है। राज्य में झारखंडी लोगों की दुर्दशा का समग्र परिदृश्य सामाजिक-आर्थिक अभावों के ऐतिहासिक विकास का उपोत्पाद है। डिग्री के मामले में जगह-जगह से थोड़ा अंतर है, लेकिन हाशिये का स्वरूप वही रहता है। इसका नतीजा यह हुआ है कि सभी क्षेत्रीय पहचानों को पार करते हुए समुदाय के मुद्दे यहां नेपथ्य में चले गये हैं। झारखंड का समाज वर्ग, जाति, संस्कृति और क्षेत्रवाद से लेकर सामाजिक आधार पर विभाजित होने लगा है।

## रेल टेका डहर छेका आंदोलन

आदिवासी कुड़मी समाज ने 20 सितंबर से अनिश्चितकालीन रेल टेका डहर छेका आंदोलन की घोषणा की है। यह आंदोलन झारखंड, बंगाल और ओड़िशा तीनों राज्यों में एक साथ चलाया जायेगा। आंदोलन के तहत झारखंड में 40 रेलवे स्टेशनों को चिह्नित किया गया है। इनमें प्रमुख स्टेशन हैं मूरी, टाटीसिलवे, मेसरा, राय, खलारी, बड़काकाना, गोला, जगेश्वर बिहार, चरही, चंद्रपुरा, प्रधानखंटा, पारसनाथ, हेसालौंग, चक्रधरपुर, सोनुवा, चाकुलिया, गोड्डा और जामताड़ा। कुड़मी समाज को अनुसूचित जनजाति (एसटी) का दर्जा देने की मांग को लेकर को लेकर कुड़मी समाज ने आंदोलन की घोषणा की है। कुड़मी समाज के वरीय केंद्रीय उपाध्यक्ष छोटेलाल महतो ने दावा किया कि 1931 की जनगणना में कुड़मी समाज को एसटी सूची में शामिल किया गया था, लेकिन 1950 में जो नयी सूची तैयार की गयी उसमें बाकी जनजातियों के नाम बने रहे, सिर्फ कुड़मी समाज का नाम हटा दिया गया। हमारा नाम क्यों हटाया गया, इसका कोई आधार नहीं है। यह एक भूल थी और अब इसे सुधारना चाहिए।

## आदिवासी क्यों कर रहे विरोध

आदिवासी नेताओं का कहना है कि कुड़मी समाज अपने निजी फायदे के लिए एसटी समुदाय में शामिल होना चाहता है। केंद्रीय सरना समिति, महिला मोर्चा की अध्यक्ष निशा भगत यह दावा करती हैं कि कुड़मी आदिवासी नहीं है। इनकी संस्कृति और व्यवहार कहीं से भी आदिवासियों से मेल नहीं खाते हैं। यह एक ऐसी जाति है, जो खुद को आदिवासियों से ऊपर समझती है, लेकिन आज यह आदिवासियों के साथ आना चाहते हैं, इसके पीछे वजह सिर्फ यह है कि वे सरकारी सुविधाओं का लाभ उठाना चाह रहे हैं। वहीं गुंजल इकिर मुंडा का कहना है कि कुड़मी समाज को पहले यह तय कर लेना चाहिए कि वे चाहते क्या हैं? कई बार उनके बयान में विरोधाभास नजर आता है। कुड़मी समाज कई बार अपनी पहचान से ही संघर्ष करता नजर आता है, यह स्थिति बदलनी चाहिए। जहां तक बात आदिवासियों द्वारा उनके विरोध की है, तो संभवतः उन्हें यह प्रतीत होता है कि अगर कुड़मी एसटी सूची में शामिल हो गये, तो उनकी जमीन पर खतरा हो सकता है, जो आदिवासियों की सबसे बड़ी पूंजी है।

---

## घाटशिला उपचुनाव को लेकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में हुई बैठक, बनी रणनीति

# झामुमो प्रत्याशी की जीत ही रामदास सोरेन के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी : हेमंत सोरेन

**जेएमएम प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित करने का लिया संकल्प**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** मुख्यमंत्री सह केंद्रीय अध्यक्ष हेमंत सोरेन के रांची स्थित आवास पर शुक्रवार को घाटशिला विधानसभा उपचुनाव को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। इस बैठक में केंद्रीय महासचिव विनोद पांडेय, बहरागोड़ा विधायक समीर कुमार मोहंती, पोटका विधायक संजीव सरदार, जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी, पूर्व घाटशिला विधायक लक्ष्मण टुडू, और स्व. रामदास सोरेन के पुत्र सोमेश चंद्र सोरेन सहित कई वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

बैठक में उपचुनाव को लेकर गंभीरता से विचार-विमर्श किया गया। बूथ स्तर पर मजबूत रणनीति बनाने पर बल दिया गया। वक्ताओं ने स्पष्ट किया कि यदि इस चुनाव में विरोधी दल को हराना है, तो दोगुनी मेहनत करनी होगी।

विशेष रूप से, हर मतदाता को मतदान केंद्र तक पहुंचाने की ठोस व्यवस्था पर जोर दिया गया। केंद्रीय अध्यक्ष हेमंत सोरेन ने कहा कि इस उपचुनाव में झामुमो प्रत्याशी की जीत ही स्व. रामदास सोरेन के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

अंत में, उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं और नेताओं ने एक स्वर में हर संभव कोशिश और मेहनत कर पार्टी को विजय दिलाने का संकल्प लिया।

इस बैठक में प्रमुख रूप से जिला प्रमुख बागराय मार्डी, पूर्व जिला उपाध्यक्ष सागेन पूर्ति, पूर्व जिला युवा उपाध्यक्ष विक्टर सोरेन, पूर्व जिला कोषाध्यक्ष कालीपद गोराई, पूर्व केंद्रीय सदस्य कान्हू सामंत, मुसाबनी प्रखंड अध्यक्ष प्रधान सोरेन, घाटशिला प्रखंड अध्यक्ष दुर्गा चरण मुर्मू, गुड़बंदा प्रखंड अध्यक्ष सुराय टुडू, धलभुमगढ़ प्रखंड अध्यक्ष अर्जुन चंद्र हांसदा आदि की सक्रिय भागीदारी रही।

# मोदी सरकार ने पाट के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में वृद्धि की घोषणा की है



मोदी सरकार 6 पाट उत्पादक राज्यों में 110 क्रय केन्द्रों और जेसीआई के 14 क्षेत्रीय कार्यालयों के माध्यम से किसानों को एमएसपी सहायता देती है।

"हमारी सरकार ने पाट उत्पादक किसानों के हित में एक बड़ा कदम उठाया है। वर्ष 2025-26 के लिए कच्चे पाट के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में वृद्धि को मंजूरी दी गई है। इससे देश के कई राज्यों में इस क्षेत्र से जुड़े लाखों किसानों को लाभ होगा।"
— श्री नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री

## एमएसपी दर - वर्ष 2025-26

2025-2026 फसल मौसम के लिए पूरे भारत में कच्चे पाट मेस्टा और बिमली की विभिन्न किस्मों और ग्रेडों के लिए निर्धारित न्यूनतम समर्थन मूल्य इस प्रकार हैं:

पूरे भारत में

| वेरायटी | ग्रेड ⇨ | टीडी-1/डब्ल्यू1 | टीडी-2/डब्ल्यू2 | टीडी-3/डब्ल्यू3 | टीडी-4/डब्ल्यू 4 | टीडी-5/डब्ल्यू 5 | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| तोसा/व्हाईट | ₹ / क्विंटल | 6350 | 6150 | 5650 | 5125 | 4875 | |
| वेरायटी | ग्रेड ⇨ | एम1/ ओ.टॉप | एम2/ एस.मिड | एम3/ मिड | एम4/ बॉट | एम5/ बी.बॉट | एम6/ एक्स-बॉट |
| मेस्ता / बिमली | ₹ / क्विंटल | 4135 | 3985 | 3860 | 3760 | 3660 | 3560 |

## मोदी सरकार पाट किसानों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध

- 10 वर्षों में न्यूनतम समर्थन मूल्य में 135% की वृद्धि। वित्तीय वर्ष 2014-15 में ₹2400 प्रति क्विंटल की तुलना में वित्तीय वर्ष 2025-26 में ₹5650 प्रति क्विंटल की वृद्धि।
- नए राज्यों - नागालैंड, मेघालय, झारखंड में न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) लागू किया गया।
- किसानों को 3 कार्यदिवसों के भीतर भुगतान का वितरण।

मोदी सरकार 11 वर्षों से पाट कृषि विकास परियोजना जूट आई-केयर चला रही है।

- सब्सिडी वाले (50%) उच्च उपज वाले प्रमाणित बीजों का वितरण
- किसानों को आधुनिक कृषि उपकरणों का नि:शुल्क वितरण
- रेटिंग एक्सेलरेटर का नि:शुल्क वितरण
- नि:शुल्क प्रदर्शन और जागरूकता कार्यक्रम
- 2015 से 5.6 लाख किसानों को लाभ और 2.15 लाख हेक्टेयर भूमि को किया जा रहा है कवर





मोदी सरकार ने पाट मित्रो ऐप लॉन्च किया है जो आपको ये सुविधाएँ प्रदान करेगा:

- एमएसपी दरें और खरीद केंद्रों की जानकारी।
- कृषि संबंधी सलाह।
- मौसम संबंधी अपडेट।
- पाट के गुणवत्ता मानदंड।
- खरीद के बाद भुगतान की स्थिति।

### पिछले दो दशकों के बीच भारत सरकार की एमएसपी खरीद की तुलना
(2005-2014 : 2015-2024)

| 2005-2014 | | 2015-2024 | |
|---|---|---|---|
| मात्रा (लगभग लाख गांठों में) | मूल्य (करोड़ रुपये में) | मात्रा (लगभग लाख गांठों में) | मूल्य (करोड़ रुपये में) |
| 15 | 380 | 18 | 1345 |

দ্য জুট কর্পোরেশন অফ ইন্ডিয়া লিমিটেড
বস্ত্র মন্ত্রালয়ের অন্তর্গত ভারত সরকারের একটি সংস্থা
भारतीय पटसन निगम लिमिटेड
वस्त्र मंत्रालय के अंतर्गत भारत सरकार की एक संस्था
The Jute Corporation of India Limited
A Government of India CPSE under Ministry of Textiles

कच्चे पाट में एमएसपी के लिए केंद्रीय नोडल एजेंसी

मुख्यालय: पटसन भवन, तीसरी और चौथी मंजिल, ब्लॉक-सीएफ, एक्शन एरिया - 1, न्यू टाउन, कोलकाता - 700156,
फ़ोन: (033) 2252 1100 / 6720 / 6770 / 7107 / 7109
फैक्स: (033) 2252 1771. ईमेल: jci@jcimail.in www.jutecorp.in

CBC 41122/15/0018/2526






आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 20 सितंबर, 2025
www.azadsipahi.in




**कंट्री क्रिकेट क्लब चुनाव : टीम भानु ने जारी किया चुनावी घोषणा पत्र**

# क्लब के कर्मचारियों का भी करेंगे भला : भानु प्रताप सिंह



**टीम भानु की छह घोषणाएं**

- सदस्यता अधिकार और पारिवारिक सहभागिता
- खेल और मनोरंजन में उत्कृष्टता
- सांस्कृतिक और सामाजिक सहभागिता
- उन्नत सदस्य सेवाएं और संपर्क सुविधा
- डिजिटल रूपांतरण और संचार
- पारदर्शिता और सदस्य केंद्रित प्रबंधन

**21 को होगा चुनाव, 839 सदस्य डालेंगे वोट**

जेएससीए इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम धुर्वा में 21 सितंबर को चुनाव होगा। दिन के एक बजे से वोट डाले जायेंगे। 839 सदस्य मतदान कर टीम भानु और सुनील साहू के भाग्य का फैसला करेंगे। मतदान शाम पांच बजे तक चलेगा। इसके बाद मतगणना कर विजयी प्रत्याशियों की घोषणा की जायेगी। चुनाव की तैयारी अंतिम चरण में है।

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** कंट्री क्रिकेट क्लब चुनाव को लेकर टीम भानु ने शुक्रवार को चुनावी घोषणापत्र जारी किया। साथ ही कहा कि टीम के 13 सदस्य पूरी तरह से समर्पित होकर क्लब के विकास को गति देंगे। सदस्यों के मान-सम्मान में कोई कमी नहीं होगी। सभी का पूरा ख्याल रखा जायेगा। भानु प्रताप सिंह ने कहा कि क्लब में कार्यरत 126 स्थायी और अस्थायी कर्मचारियों की भलाई के लिए सार्थक कदम उठायेंगे। उचित मानदेय तो देंगे ही, साथ ही उनके बच्चों के शिक्षा आदि का भी समुचित प्रबंध करेंगे। प्रेस क्लब में हुए संवाददाता सम्मेलन में अध्यक्ष पद के उम्मीदवार भानु प्रताप सिंह सहित सभी 12 प्रत्याशी पत्रकारों से रूबरू हुए। जीत का दावा करते हुए कहा कि हमारी टीम डायनेमिक है। ज्यादातर सदस्यों का समर्थन भी मिल रहा है। इससे पूरा उम्मीद है कि चुनाव हम ही जीतेंगे। भानु प्रताप सिंह ने बताया कि टीम में पांच पुराने सदस्य हैं, जो 2023-25 में विजयी होकर योगदान दे चुकें हैं। इनके अनुभव का लाभ हमें मिलेगा। पांचों ने अपने कार्यकाल में बहुत ही बेहतर काम किया है। बावजूद इसके जो भी कमी रह गयी है, उसे हमारी टीम प्रमुखता से पूरी करेगी। मौके पर अन्य उम्मीदवारों ने भी किये जाने वाले कार्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। साथ ही कहा कि क्लब के विकास को लेकर सभी दृढ़ संकल्पित हैं। किसी भी हाल में क्लब को राजनीति अखाड़ा नहीं बनने देंगे।

इस मौके पर इंद्रा सरकार, अर्चित आनंद, विभूति भूषण प्रसाद अमर, सपन कुमार शाहा, सुशील कुमार, मनीष, आनटिया, मुकेश झा, नितिन कुमार सरार्फ, राजन कुमार साहू, राजीव रंजन, राजेश सिंह, ऋषि आजातशत्रु नाथ शाहदेव मौजूद थे।

# वाइबीएन विश्वविद्यालय में फ्रेशर्स डे का आयोजन



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** वाइबीएन विश्वविद्यालय में शुक्रवार को फ्रेशर्स डे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के आठ स्कूलों (लॉ, साइंस, कॉमर्स एंड मैनेजमेंट लाइब्रेरी साइंस, पैरामेडिकल, इंजीनियरिंग, आर्ट्स एंड ह्यूमैनिटीज, फिजियोथेरेपी, एग्रीकल्चर इत्यादि) के नये छात्रों का स्वागत किया गया। विश्वविद्यालय के चेयरमेन रामजी यादव और वाइस चांसलर डॉ. सत्यदेव पोद्दार ने दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम की शुरूआत की। कार्यक्रम में छात्रों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। मिस्टर एंड मिस फ्रेशर का भी चयन किया गया। मिस फ्रेशर का खिताब नफीसा अली ने जीता और मिस्टर फ्रेशर का खिताब एलेन रॉजर तिर्की ने जीता। विश्वविद्यालय की सीएमडी डॉ अंकिता यादव ने इस कार्यक्रम में छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के चेयरमेन ने कहा कि फ्रेशर्स डे एक महत्वपूर्ण अवसर है। जब हम नये छात्रों का स्वागत करते हैं, और उन्हें विश्वविद्यालय के जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते हैं। फ्रेशर्स डे का आयोजन वाइबीएन विश्वविद्यालय में छात्रों के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है। इसमें वे अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकते हैं, और अपने उज्ज्वल भविष्य की दिशा में कदम बढ़ा सकते हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में विश्वविद्यालय की कल्चरल कमिटी की चेयरपर्सन डॉ रूपा सिन्हा, कॉर्डिनेटर रचना कुमारी और सदस्य निकिता तिवारी, डॉ मधुमंती, मिस अभिलाषा और सभी विभाग प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से अपना भरपूर योगदान दिया।

# एसबीयू में हिंदी दिवस का आयोजन



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सरला बिरला विश्वविद्यालय में योग एवं नेचुरोपैथी विज्ञान विभाग और फाइन आर्ट्स विभाग द्वारा संयुक्त रूप से भारतीय ज्ञान परंपरा के तत्वावधान में हिंदी दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रो नीलिमा पाठक ने हिंदी के महत्व को रेखांकित करते हुए देश-विदेश में इसकी बढ़ती स्वीकार्यता पर अपना विचार प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. अर्चना मौर्या और स्वागत भाषण डॉ. राधा माधव झा ने किया। कार्यक्रम के अवसर पर अंजना कुमारी सिंह, डॉ स्वातिलेखा, सुजीत सेनगुप्ता, स्पर्श उपाध्याय, वीरेंद्र बेदिया, पंकज केसरी और विश्वविद्यालय के विद्यार्थी उपस्थित रहे। हिंदी दिवस के अवसर पर एसबीयू में कार्यक्रम के आयोजन पर विवि के प्रतिकुलाधिपति बिजय कुमार दलान, राज्यसभा सांसद डॉ प्रदीप कुमार वर्मा, महानिदेशक प्रो गोपाल पाठक एवं कुलपति प्रो सी जगनाथन ने हर्ष व्यक्त किया है।

# रांची जिला स्कूल मैदान में दिखेगा गुजरात के स्वामी नारायण मंदिर का भव्य प्रारूप

**24 सितंबर को श्री श्याम बाबा का भव्य संकीर्तन और डांडिया नाइट का आयोजन**



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** श्री रामलला दुर्गा पूजा समिति की ओर से रांची जिला स्कूल मैदान में इस वर्ष गुजरात के भुज स्थित स्वामी नारायण मंदिर का एक भव्य प्रारुप बनाया जा रहा है। इसमें भगवान विष्णु के भिन्न रूपो को दर्शाया जायेगा। शुक्रवार को समिति के सचिव कुणाल अजमानी ने बताया कि यह पडाल बिल्कुल संगमरमर की तरह सफेद दिन में दिखेगा साथ ही रात्रि में अद्भुत लाइटों से पंडाल का कलर चेंज होगा जो श्रद्धालुओ को आकर्षित करेगा। उन्होंने कहा कि सभी श्रद्धालु और भक्तों का विशेष ख्याल रखते हुए अपने निजी सुरक्षाकर्मी और वालंटियर की मदद से लोगों को सुलभ दर्शन करायेंगे। जिला स्कूल के मैदान में आगामी 24 सितंबर 2025 को डांडिया नाइट एवं खाटु वाले श्री श्याम बाबा के भजनों की संध्या का आयोजन रखा गया है। कार्यक्रम संयोजक कमलेश शर्मा और भाविन राठौर ने बताया कि दशहरे के उपलक्ष पर गरबा और डांडिया का आयोजन निरंतर होता आया है। ऐसे में पहली बार किसी पूजा समिति द्वारा इसका आयोजन किया जा रहा है। समिति के कोषाध्यक्ष प्रकाश धेलिया ने बताया की इस अवसर पर भजनों के सम्राट प्रकाश मिश्रा जो कोलकता से पधारेंगे साथ ही रांची के पवन शर्मा द्वारा श्री श्याम बाबा के भजनों के माध्यम से लोगों को अमृतपान करायेंगे।

कार्यक्रम संयोजक भाविन राठौर ने बताया 24 सितंबर को शाम को श्री श्याम बाबा की ज्योत के संग भजनों के साथ डांडिया उत्सव का आयोजन प्रारंभ हो जायेगा। यह कार्यक्रम रात्रि 10:00 बजे तक ही चलेगा। इस अवसर पर शहर की धार्मिक, सामाजिक और व्यापारिक संस्थाओं सहित प्रशासनिक और विशिष्ट व्यक्तियों को आमंत्रण दिया जा रहा है। डांडिया कार्यक्रम में पास के द्वारा प्रवेश रखा गया है। अतिथियों सहित विशिष्ट लोगो सहित मुख्य रूप से महिलाओं के लिए बैठने की अतिरिक्त व्यवस्था रखी गयी है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अध्यक्ष अशोक चौधरी, सचिव कुणाल अजमानी, कोषाध्यक्ष प्रकाश धेलिया, प्रवक्ता प्रमोद सारस्वत, संयोजक कमलेश शर्मा, भाविन राठौर, राज सिंह मनीष लोधा, अनिल गोयल, जीतेन्द्र वर्मा, शशिकेश, बादल सिंह, मनीष सेठी, गौरव विजय, चित्रा शर्मा,आराधना झा,नीलम चौधरी, संजय अग्रवाल, अमन सेठिया दीपक चौधरी, डॉ दिलीप सोनी,अनिल चौधरी,रवि प्रकाश टुन्ना, निर्मल जालान, पवन शर्मा,अनिल चौधरी, सोनू भारद्वाज सहित अन्य लोग शामिल हैं।

# जीडी गोयनका स्कूल में ग्रैंडपेरेंट्स डे की धूम



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल, रांची में ग्रैंडपेरेंट्स डे बड़े हर्षोल्लास से मनाया गया। इस अवसर पर नर्सरी से कक्षा 2 तक के विद्यार्थियों के दादा-दादी और नाना-नानी को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत अतिथि स्वरूप आये दादा-दादी और नाना-नानी को तिलक लगाकर स्वागत करने से हुई। इसके बाद नन्हें-मुन्ने बच्चों ने गीत, नृत्य और कविताओं की रंगारंग प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया। ग्रैंडपेरेंट्स के लिए विशेष खेल प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया, जिसमें उन्होंने उत्साहपूर्वक भाग लिया और बच्चों के साथ खूब आनंद उठाया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य डॉ. सुनील कुमार ने कहा कि दादा-दादी और नाना-नानी बच्चों के जीवन के सच्चे मार्गदर्शक होते हैं। विद्यालय की हेड मिस्ट्रेस रूमा सेन गुप्ता ने कहा कि दादा-दादी और नाना-नानी परिवार की वह नींव हैं जो बच्चों को संस्कार, परंपरा और जीवन मूल्य प्रदान करते हैं। उन्होंने इस दिन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को अपने बड़ों का सम्मान करने की प्रेरणा दी। अंत में दादा-दादी और नाना-नानी ने अपने अनुभव साझा किये और विद्यालय परिवार का आभार व्यक्त किया। पूरा वातावरण स्नेह, उत्साह और उल्लास से गूंज उठा।

# संगोष्ठी में छात्रों ने रोजगार पलायन पर जतायी चिंता



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) ने शुक्रवार को शहीद स्मृति सभागार, सेंट्रल लाइब्रेरी में वर्तमान झारखंड में युवाओं की भूमिका विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया। इस अवसर पर झारखंड आंदोलनकारी और आजसू पार्टी के मुख्य प्रवक्ता देवशरण भगत मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। संगोष्ठी में उपस्थित विभिन्न कॉलेजों के छात्रों ने राज्य में रोजगार और पलायन को लेकर गहरी चिंता प्रकट की। इसके अलावा झारखंड की सामाजिक, शैक्षणिक और राजनीतिक परिस्थितियों पर गहन विचार-विमर्श हुआ। वक्ताओं ने बेरोजगारी, पलायन, कॉलेज और विश्वविद्यालयों में मूलभूत सुविधाओं की कमी, छात्र संघ चुनाव, शिक्षकों की कमी और युवाओं की राजनीतिक भागीदारी जैसे मुद्दों पर अपने विचार रखा। साथ ही इनके समाधान के लिए ठोस पहल की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता आजसू छात्र संघ अध्यक्ष ओम वर्मा ने की।

मौके पर कार्यकारी अध्यक्ष बबलू महतो, वरिष्ठ उपाध्यक्ष ऋतुराज शाहदेव, ज्योत्स्ना केरकेट्टा, रोहित, दीपक प्रताप सिंह, अमन साहू, रोशन नायक, सक्षम झा, रवि रोशन, अंजू तिर्की सहित अन्य उपस्थित थे। सभी ने युवाओं को राज्य निर्माण की दिशा में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में विभिन्न कॉलेजों और विश्वविद्यालयों से आए कई छात्र-छात्राओं ने कार्यक्रम में भाग लेकर अपनी समस्याओं और सुझावों को साझा किया। संवाद के माध्यम से युवाओं ने झारखंड के सामाजिक और राजनीतिक परिदृश्य में अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने का संकल्प व्यक्त किया। वहीं संगोष्ठी का मुख्य उद्देश्य युवाओं को समाज और राज्य के विकास में अग्रणी भूमिका निभाने के लिए प्रेरित करना था।

**राकेश रंजन ने रांची के 74वें वरीय पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) का कार्यभार संभाला**

# अपराध नियंत्रण और ट्रैफिक पर रहेगा विशेष जोर : राकेश रंजन



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** 2017 बैच के आइपीएस अधिकारी राकेश रंजन ने शुक्रवार को रांची के 74वें वरीय पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) का कार्यभार संभाल लिया है। रांची के निवर्तमान डीआइजी सह एसएसपी चंदन सिन्हा ने उन्हें पदभार सौंपा और नयी जिम्मेदारी के लिए बधाई दी। पदभार ग्रहण करने के बाद राकेश रंजन ने कहा कि चंदन सिन्हा के नेतृत्व में रांची पुलिस ने बेहतर कार्य किया है। इसी को आगे बढ़ाया जायेगा। उन्होंने कहा कि रांची जैसी राजधानी में काम करना एक बड़ी चुनौती है और वे इस चुनौती को पूरा करने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। उन्होंने बताया कि सरकार ने जो जिम्मेदारी उन्हें सौंपी है, उसे वे पूरी निष्ठा और लगन के साथ निभायेंगे। नये एसएसपी ने अपराध नियंत्रण को अपनी पहली प्राथमिकता बताया। उन्होंने कहा कि राजधानी में छोटे से छोटे और बड़े से बड़े सभी आपराधिक मामलों पर लगाम कसना बेहद जरूरी है। इसके लिए सभी थानेदारों को विशेष टास्क दिये जायेंगे ताकि अपराध पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया जा सके। इसके साथ ही, उन्होंने ट्रैफिक व्यवस्था को दुरुस्त करने पर भी विशेष ध्यान देने की बात कही। उन्होंने कहा कि शहर की ट्रैफिक व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए हर संभव कोशिश की जायेगी, ताकि लोगों को जाम से राहत मिल सके। राकेश रंजन ने रांची की जनता को आश्वस्त करते हुए कहा कि वे 24 घंटे उनके लिए उपलब्ध हैं। उन्होंने कहा कि उनका मोबाइल फोन हमेशा ऑन रहता है, और कोई भी व्यक्ति किसी भी समय उनसे सीधे संपर्क कर सहायता प्राप्त कर सकता है। उन्होंने जनता से बेहतर पुलिसिंग में सहयोग करने की अपील भी की। एसएसपी ने यह भी कहा कि रांची पुलिस ने जो अच्छे काम किये हैं, उन्हें आगे बढ़ाने का काम जारी रहेगा। उनका एकमात्र लक्ष्य जनता को सुरक्षित और बेहतर पुलिसिंग का अनुभव देना है।

## महत्वपूर्ण खबरें

### छोटे-छोटे उद्योग लगा कर लोग आत्मनिर्भर बन रहे हैं : सुरेश बैठा



रांची (आजाद सिपाही)। आज के दौर में युवा लोकल फॉर वोकल हो रहे हैं। ऐसे में अभिजीत गांगुली कांके ही नहीं बल्कि झारखंड व देश में एक चमकता नाम है, जो गांगुली मैन्युफैक्चरर्स नामक लघु व्यवसाय कर अन्य लोगों को भी रोजगार दे रहे हैं। खुद हाउस व ऑफिस क्लीनिंग के सारे उत्पाद को अपने से बना कर बेचने का प्रयास कर रहे हैं। इसके साथ ही लोगों से ये आग्रह कर रहे हैं कि लोग दूसरों की नौकरी करने के बजाय उनके उत्पाद का डिस्ट्रीब्यूटर बन कर खुद का बॉस बनें। इसके लिए ऑफर भी शुरू किया है। इस गांगुली मैन्युफैक्चरर्स का उद्घाटन विश्वकर्मा पूजा के अवसर पर कांके विधायक सुरेश बैठा ने फीता काट कर किया। विधायक ने कहा कि युवाओं को इनसे सीख लेनी चाहिए और आगे चलकर यह छोटे-छोटे उद्योग लगाकर लोग आत्मनिर्भर बन रहे हैं, और कई लोगों को रोजगार दे रहे हैं। इस संबंध में अभिजीत गांगुली बताते हैं कि कोई भी युवा या छोटे व्यवसायी जो अपना उद्योग कम पूंजी में शुरू करना चाहते हैं। उसमें गांगुली मैन्युफैक्चरर्स की ओर से प्रचार-प्रसार और मार्केट भी उपलब्ध कराया जायेगा।

### घासी समाज को आदिवासी का दर्जा मिले नहीं तो होगा आंदोलन : मुकेश नायक



रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड में घासी समाज ने अनुसूचित जनजाति का दर्जा पुन: बहाल करने की मांग उठायी है। इस संबंध में घासी समाज युवा कल्याण संगठन, झारखंड प्रदेश कमेटी ने कहा है कि यदि सरकार ने उनकी मांगों को शीघ्र पूरा नहीं किया, तो समाज सड़कों पर उतरकर आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा। संगठन के युवा अध्यक्ष टाइगर संदीप नायक और मुकेश कुमार नायक ने कहा कि घासी जाति ऐतिहासिक रूप से आदिवासी समाज का हिस्सा रही है। वर्ष 1931 से पहले घासी समुदाय को अनुसूचित जनजाति की सूची में शामिल किया गया था, लेकिन स्वतंत्रता के बाद 1950 की अधिसूचना में बिना किसी स्पष्ट कारण के इस समाज को अनुसूचित जाति की सूची में डाल दिया गया, जो घासी समाज के साथ घोर अन्याय है। मुकेश नायक ने बताया कि घासी समाज झारखंड का मूलवासी समुदाय है, जिसकी अपनी विशिष्ट परंपराएं, संस्कार और संस्कृति रही है। उनकी सामाजिक-आर्थिक स्थिति आज भी बेहद पिछड़ी हुई है। उन्होंने कहा कि हमारे समाज के रीति-रिवाज मुंडा, उरांव, संथाल और खड़िया की तरह ही जनजातीय परंपराओं से जुड़े हैं। भूमि, उत्तराधिकार और पारिवारिक परंपराओं में भी हम हमेशा से आदिवासी ढांचे का हिस्सा रहे हैं, लेकिन अनुसूचित जाति में शामिल करने से समाज को शिक्षा, राजनीति और रोजगार के क्षेत्र में निरंतर उपेक्षा झेलनी पड़ रही है। संगठन ने भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम 1865 का हवाला देते हुए कहा कि ब्रिटिश शासनकाल में ही घासी समाज को आदिवासी मानते हुए अधिनियम की कई धाराओं से छूट दी गयी थी। इसके बावजूद स्वतंत्र भारत में घासी समाज को आदिवासी से हटाकर अनुसूचित जाति की श्रेणी में डालना ऐतिहासिक भूल है। अन्य राज्यों में घासी जाती आदिवासी हैं, राजस्थान, ओड़िशा, छत्तीसगढ़, असम में घासी आदिवासी की दर्जा में हैं, लेकिन बिहार राज्य के समय से लंबे समय से घासी समाज अपनी मांग कर रहे। इस आंदोलन को पद्मश्री मुकुंद नायक और पद्मश्री महावीर नायक का भी समर्थन मिला है।

### सांसद महुआ माजी ने सामुदायिक भवन का शिलान्यास किया



रांची (आजाद सिपाही)। वार्ड संख्या 18 में विकास कार्यों को आगे बढ़ाते हुए शुक्रवार को नवनिर्मित सामुदायिक भवन का शिलान्यास राज्यसभा सांसद महुआ माजी के द्वारा किया गया। शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान सांसद महुआ माजी ने कहा कि क्षेत्र के विकास और आम नागरिकों की सुविधाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि रांची के हर वार्ड में आवश्यक आधारभूत संरचनाओं को मजबूत करने के लिए लगातार कार्य किये जायेंगे। इस मौके पर विक्की लोहारा, कुसुम, अक्का, सांसद प्रतिनिधि सोमवित माजी सहित वार्ड 18 के सम्मानित नागरिक उपस्थित रहे।

### वाइबीएन विवि ने स्वच्छता अभियान चलाया



रांची (आजाद सिपाही)। राजकृत मध्य विद्यालय राजा उलातू में वाइबीएन यूनिवर्सिटी, रांची के तत्वावधान में राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया। जिसमें राजकृत मध्य विद्यालय के प्राचार्य आलोक और उनके विद्यार्थियों के भरपूर सहयोग से पूरे कैंपस में स्वच्छता अभियान चलाया। विद्यालय के प्राचार्य ने कहा कि स्वच्छता के जरिए ही हम अपने स्वास्थ्य को सवार सकते हैं, इसलिए स्वच्छता अभियान की जागरूकता गांव-गांव में जरूरी है। इस अवसर पर एनएसएस समन्वयक डॉक्टर कौशल किशोर, दीप्ति शामिल हुईं।

### रहमतुल्लाह अंसारी बनाये गये मोमिन कॉन्फ्रेंस के जिला उपाध्यक्ष



रांची (आजाद सिपाही)। सीठियो निवासी रहमतुल्ला अंसारी को रांची जिला मोमिन कॉन्फ्रेंस का उपाध्यक्ष बनाया गया। उपाध्यक्ष मोनोनीत होने के बाद मोमिन कॉन्फ्रेंस के राष्ट्रीय अध्यक्ष शमीम अख्तर आजाद के हाथों एक कार्यक्रम के दौरान रहमतुल्ला अंसारी को प्रमाण पत्र भी प्रदान किया गया। यह कार्यक्रम रांची के मेंन रोड स्थित अंजुमन प्लाजा के मौलाना आजाद हाल में आयोजित किया गया था। इस संबंध में रहमतुल्ला अंसारी ने बताया कि हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष फिरोज अहमद अंसारी, प्रदेश अध्यक्ष आबिद अली और रांची जिला अध्यक्ष शमीम अख्तर आजाद ने बहुत उम्मीद से यह दायित्व मुझे सौंपा है। मोमिन कॉन्फ्रेंस की भलाई और तरक्की के लिए वह हर संभव प्रयास करेंगे।उन्होंने यह भी कहा कि जिन क्षेत्रों में कॉन्फ्रेंस द्वारा अभी तक कोई कार्य नहीं किया गया है, वह उन क्षेत्रों का भ्रमण कर वहां के लोगों की समस्याएं जानेंगे और उन्हें दूर करने का भी प्रयास करेंगे।





## महत्वपूर्ण खबरें

### डीएसपीएमयू में लको बोदरा की जयंती मनायी गयी



रांची (आजाद सिपाही)। डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय में ओत गुरु लको बोदरा की 106वीं जयंती मनायी गयी। इस अवसर पर हो भाषा विभाग के पीजी छात्र-छात्राओं ने स्वागत गीत के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया। लको बोदरा ने अपने जीवन को हो भाषा और लिपि के विकास के लिए समर्पित किया। इस मौके पर डॉ. जिंदर सिंह मुंडा ने कहा है कि लको बोदरा ने हो भाषा को एक नयी पहचान दिलायी। डॉ. विनोद कुमार ने कहा कि लको बोदरा ने वारङचिति लिपि का आविष्कार कर हो भाषा को एक नयी दिशा दिखायी। डॉ सरस्वती गागराई ने कहा कि लको बोदरा को लिपि खोजने की प्रेरणा मिडिल स्कूल पूर्णिया में पढ़ने के दौरान प्राप्त हुआ। सुरेश हेस्सा ने लको बोदरा के परिवार वृक्ष पर प्रकाश डाला। मंच संचालन पूर्ववर्ती छात्र सिकंदर होनहागा ने किया। कार्यक्रम में कुड़ुख विभाग, संताली विभाग, खड़िया विभाग, नागपुरी विभाग और संस्कृत विभाग के शिक्षक और छात्र उपस्थित थे।

### शंकर दुबे ने जरूरतमंदों के बीच मनाया पीएम मोदी का जन्मदिन



रांची (आजाद सिपाही)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर पूरे देश में भाजपा कार्यकर्ताओं ने उत्साह के साथ जश्न मनाया। झारखंड की राजधानी रांची में भी भाजपा कार्यकर्ता और शंकरा हेल्पिंग हैंड फाउंडेशन के संस्थापक शंकर दुबे ने इस विशेष दिन को सेवा कार्यों के माध्यम से मनाते हुए अनोखी मिसाल पेश की। शंकर दुबे ने इस मौके पर बडगाई ब्लाइंड बालिका गर्ल्स स्कूल, चेशायर होम दिव्यांग केंद्र, डोरंडा ओवरब्रिज स्थित अनाथाश्रम और संत मिख्याल ब्लाइंड स्कूल में जाकर बच्चों को टी-शर्ट और भोजन वितरित किया। वहीं वृद्धाश्रम में बुजुर्गों को शॉल ओढ़ाकर और भोजन कराकर सम्मानित किया। इस अवसर पर शंकर दुबे ने कहा कि हम सौभाग्यशाली हैं कि भारत भूमि पर नरेंद्र मोदी जैसे सपूत का जन्म हुआ। उन्होंने गरीबों के कल्याण और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण के लिए खुद को समर्पित कर दिया है। विश्व पटल पर आज भारत का गौरव जिस ऊंचाई पर पहुंचा है। उसका श्रेय प्रधानमंत्री को जाता है। हम ईश्वर से उनकी लंबी आयु और उत्तम स्वास्थ्य की कामना करते हैं, ताकि वे निरंतर मां भारती की सेवा करते रहें। कार्यक्रम में भाजपा कार्यकर्ता और समाजसेवी सिद्धांत श्रीवास्तव, आकाश कुमार दुबे, राहुल सिन्हा चंकी सहित कई युवाओं ने सहयोग दिया। जरूरतमंदों के बीच बांटी गयी यह मुस्कान ही साबित करती है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन मनाने का सबसे बड़ा संदेश सेवा ही सच्चा उत्सव है।

### इतवारी दिवाली फेस्टिवल स्पेशल ट्रेन का परिचालन 17 अक्टूबर से

रांची (आजाद सिपाही)। दिवाली त्योहार के अवसर पर ट्रेनों में अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए यात्रियों की सुविधा के लिए ट्रेन संख्या 08875/08876 नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी- धनबाद - नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी दिवाली फेस्टिवल स्पेशल (वाया - रांची) का परिचालन होगा। ट्रेन संख्या 08875 नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी - धनबाद दिवाली फेस्टिवल स्पेशल (वाया - रांची), 17/10/2025 (शुक्रवार) को नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी से प्रस्थान करेगी (केवल 01 ट्रिप)। इस ट्रेन का नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी प्रस्थान (शुक्रवार) 20:00 बजे, गोंदिया आगमन 21:45 बजे प्रस्थान 21:55 बजे, रायपुर आगमन 01:20 बजे प्रस्थान 01:25 बजे, बिलासपुर आगमन 03:30 बजे प्रस्थान 03:40 बजे, राउरकेला आगमन 08:35 बजे प्रस्थान 08:45 बजे, हटिया आगमन (शनिवार) 12:15 बजे प्रस्थान 12:20 बजे, रांची आगमन (शनिवार) 12:35 बजे प्रस्थान 12:40 बजे, मूरी आगमन (शनिवार) 13:55 बजे प्रस्थान 14:00 बजे, बोकारो स्टील सिटी आगमन 15:10 बजे प्रस्थान 15:15 बजे एवं धनबाद आगमन (शनिवार) 17:15 बजे। ट्रेन संख्या 08876 धनबाद - नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी दिवाली फेस्टिवल स्पेशल (वाया - रांची), यात्रा प्रारंभ दिनांक 18/10/2025 (शनिवार) को धनबाद से प्रस्थान करेगी (केवल 01 ट्रिप)। इस ट्रेन का धनबाद प्रस्थान (शनिवार) 18:45 बजे, बोकारो स्टील सिटी आगमन 22:10 बजे प्रस्थान 22:15 बजे, मूरी आगमन (शनिवार) 23:18 बजे प्रस्थान 23:20 बजे, रांची आगमन (रविवार) 00:30 बजे प्रस्थान 00:35 बजे, हटिया आगमन (रविवार) 00:50 बजे प्रस्थान 00:55 बजे, राउरकेला आगमन 04:10 बजे प्रस्थान 04:20 बजे, बिलासपुर आगमन 11:10 बजे प्रस्थान 11:20 बजे, रायपुर आगमन 12:55 बजे प्रस्थान 13:00 बजे, गोंदिया आगमन 15:48 बजे प्रस्थान 15:58 बजे एवं नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी आगमन (रविवार) 19:15 बजे होगा। इन ट्रेनों में एसएलआरडी के 02 कोच, सामान्य श्रेणी के 05 कोच, द्वितीय श्रेणी स्लीपर के 10 कोच, वातानुकूलित 3-टियर के 02 कोच एवं वातानुकूलित 2 - टियर का 01 कोच, कुल 20 कोच होंगे।

# गुरु नानक स्कूल ऑडिटोरियम में सुर धारा संगीत सरिता का आयोजन कल

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** सुर धारा संगीत सरिता और हार्मनी इवेंट ऑफ स्कूल के द्वारा 21 सितंबर को लता मंगेशकर के जन्मदिन के पूर्व एक बृहद कार्यक्रम का आयोजन गुरु नानक स्कूल ऑडिटोरियम में किया जा रहा है।

इसमें रांची के विभिन्न क्षेत्र से सिंगर वा समाजसेवी आ रहे हैं। इस संगीत कार्यक्रम के साथ सम्मान समारोह भी रखा गया है। विशेष रूप से इसमें हार्मनी इवेंट ऑफ स्कूल के बच्चे पार्टिसिपेट कर रहे हैं, जो लता मांगेशकर को श्रद्धांजलि देंगे। उनके बर्थडे पर केक काटा जायेगा। स्कूल के टीचर्स राज सिल्वेस्टर और



श्रीकांत वर्मा भी बच्चों के साथ मेहनत कर रहे हैं। यह जानकारी संगीत सरिता की फाउंडर और संस्थापक हार्मनी स्कूल ऑफ इवेंट्स की टी-सीरीज आर्टिस्ट बिना श्री ने दी।

# चैंबर चुनाव प्रचार का अंतिम दिन : दोनों टीमों ने झोंकी ताकत





### दौरा और बैठक कर समर्थन जुटाने में लगे रहे प्रत्याशी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** चैंबर चुनाव प्रचार के अंतिम दिन शुक्रवार को टीम तुलसी और आदित्य मल्होत्रा के प्रत्याशियों ने पूरी ताकत झोंक दी। विभिन्न व्यापारिक क्षेत्रों का दौरा कर समर्थन जुटाने में लगे रहे। जोर-शोर से प्रचार-प्रसार किया। विजन साझा करते हुए चैंबर सदस्यों को भविष्य की योजनाओं से अवगत कराया। भरोसा दिलाया कि जीत सुनिश्चित होने पर चैंबर के विकास में महत्ती भूमिका अदा करेंगे। सरकार के साथ ताल-मेल बैठा कर व्यवसाय और उद्योग जगत के लिए बेहतर काम करेंगे। व्यापारियों की समस्याओं का समाधान करना पहली प्राथमिकता होगी।

**तुलसी ने कहा- राज्य में बनायेंगे व्यापारिक माहौल**

अध्यक्ष पद के उम्मीदवार तुलसी पटेल ने टीम सदस्यों के साथ विभिन्न व्यापारिक क्षेत्रों का जोर-शोर से दौरा किया। देर शाम तक समर्थन जुटाने में व्यस्त रहे। चैंबर सदस्यों के साथ बैठक कर जीत दिलाने की अपील की। विजन और योजनाओं से उन्हें अवगत कराया। भरोसा दिलाया कि टीम चुनाव जीत कर व्यापारियों की समस्याओं का त्वरित समाधान करेगी। सरकार के साथ बेहतर समन्वय स्थापित कर व्यापारिक माहौल को सरल और सुगम बनाया जायेगा। तुलसी पटेल ने कहा कि टीम के सदस्यों ने प्रचार अभियान में व्यापारी समुदाय से व्यापक समर्थन हासिल किया है। विश्वास है कि परिणाम पक्ष में रहेगा। टीम के सदस्यों ने कॉलिंग और मैसेजिंग के माध्यम से भी समर्थन जुटाने में लगे रहे। तुलसी पटेल, ज्योति कुमारी, राहुल साबू, विकास विजयवर्गीय, दीनदयाल वर्णवाल, अमित शर्मा, शैलेश अग्रवाल, प्रमोद कुमार श्रीवास्तव, विमल फोगला, अरुण भरतीया, नवीन गाड़ोदिया, मनोज मिश्रा, विकास झाझरिया, विनीता सिंघानिया, मोनिका गोयनका, विकास मोदी, कमलेश संचेती, संतोष अग्रवाल, सुमित कक्कड़, प्रकाश अग्रवाल समोता, कुलवंत सिंह सहित बड़ी संख्या में चैंबर सदस्य और व्यापारी दौरे में शामिल थे।

**आदित्य मल्होत्रा ने कहा- झारखंड को अनुकूल राज्य के रूप दिलायेंगे पहचान**


टीम आदित्य मल्होत्रा ने भी जोर-शोर से प्रचार अभियान चलाया। चैंबर सदस्यों का ज्यादा से ज्यादा समर्थन जुटाने को पूरा दिन लगे रहे। व्यापारियों से मेल-मिलाप कर समर्थन की अपील की। साथ ही शहर के सामाजिक और व्यवसायिक संगठनों के साथ बैठक भी की। सभी से विजन, योजनाओं और संगठन को लेकर दृष्टिकोण साझा किया। अध्यक्ष पद के उम्मीदवार आदित्य मल्होत्रा ने कहा कि नये उद्यमियों और स्टार्टअप्स को प्रोत्साहित कर झारखंड को व्यवसाय अनुकूल राज्य के रूप में पहचान दिलायेंगे। चैंबर को एक सशक्त, आधुनिक और तकनीकी रूप से सक्षम संस्था बनाना है। उन्होंने कहा कि व्यापारियों की समस्याओं का त्वरित सामाधान किया जायेगा। टीम सरकार और उद्योग विभागों के साथ नियमित संवाद मंच स्थापित करेगी। टीम चैंबर की गरिमा को बनाये रखने के लिए कृतसंकल्प है। बैठक में पूर्व अध्यक्ष गिरीश मल्होत्रा, रंजीत टिबडेवाल, आरके सरावगी, अरुण बुधिया, सज्जन सर्राफ, मनोज नरेडी, कुणाल अजमानी, किशोर मंत्री, धीरज तनेजा आदि शामिल थे। मौके पर डॉ अभिषेक रामधीन, संजय अखौरी, नवजोत अलंग रूबल, रोहित अग्रवाल, रोहित पोद्दार, मनीष सराफ, मुकेश अग्रवाल, राम बांगड़, प्रवीण लोहिया, सुनील सरावगी, अनिल अग्रवाल, अमित अग्रवाल, सीए जेपी शर्मा, पूजा ढाढा, आस्था किरण, निधि झुनझुनवाला, नवीन जैन, अनीश बुधिया, अमित किशोर अग्रवाल ने इसमें बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया।

# जेसीआइ एक्सपो मेला के रंग हजार, बोलो क्या खरीदोगे

### गाड़ी से लेकर साड़ी तक सबकुछ मिल रहा सस्ते में

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** मोरहाबादी मैदान इन दिनों जेसीआइ के एक्सपो उत्सव मेला से गुलजार है। नौ हैंगरों में लगे देश-विदेशों के चार सौ स्टालों के क्या कहने। गाड़ी से लेकर साड़ी तक सब कुछ किफायत में मिल रहा है। इससे खरीदारो की भारी भीड़ उमड़ रही है। लोग जमकर खरददारी कर रहे। फूड कॉर्नर में खाने-पीने के स्टालों का अलग ही आकर्षण है। हर दिन विविध मनोरंजक कार्यक्रम भी हो रहे हैं। दिन चढ़ने से लेकर रात ढलने तक मेले की रौनक देखते ही बन रही है। शुक्रवार को चौथे दिन भी शॉपिंग करने वालों तांता सा



लगा रहा। **इन हैंगरों का है अलग आकर्षण :** मेले में वैसे तो स्टालों की भरमार है, जहां स्वदेशी से लेकर विदेशी समानों की बड़ी रेंज उपल्बध है। लेकिन चार हैंगरों की बात ही कुछ और है। वातानुकूलित हैंगर में स्टॉल्स किचेन गैलरी, सिंक और एप्लायंस, एक्वल सैनिटरी फिटिंग्स, रियल स्टेट, एयर कंडीशनर, टाटा पावर सोलर रुफ, वीआइपी बैग्स, टाइल्स, सोलर लाइट, डबलू पीसी डोर्स, विंडोज, क्यूबा हार्डवेयर फिटिंग्स, ग्रीनोवा प्लास्ट फर्नीचर, प्रीमियम फर्नीचर, प्रिंटर्स, होम डेकोर, स्पीकर्स, टीवी, कमर्शियल कूलर, दिशा जिप्सम, ऑफिस और कमर्शियल चेयर्स, सोफा, मुरादाबाद के आर्टिफैक्ट्स, तुर्की के कार्पेट, पेंटिंग्स, अफगानिस्तान के ड्राई फ्रूट्स, पंजाबी जूती,राजस्थान के पापड़, बरेली के जरीदार शूट्स मिल रहा, तो अर्बन हैंगर में जोधपुर के लकड़ी की कलाकारी वाले झूले, कुर्सियां व घरेलू साज सज्जा के समान। कंज्यूमर हैंगर में मसाज वाले कुर्सियां और मशीनें, घरेलू साज सज्जा के सामान, ओमान के खजूर, ईरान के ज्वेलरी, केसर व इलायची, गृहणियों के उपयोगी सामान, कन्नौज के इतर, अरब के परफ्यूम, बच्चों के खिलौने, 50% डिस्काउंट में कॉस्मेटिक्स, 799 के पंजाबी शूट्स, सिल्क साड़ियां, 250 से कॉटन चंदेरी साड़ियां के स्टॉल बरबस ही आकर्षित कर रहे हैं। एक्सपो का बाजार चौथे दिन मिड नाइट तक सजा रहा। खरीदारी और मेला घुमने वालों की भारी भीड़ को देखते हुए मेला आयोजन समिति ने देर रात तक इंट्री जारी रखी। शॉपिंग के साथ लोग देर रात तक मेले का आनंद उठाते रहे।

# स्वर्गीय उदयशंकर ओझा की 9वीं पुण्य तिथि आज

## ब्लड डोनेशन कैंप लगेगा

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** राजनीति सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों से जुड़े जुझारू और जननायक स्वर्गीय उदय शंकर ओझा की 9वीं पुण्य तिथि शनिवार को श्रद्धाभाव से मनायी जायेगी। इसका आयोजन जनशक्ति मजदूर यूनियन की ओर से किया जा रहा है। पंडरा बाजार समिति प्रांगण में दिन के 11 बजे से श्रद्धांजलि सभा होगी। साथ ही मौके पर रक्त दान महा दान के भाव से ब्लड डोनेशन कैंप भी लगाया जायेगा। स्व. ओझा युवाओं के सशक्त आवाज और मजदूरों के मसीहा के रूप में अपनी अमिट



छाप छोड़ गये हैं। पुत्र दीपक ओझा ने लोगों से इसमें भाग लेने की अपील की है।

## कई आइपीएस हुए इधर-उधर

- प्रशांत सिंह अब संचार व तकनीकी सेवाओं के साथ पुलिस महानिदेशक, मुख्यालय का भी काम देखेंगे।
- सुमन गुप्ता को अपर पुलिस महानिदेशक, रेल बनाया गया ।
- आइपीएस प्रिया दुबे को एसीबी का एडीजी बनाया गया।
- मनोज कौशिक रांची प्रक्षेत्र के आइजी के साथ-साथ अब अपराध अनुसंधान विभाग के आइजी का काम भी देखेंगे।
- बोकारो आइजी के पद पर पदस्थापित क्रांति कुमार गडीदेशी को आइजी मानवाधिकार, रांची बनाया गया।
- नरेंद्र कुमार सिंह अब आइजी मानवाधिकार से हटकर आइजी निगरानी-सुरक्षा झारखंड विद्युत बोर्ड के पद पर स्थापित किया गया।
- दुमका आइजी शैलेंद्र सिन्हा को पलामू आइजी बनाया गया।
- सीआइडी आइजी के पद पर पदस्थापित सुदर्शन मंडल को आइजी मुख्यालय के पद पर पदस्थापित किया गया। साथ ही वह जेल आइजी के प्रभार में भी रहेंगे।
- सुनील भास्कर को बोकारो जोनल आइजी बनाया गया।
- आइजी प्रोविजन पटेल मयूर कन्हैयालाल को दुमका जोनल आइजी का प्रभार दिया गया।
- संजीव कुमार को डीआइजी एसीबी से हटाकर अब डीआइजी विशेष शाखा रांची बनाया गया।
- शैलेंद्र प्रसाद वर्णवाल को अब डीआइजी एसीबी, रांची बनाया गया।
- चौथे मनोज रतन को डीआइजी स्पेशल ब्रांच बनाया गया।
- चाइबासा एसपी राकेश रंजन को रांची का नया एसएसपी बनाया गया।
- नौशाद आलम अंसारी डीआइजी पलामू से हटकर अब पुलिस मुख्यालय, रांची में योगदान देंगे।
- अजीत पीटर डुंगडुंग देवघर एसपी से पदोन्नत होकर अब संयुक्त निदेशक, झारखंड पुलिस अकादमी, हजारीबाग बने।
- रांची एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा को एसीबी डीआइजी बनाया गया।
- अरविन्द कुमार सिंह एसपी एसीबी से हटकर अब एसपी विशेष शाखा, रांची बने।
- एहतेशाम वकारिब को सीआइडी एसपी बनाया गया।
- अमित रेणु एसपी अभियान (नक्सल) रांची से हटकर अब एसपी चाईबासा बने।
- सौरभ को देवघर एसपी बनाया गया।
- रांची सिटी एसपी अजीत कुमार को रेल एसपी जमशेदपुर बनाया गया।
- दीपक कुमार पांडे को एसपी स्पेशल ब्रांच बनाया गया।
- अनिमेष नैथानी अब एसपी एसीबी, रांची बने.
- कैलाश करमाली को एसपी ट्रैफिक रांची से हटाकर रेल एसपी धनबाद बनाया गया।
- मनोज स्वर्गीयरी जैप तीन गोविंदपुर कमांडेंट बनाया गया।
- मूमल राजपरोहित एसपी विशेष शाखा रांची से हटकर अब खअढ-8 लेस्लीगंज, पलामू की कमांडेंट बने।
- पारस राणा को सिटी एसपी रांची बनाया गया और उन्हें जैप 10 का अतिरिक्त प्रभार दिया गया।
- राकेश सिंह को एएसपी अभियान पलामू से हटाकर रांची एसपी ट्रैफिक बनाया गया।

## युवाओं का आक्रोश देख कर भाजपा भयभीत : लाल किशोर नाथ शाहदेव



रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मुख्य प्रवक्ता लाल किशोर नाथ शाहदेव ने शुक्रवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर भाजपा सांसद निशिकांत दुबे के बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया दी है। शाहदेव कहा कि जिस तरह से नेपाल और दुनिया की कई देशों में सरकार की तानाशाही रवैये के कारण युवाओं में आक्रोश है। उसे देखकर भाजपा के शीर्ष नेता और सांसद निशिकांत दुबे भी भयभीत है। यही कारण है कि निशिकांत दुबे अनर्गल बयानबाजी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि देश की युवा अब समझ चुके हैं कि नेहरू, इंदिरा और राजीव गांधी के बाद अब राहुल गांधी के हाथों में ही देश सुरक्षित रह सकता है। इस कारण राहुल गांधी जिस राज्य में जा रहे हैं उसे राज्य में उन्हें अपार समर्थन मिल रहा है। दूसरी तरफ भाजपा की ग्राफ में लगातार गिरावट देखने को मिल रहा है। शाहदेव ने कहा कि राहुल गांधी युवाओं के हक और अधिकार की बात कर रहे हैं। उन्होंने वोट अधिकारी यात्रा निकाली और वोट चोरी की बात की जिससे भाजपा नेताओं में बौखलाहट का माहौल है।

# जेएसएससी-सीजीएल में हुई अनियमितता छिपाने के लिए हर हथकंडा अपनाया : बाबूलाल मरांडी

### सीआइडी जांच के नाम पर सिर्फ लीपापोती की जा रही है

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि जेएसएससी-सीजीएल परीक्षा में हुए पेपर लीक मामले में अधिकारियों ने हर संभव हथकंडा अपनाया। लेकिन अब अदालत में उनकी करतूतें उजागर हो रही हैं। सीआइडी जांच के नाम पर सिर्फ लीपापोती की जा रही है। न्यायालय को गुमराह करने की कोशिश हो रही है। यह पहले से जगजाहिर है कि आजकल सीआइडी कैसा और क्या काम करती है। लेकिन अब तो हाइकोर्ट ने भी मुहर लगा दी है कि सीआइडी का काम ठीक नहीं है।

## डीयू छात्र संघ चुनाव में एबीवीपी की जीत राष्ट्रवाद की जीत : बाबूलाल मरांडी



रांची (आजाद सिपाही)। नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ चुनाव में आखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की बड़ी जीत पर कहा कि यह राष्ट्रीय विचारधारा की जीत है, मरांडी ने विजयी छात्रों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि दिल्ली विश्वविद्यालय के चार पदों में से अध्यक्ष सहित तीन पदों पर जीत हासिल करना यह बताता है कि देश की युवा शक्ति राष्ट्रवादी विचारों के साथ खड़ी है। विद्यार्थी परिषद ही एक ऐसा छात्र संगठन है जो ज्ञान, शील, एकता के मूल मंत्र के साथ राष्ट्रीय विचारों को आगे बढ़ाते हुए शिक्षा परिवार की कल्पना करता है और शिक्षा जगत में सुधार के साथ भारतीयता को बढ़ावा देता है। विद्यार्थी परिषद के वर्ष भर चलने वाले कार्यक्रमों, सांगठनिक गतिविधियों से छात्र शक्ति, राष्ट्र शक्ति बन गयी है। उन्होंने विद्यार्थी परिषद संगठन से जुड़े सभी पदाधिकारियों, युवाओं को भी बधाई शुभकामनाएं दीं।

# युवाओं की भावनाओं से खिलवाड़ कर रहे हैं बाबूलाल : विनोद पांडेय

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) महासचिव विनोद पांडेय ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी द्वारा जेएसएससी-सीजीएल परीक्षा को लेकर हेमंत सोरेन सरकार पर लगाये गये आरोपों को सस्ता राजनीतिक हथकंडा बताया है। उन्होंने कहा कि भाजपा को हर मुद्दे में साजिश दिखती है, क्योंकि जनता ने उन्हें नकार दिया है। बाबूलाल मरांडी बार-बार झूठ बोलकर युवाओं की भावनाओं से खिलवाड़ कर रहे हैं। सरकार ने इस प्रकरण की पारदर्शी जांच के लिए पहले दिन से सख्त कदम उठाये हैं। जिम्मेदार पाये जाने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जा



रही है। सीजीएल परीक्षा का मामला कोर्ट में है और हेमंत सरकार न्यायालय के आदेशानुसार आगे बढ़ रही है। विनोद पांडेय ने कहा कि भाजपा के नेता यह भूल जाते हैं कि उनकी ही सरकारों में प्रतियोगी परीक्षाओं में घोटाले हुए, तब वे चुप्पी साधे बैठे रहे। हेमंत सोरेन सरकार ने देश के भविष्य नौजवानों के उज्ज्वल भविष्य के लिए परीक्षाओं में नकल रोकने के लिए सख्त से सख्त कानून बनाया है। भाजपा नेताओं ने इस बिल का सदन में विरोध किया था। यह भी जगजाहिर है कि परीक्षाओं को डिस्टर्ब करने में एक खास राजनीतिक दल के लोगों का नाम आता है। यही लोग अपने राजनीतिक लाभ के लिए परीक्षा प्रक्रिया को प्रभावित करने के उद्देश्य से कोर्ट जाते हैं। हेमंत सरकार की नीयत की हकीकत को समझने के लिए पिछले दिनों जारी हुए जेपीएससी के अंतिम परीक्षा परिणाम पर गौर किया जा सकता है। उसमें गरीबी रेखा से नीचे जीवन बसर करने वाले कई परिवारों के अभ्यर्थियों का चयन हुआ है। इसकी सराहना हर तरफ की जा रही है।


**शोक संदेश**

।। गंगा-लाभ ।।

मान्यवर,

अपार दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि मेरे पूज्यनीय पिताजी "श्री महावीर महतो" का स्वर्गवास दिनांक 11.09.2025, दिन-गुरुवार को हो गया एवं उसी दिन उनका दाह-संस्कार दोपहर 01:00 बजे किया गया।

अतः इस दुःख के समय में आप सपरिवार उपस्थित होकर दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान कर हमें अनुगृहित करें।

**श्राद्ध कार्यक्रम**

दिनांक 20.09.2025 दिन-शनिवार दशकर्मा
दिनांक 21.09.2025 दिन-रविवार एकादशा
दिनांक 22.09.2025 दिन-सोमवार द्वादशा, ब्रह्मभोज एवं सामूहिक भोज (दोपहर 3 बजे से आपके आगमन तक)

कार्यक्रम स्थल :- हमारे निवास स्थान ग्राम-बरका खुर्द, इचाक, हजारीबाग

**शोकाकुल :**
श्री फुलचंद महतो (भाई), श्री बालेश्वर महतो (भाई)
उमेश, पंकज, संजय, संतोष, मिथुन, सूरज, दीपू
एवं समस्त मेहता परिवार

**विनीत :**
शिव कुमार मेहता ( पुत्र )
बालिका देवी (पत्नी), धनेश्वरी देवी (पत्नी)
भारती देवी (बहू )

मो. 9066340860, 9546373826

# भारत के लिए चिंता की बात

पाकिस्तान और सऊदी अरब के बीच स्ट्रैटिजिक म्युचुअल डिफेंस एग्रीमेंट हुआ है। इसके मुताबिक, किसी एक के प्रति दिखायी गयी आक्रामकता दूसरे के खिलाफ भी मानी जाएगी, कुछ वैसा ही समझौता जैसा नैटो के सदस्य देशों के बीच है। भले कहा जा रहा हो कि यह समझौता पाकिस्तान और सऊदी अरब के लंबे ऐतिहासिक रिश्तों का परिणाम है, लेकिन भारत के लिए यह डिवेलपमेंट चिंता बढ़ाने वाला है।

**बढ़ता सहयोग :** सऊदी अरब खाड़ी में भारत के करीबी सहयोगियों में से एक है। व्यापार, निवेश, ऊर्जा, सुरक्षा सहयोग समेत कई क्षेत्रों में दोनों के बीच पिछले दो दशकों में संबंध गहरे हुए हैं- खास कर क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान के दौर में नयी तरह की गर्मजोशी देखने को मिली है। पीएम नरेंद्र मोदी इस साल अप्रैल में ही अपने तीसरे सऊदी दौरे पर गये थे, जहां दोनों देशों के बीच कई क्षेत्रों में सहयोग पर सहमति बनी थी।

**सबसे बड़ी आशंका :** केवल सऊदी ही नहीं, क्षेत्र के दूसरे देशों के साथ भी भारत का सहयोग बढ़ रहा है। यूएइ के साथ फ्री ट्रेड एग्रीमेंट है और ओमान व कतर के साथ बात चल रही है। लेकिन, सऊदी अरब-पाकिस्तान समझौते से इस क्षेत्र में भारत की कोशिशों को झटका लग सकता है। चार महीने पहले ही भारत और पाकिस्तान के बीच एक बड़ा संघर्ष हुआ था। ऑपरेशन सिंदूर को लेकर बॉर्डर पर अब भी तनाव है। ऐसे में यह आशंका दरकिनार नहीं की जा सकती कि भारत और पाकिस्तान के तनाव में इस समझौते की वजह से सऊदी अरब भी पार्टी बन जाये।

**व्यापार, निवेश, ऊर्जा, सुरक्षा सहयोग समेत कई क्षेत्रों में दोनों के बीच पिछले दो दशकों में संबंध गहरे हुए हैं- खास कर क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान के दौर में नयी तरह की गर्मजोशी देखने को मिली है।**

**इस्राइल का असर :** समझौते का एक और अहम एंगल है, हाल में इस्राइल ने कतर की राजधानी दोहा पर एयर स्ट्राइक कर हमास के नेताओं को निशाना बनाने का प्रयास किया था। इसे लेकर मुस्लिम वर्ल्ड में काफी गुस्सा है। इस हमले के बाद दोहा में इस्लामिक देशों का आपातकालीन शिखर सम्मेलन बुलाया गया था, जहां यह चर्चा भी उछली कि क्या नाटो जैसा कोई संयुक्त सुरक्षा बल बनाया जा सकता है। अब दूसरे मुस्लिम देश भी इस तरह के समझौते की संभावना टटोल सकते हैं।

**सऊदी से बात :** इस रक्षा समझौते से पूरे क्षेत्र में असंतुलन पैदा हो सकता है। भारत ने कहा है कि वह इसके असर को देखेगा। सरकार को अपनी चिंताओं को लेकर सऊदी अरब से खुल कर बात करनी चाहिए। ध्यान रखना होगा कि यह समझौता किसी भी तरह से नयी दिल्ली-रियाद संबंधों के आड़े न आये।

अभिमत
आजाद सिपाही

**मिशन कर्मयोगी की खासियत यह है कि यह केवल दिखावे भर के लिये मानव संसाधन सुधार नहीं है। यह देश की लोक सेवाओं की मूल्य-आधारित परिवर्तनकारी पुनर्रचना है और इसका मुख्य ध्यान प्रदर्शन पर है। यह कार्यक्रम तीन निर्णायक बदलावों को संहिताबद्ध करता है: पहला बदलाव सरकारी अधिकारियों की मानसिकता में बदलाव है, यानी स्वयं को कर्मचारी मानने से लेकर कर्मयोगी मानने तक का सफर है।**

# मोदी ने भविष्य के अनुरूप शासन के लिए कर्मचारी से कर्मयोगी तक का खाका तैयार किया

**डॉ आर बालसुब्रमण्यम**



देश लोक प्रशासन में सुधार के अभूतपूर्व प्रयास कर रहा है। अब न केवल अधिकारियों के प्रशिक्षण के तरीके बदल रहे हैं, बल्कि उनकी सेवा के मायनों में भी बदलाव आ रहा है। मिशन कर्मयोगी–लोक सेवा क्षमता निर्माण का राष्ट्रीय कार्यक्रम है और इस बदलाव में इंजन की भूमिका निभा रहा है। इसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शी सोच झलकती है। 25 वर्षों से अधिक समय तक सरकार चलाने और पांच दशकों से अधिक सार्वजनिक जीवन का अनुभव रखने वाले नरेंद्र मोदी, व्यवस्थाओं के प्रति एक संचालक जैसी समझ, जड़ आदतों के प्रति एक सुधारक जैसी अधीरता, और ध्रुव तारे की तरह स्पष्ट –नागरिक-प्रथम, विकसित भारत के उद्देश्य को सामने रखते हैं।

मिशन कर्मयोगी की खासियत यह है कि यह केवल दिखावे भर के लिये मानव संसाधन सुधार नहीं है। यह देश की लोक सेवाओं की मूल्य-आधारित परिवर्तनकारी पुनर्रचना है और इसका मुख्य ध्यान प्रदर्शन पर है। यह कार्यक्रम तीन निर्णायक बदलावों को संहिताबद्ध करता है: पहला बदलाव सरकारी अधिकारियों की मानसिकता में बदलाव है, यानी स्वयं को कर्मचारी मानने से लेकर कर्मयोगी मानने तक का सफर है।

**नीति और क्रियान्वयन में लोगों की भागीदारी होती है और अधिकारी अंतिम छोर पर खड़े अंतिम नागरिक की सेवा के लिए तैयार होते हैं।**

दूसरा बदलाव कार्यस्थल में बदलाव है, इसमें प्रदर्शन के लिए व्यक्तिगत ज़िम्मेदारी सौंपने से लेकर प्रणालीगत प्रदर्शन बाधाओं का निदान और उन्हें दूर करने तक का बदलाव शामिल है।

तीसरा बदलाव सार्वजनिक मानव संसाधन प्रबंधन प्रणाली और उससे जुड़ी क्षमता निर्माण प्रणाली को नियम-आधारित से भूमिका-आधारित बनाना है। यह संरचना स्पष्ट रूप से मोदी के इक्कीसवीं सदी के शासन की मांगों के दूरदर्शी ढांचे से उभर कर सामने आयी है।

यह जीवंत नेतृत्व का परिणाम है। मुख्यमंत्री और फिर प्रधानमंत्री के रूप में, मोदी ने एक समग्र सरकारी संस्कृति को बढ़ावा दिया–अलग-अलग क्षेत्रों में अलगाव को खत्म किया, मंत्रियों के बीच विभिन्न क्षेत्रों में बहस पर बल दिया और फाइलों को आगे बढ़ाने की बजाय सिस्टम समाधानों को प्राथमिकता दी। यह भावना महामारी के दौरान दिखायी दी, जब सरकार, उद्योग, नागरिक समाज और नागरिक स्वयंसेवकों के सभी स्तरों पर 'टीम इंडिया' एक साझेदारी मॉडल के रूप में आगे बढ़ी। यही सहयोगात्मक शक्ति अब जीइएम और गतिशक्ति जैसे सुधारों को संस्थागत रूप दे रही है। उन्होंने नेतृत्व की आदतों को संरचनाओं में भी ढाला। जो चिंतन शिविर–आवासीय, पदानुक्रम-समतल विचार-मंथन सत्र–गुजरात में शुरू किये गये थे, वे अब केंद्र सरकार की कार्यपुस्तिका का हिस्सा हैं। निरंतर सीखने पर उनका बल व्यक्तिगत है।

अपने ज्ञान और कौशल का निरंतर विस्तार करने के अलावा, वे यह भी जांचने के लिए जाने जाते हैं कि क्या प्रधानमंत्री कार्यालय के अधिकारी आइजीओटी डिजिटल प्लेटफॉर्म का उपयोग करते हैं। संस्थागत स्मृति के साथ उनके व्यवहार में बहुत समावेशीता है। पदभार ग्रहण करने के तुरंत बाद उन्होंने मंत्रियों से दशकों तक एक तरह से व्यवस्था से भली-भांति परिचित अपने सहायकों और अनुभाग अधिकारियों से सीखने का आग्रह किया। व्यवहार में संस्कृति परिवर्तन ऐसा ही दिखाई देता है। जमीनी स्तर पर, सुधार की रीढ़ उद्देश्यपूर्ण तकनीक है। आइजीओटी -कर्मयोगी प्लेटफॉर्म एक व्यापक, कभी भी और कहीं भी सीखने का इको सिस्टम है। इसमें 3,000 से ज्यादा स्व-प्रगति पाठ्यक्रम हैं, जो सभी के लिए सुलभ हैं और सीखने को लोकतंत्रात्मक बनाते हैं। यह सीखने को मानव संसाधन कार्यों जैसे योग्यता मानचित्रण, करियर नियोजन और मार्गदर्शन से जोड़ता है–देश को प्रदर्शन पुलिसिंग से सक्षम क्षमता की ओर ले जाता है। यह पहले से ही बड़े पैमाने पर शक्ति प्रदान कर रहा है। लाखों अधिकारियों को नये कानूनी ढांचों के अनुरूप प्रशिक्षित किया गया है; देश भर में लाखों पुलिस, डॉक्टर और अन्य कर्मचारी नागरिक संपर्क को मजबूत कर रहे हैं और सेवाभाव कार्यक्रमों में भाग ले रहे हैं और बड़ी संख्या में लोग एआइ और आइओटी जैसी उभरती तकनीकों में प्रमाणपत्र प्राप्त कर रहे हैं। यह इस बात का प्रमाण है कि प्रधानमंत्री की 'तकनीक-अनुकूल' प्राथमिकता संस्थागत ताकत में परिवर्तित हो चुकी है।

दार्शनिक सार भी उतना ही महत्वपूर्ण है। मिशन कर्मयोगी प्राचीन सभ्यतागत ज्ञान को आधुनिक शासन-कला के साथ जोड़ता है–विकास, गर्व, कर्तव्य और एकता जैसे संकल्पों के साथ-साथ स्वाध्याय, सहकार्यता, राजकर्म और स्वधर्म (नागरिकों पर ध्यान) जैसे व्यक्तिगत गुणों को भी समाहित करता है। यह कोई पुरानी यादें नहीं हैं; यह उच्च तकनीक युग के लिए एक व्यावहारिक नैतिकता है, जो यह सुनिश्चित करती है कि योग्यता चरित्र में समाहित हो।

नागरिक-केंद्रितता–जनभागीदारी–दूसरा स्तंभ है। प्रधानमंत्री मोदी बार-बार इस बात पर जोर देते रहे हैं कि प्रत्येक सार्वजनिक निर्णय के केंद्र में नागरिक होने चाहिए। यही उनका शासन मंत्र है। व्यवहार में नागरिक सहभागिता दोतरफा समझौता बन जाती है।

नीति और क्रियान्वयन में लोगों की भागीदारी होती है और अधिकारी अंतिम छोर पर खड़े अंतिम नागरिक की सेवा के लिए तैयार होते हैं। मिशन कर्मयोगी इस समझौते के लिए मानसिकता और तरीके विकसित करने का राज्य का साधन है।

आत्मनिर्भरता इसकी पूरक है। यह एकाकीपन नहीं है; यह खुलेपन और वैश्विक प्रतिस्पर्धा से प्रेरित क्षमता और आत्मविश्वास है। यही दृष्टिकोण क्षमता निर्माण के प्रयासों और माईगव जैसे प्लेटफॉर्म के व्यापक प्रसार में भी दिखाई देता है, जो नागरिकों को निष्क्रिय प्राप्तकर्ता नहीं, बल्कि सह-निमार्ता बनाता है। यह कथा भारत के सभ्यतागत लोकाचार में निहित है–और संस्थानों को कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के युग में फलने-फूलने के लिए तैयार करती है।

कार्यक्रम की संस्थागत संरचना प्रधानमंत्री मोदी की व्यावहारिकता को दशार्ती है। डिजिटल आधार और बाजार को आगे बढ़ाने के लिए एक विशेष प्रयोजन वाहन, कर्मयोगी भारत, समन्वय के लिए एक मंत्रीमंडल सचिवालय इकाई; संरक्षक और मानक-निर्धारक के रूप में क्षमता निर्माण आयोग (सीबीसी); और शीर्ष-स्तरीय संचालन के लिए प्रधानमंत्री ने मानव संसाधन परिषद का नेतृत्व किया । इसकी संरचना सहयोगात्मक, लेखा-परीक्षण योग्य और परिणाम-उन्मुख है–एक ऐसा शासन ढांचा जो ₹कहीं से भी काम करने₹ वाले देश के लिए उपयुक्त है।

महत्वपूर्ण बात यह है कि भारत जो सीखता है उसे संचित नहीं कर रहा है। वसुधैव कुटुम्बकम की भावना के अनुरूप, देश अपने ज्ञान, अनुभव और उपकरणों को साझा करने की तैयारी कर रहा है। इन्हें लोक प्रशासन में एक आदर्श के रूप में विकसित किया जा रहा है। यह वैश्विक दक्षिण के लिए महत्वपूर्ण है, वहां तकनीकी व्यवधानों के बीच देशों को समान क्षमता की कमी का सामना करना पड़ रहा है। मॉरीशस को इस दिशा में पहले ही सहायता की पेशकश की जा चुकी है–यह एक प्रारंभिक संकेत है कि मिशन कर्मयोगी विकासशील लोकतंत्रों में एक अभ्यास समुदाय का निर्माण कर सकता है।

सीधे शब्दों में कहें तो, मिशन कर्मयोगी एक दूरदर्शी विचार को एक व्यवस्था में बदल देता है। यह प्रधानमंत्री मोदी के शासन के लंबे दायरे–उनकी सीमाओं को तोड़ने की सहज प्रवृत्ति, तकनीक के साथ उनका सहज व्यवहार, संस्थागत स्मृति के प्रति उनके सम्मान और उनकी नैतिक शब्दावली–को एक दोहराए जाने योग्य संचालन मॉडल में बदल देता है: भूमिका-आधारित मानव संसाधन; निरंतर, डिजिटल शिक्षा; नागरिक भागीदारी; और सभ्यता पर आधारित नैतिकता इसमें समाहित हैं। इस तरह आप किसी देश को भविष्य के लिए तैयार करते हैं।

अगर भारत इसी राह पर चलता रहा, तो इसका फायदा सिर्फ. तेज गति से आगे बढने वाली काम की फाइलों और व्यवस्थित संगठनात्मक चार्ट में ही नहीं, बल्कि भरोसे में भी दिखेगा। नागरिक एक ऐसी सरकार का अनुभव करेंगे, जो सुनती है, सीखती है और काम करती है। यही प्रधानमंत्री मोदी के दांव का मूल है। और यही वजह है कि मिशन कर्मयोगी, हाल के दशकों के किसी भी प्रशासनिक सुधार से ज्यादा, अपने असली रूप में देखा जाना चाहिए। यह लोगों की सेवा करने वाले लोगों में एक पीढ़ीगत निवेश है और इसे एक ऐसे नेता ने तैयार किया है जिसने अपना जीवन लोगों की सेवा में ही लगा दिया है।

**(लेखक : भारत सरकार के क्षमता निर्माण आयोग के मानव संसाधन सदस्य हैं।)**


## कोल्हान की खबरें

## झारखंड प्रदेश श्रमिक मित्र संघ ने पूर्व विधायक कुणाल षाड़ंगी को सौंपा ज्ञापन



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** झारखंड प्रदेश श्रमिक मित्र संघ पूर्वी सिंहभूम जिला समिति ने अपनी मांगों को लेकर पूर्व विधायक व झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता कुणाल षाड़ंगी को ज्ञापन सौंपा। संघ ने बताया राज्य भर में 3000 से अधिक श्रमिक मित्र कार्यरत हैं। जो सरकारी योजनाओं को जमीनी स्तर तक पहुंचाने का कार्य करते हैं।लेकिन उन्हें अब तक का मानदेय नहीं मिल रहा है। सिर्फ प्रोत्साहन राशि ही दी जाती है।कुणाल षाड़ंगी ने समस्या को गंभीरता से लेते हुए आश्वासन दिया वे इस मुद्दे को राज्य सरकार और विभागीय मंत्री संजय यादव के समक्ष उठाएंगे।उन्होंने मंगलवार को बैठक कर समाधान का प्रयास करने की बात कही। मौके पर जिला अध्यक्ष सुशेन कालिंदी सहित पूर्वी सिंहभूम के सभी प्रखंडों से आए श्रमिक मित्र उपस्तित रहे।

## गुवा सेल के सफाई कर्मियों ने जनरल ऑफिस का किया घेराव



**पश्चिमी सिंहभूम (आजाद सिपाही)।** गुवा सेल में कार्यरत सफाई कर्मियों ने विभिन्न लंबित मांगों को लेकर झारखंड मजदूर संघर्ष संघ के बैनर तले शुक्रवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी। प्रदर्शनकारी कर्मियों ने जनरल ऑफिस का घेराव कर प्रबंधन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। सफाई कर्मियों के अनुसार उनकी समस्याएं वर्षों से अनसुनी की जा रही। प्रमुख मांगों में रोजगार से हटाए गये दो सफाईकर्मी रोईदास करूवा और किशन गोच्छाईत की बहाली, सफाईकर्मियों की संख्या में बढ़ोतरी, मूल वेतन पर 10प्रतिशत की जगह 40प्रतिशत अतिरिक्त भुगतान, 3000 मासिक आवास भत्ता, वर्दी, जूते, हेलमेट और दस्ताने की उपलब्धता शामिल हैं। इसके अलावा ठेके पर काम कर रहे कर्मियों को नियमित करने, पदोन्नति नीति लागू करने, सेवानिवृत्त कर्मियों के आश्रितों को रोजगार देने की मांगें भी शामिल है। उधर हड़ताल के बाद गुवा सेल अस्पताल, जनरल ऑफिस परिसर और आसपास के क्षेत्रों में सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गयी है। जगह-जगह गंदगी और बदबू से स्थानीय नागरिकों को भी परेशानी हो रही है। संघ के महामंत्री अंतयार्मी महाकुड़ ने बताया यह आंदोलन वर्षों की अनसुनी मांगों का परिणाम है। अब सिर्फ आश्वासन नहीं, लिखित समझौता चाहिए। जब तक मांगे पूरी नहीं होंगी, आंदोलन जारी रहेगा। उधर वार्ता के लिए पहुंचे सेल के महाप्रबंधक अमित कुमार तिर्की ने कहा मुख्य महाप्रबंधक कमल भास्कर फिलहाल बाहर हैं उनके लौटने के बाद ही औपचारिक बातचीत हो सकेगी। इसपर सफाई कर्मियों ने ऐलान किया जब तक उनकी मांगों पर ठोस कार्रवाई नहीं होती, अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी रहेगी।

# सीएम से सारंडा को जल्द अभयारण्य घोषित करने की विधायक ने की मांग

**सुप्रीम कोर्ट के आदेश की अवहेलना दुर्भाग्यपूर्ण : सरयू**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पश्चिम के विधायक और सारंडा संरक्षण अभियान के संयोजक सरयू राय ने झारखंड सरकार पर सुप्रीम कोर्ट के आदेशों की अनदेखी करने का गंभीर आरोप लगाया। विधायक ने कहा यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति है। उन्होंने कहा 24 जून को झारखंड सरकार के वन एवं पर्यावरण विभाग के सचिव द्वारा सुप्रीम कोर्ट में शपथ पत्र देकर सारंडा के 575.19 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र को वन्यजीव अभयारण्य और 136.03 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र को कंजर्वेशन रिजर्व घोषित करने का आश्वासन दिया गया था। लेकिन अब तक इस पर कोई अमल नहीं हुआ है। सरयू राय ने सरकार की मंशा पर सवाल उठाते हुए कहा सरकार पर्यावरण संरक्षण की बजाय लौह-अयस्क के खनन को प्राथमिकता दे रही है। जबकि सुप्रीम कोर्ट स्पष्ट कर चुका है प्राकृतिक संसाधनों की रक्षा को खनन और उद्योग के हितों पर वरीयता दी जानी चाहिए। श्री राय ने यह भी कहा 2007-08 में ही झारखंड सरकार के वन विभाग ने 630 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र को अभयारण क्षेत्र घोषित करने की अनुशंसा की थी, जिसे खान और उद्योग विभाग की आपत्ति के चलते आज तक गजट अधिसूचना नहीं मिल पाई। उन्होंने चेतावनी दी अगर झारखंड सरकार ने 8 अक्टूबर 2025 से पहले सुप्रीम कोर्ट के आदेश का पालन नहीं किया, तो अदालत ने राज्य के मुख्य सचिव को कारावास तक भेजने की बात कही है। ऐसे में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को तुरंत इस मुद्दे का संज्ञान लेना चाहिए, बिना और विलंब किए सारंडा क्षेत्र को अभयारण्य घोषित करना चाहिए। सरयू राय ने कहा आश्चर्यजनक बात है झारखंड सरकार के वन विभाग की अधिकारी भी अब खान विभाग की भाषा बोलने लगे हैं। अंत में सरयू राय ने मुख्यमंत्री से अपील की वे इस विषय की गंभीरता को समझें और 24 जून को सुप्रीम कोर्ट में दिये गये आश्वासन के अनुसार सारंडा को जल्द सैंक्चुअरी घोषित करें।

# जमशेदपुर की मीनाक्षी माधुर्या को दुबई में मिला ब्यूटी इनसाइड आउट का खिताब

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**जमशेदपुर।** शहर के मानगो स्थित डिमना रोड मोहीनी कॉम्पलेक्स के रहने वाली मिनाश डांस और फिटनेस स्टूडियो की प्रोपराइटर और लोयला स्कूल के शिक्षिका मीनाक्षी माधुर्या ने अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपनी प्रतिभा का परचम लहराया है। उन्हें दुबई में बीते 14 सितंबर को आयोजित ₹मिसेज इंटरनेशनल वूमन ऑफ सब्सटेंस₹ ब्यूटी पेजेंट के ग्रैंड फिनाले में ब्यूटी इनसाइड आउट सब-टाइटल से सम्मानित किया गया। मीनाक्षी माधुर्या न केवल फिटनेस ट्रेनर हैं, बल्कि जमशेदपुर के प्रतिष्ठित लोयोला स्कूल में शिक्षिका भी हैं। इसके अलावा वे बिहार के मनिहारी विधानसभा क्षेत्र के विधायक मनोहर प्रसाद सिंह की पुत्री भी हैं। यह प्रतियोगिता करीब छह महीनों तक चली, जिसमें विश्वभर से 40 प्रतिभागियों ने भाग लिया। अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपने आत्मविश्वास, सौंदर्य, व्यक्तित्व और सामाजिक चेतना के माध्यम से मीनाक्षी ने यह विशेष उपाधि अर्जित की। उनकी इस उपलब्धि पर उनके पति दुमका में उत्पाद विभाग के डिप्टी कमिश्नर मनोज कुमार, उनके ससुर विधायक चन्द्र प्रसाद सिंह, सास नीलिमा देवी और लोयोला स्कूल की उप प्राचार्या विनिता एफ. एक्का ने अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा हमें मीनाक्षी पर गर्व है। मीनाक्षी माधुर्या ने बताया इस प्रतियोगिता में भाग लेने का अनुभव उनके लिए बेहद खास और प्रेरणादायक रहा। उन्होंने कहा मुझे इस मंच तक पहुंचने में परिवार, मित्रों और स्कूल प्रशासन का भरपूर सहयोग मिला।

## घाटशिला विधानसभा उपचुनाव की सरगर्मी, भाजपा ने की बैठक

**घाटशिला (आजाद सिपाही)।** घाटशिला विधानसभा के लिए होने वाले उपचुनाव को लेकर सरगर्मी तेज हो गयी है। उपचुनाव की तारीख की घोषणा अभी तक नहीं हुई है, लेकिन राजनीतिक दलों की ओर से होने वाली बयानबाजी ने सियासी पारे को चढ़ा दिया है। उपचुनाव से पहले हर दल अपनी जीत का दावा कर कर रहा है। एक तरफ राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने झामुमो के पंचायत प्रभारियों और अन्य नेताओं के साथ रांची में घाटशिला उपचुनाव को लेकर विस्तृत चर्चा कर आवश्यक रणनीति बनायी और दिशा निर्देश दिये हैं। वहीं दूसरी ओर शुक्रवार को आइसीसी कंपनी के डायरेक्टर बंग्लो मऊभंडार (घाटशिला) में प्रदेश एवं जिला भाजपा के कुछ चुनिंदा नेताओं का जुटान हुआ था। हालांकि भाजपा की यह बैठक कॉन्फिडेंशियल थी और मीडिया को इससे दूर रखा गया था। घाटशिला की इस बैठक में महामंत्री सह राज्यसभा सदस्य आदित्य साहू, संगठन प्रभारी कर्मवीर सिंह, जिला प्रभारी बड़ कुंवर गागराई, अभय सिंह के अलावा पूर्वी सिंहभूम ग्रामीण जिला के अध्यक्ष चंडी चरण साव, पूर्व अध्यक्ष दिनेश साव, पूर्व अध्यक्ष सौरभ चक्रबर्ती, हराधन सिंह, सत्या तिवारी समेत वर्ष 2019 के चुनाव में पार्टी प्रत्याशी रहे लखन मार्डी भी शामिल थे। सूत्रों के मुताबिक सेवा पखवाड़ा की समीक्षा के लिए आहूत इस बैठक में ज्यादा समय चर्चा घाटशिला उपचुनाव के संबंध में हुई। इस बैठक में कार्यकर्ताओं की राय ली जा रही है। भाजपा की ओर से उम्मीदवार कौन होगा इसका फैसला हाइकमान को करना है। बता दें कि पूर्व शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन के निधन के बाद घाटशिला विधानसभा सीट खाली हुई है और अब यहां उपचुनाव कराया जाना है।

## मनसा पूजा में झूमर संगीत का विधायक ने किया उद्घाटन



**पोटका (आजाद सिपाही)।** पोटका प्रखंड के हल्दीपोखर स्थित बागती पाड़ा में पल्ली मिलनी समिति के तत्वावधान में मनसा पूजा का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि पोटका विधायक संजीव सरदार शामिल हुए। मौके पर विधायक ने मां मनसा की पूजा-अर्चना कर क्षेत्रवासियों के लिए सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। साथ ही विधायक संजीव सरदार ने सांस्कृतिक झूमर संगीत का फीता काटकर उद्घाटन किया। कार्यक्रम में उड़ीसा से आये झूमर नृत्य मंडली ने मनमोहक प्रस्तुति दी। मौके पर हजारों दर्शको ने देर रात तक झूमते और आनंदित होते नजर आए।मौके पर विधायक श्री सरदार ने कहा पल्ली मिलनी समिति वर्षों से मां मनसा की पूजा का आयोजन करते आ रही है। पूजा के साथ झूमर जैसी लोकनृत्य परंपरा को जोड़ना हमारी सांस्कृतिक विरासत को जीवित रखने की दिशा में सराहनीय प्रयास है। उन्होंने युवाओं से परंपरा और संस्कृति की रक्षा के साथ शिक्षा पर भी ध्यान देने की अपील की।विधायक ने कहा समाज में आज भी लोक परंपराएं जीवंत हैं। जब इन्हें उचित मंच मिलता है तो लोक संस्कृति की गूंज दूर-दूर तक सुनाई देती है। मनसा पूजा में सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान गांव में उत्सव जैसा माहौल देंखने को मिला। सांस्कृतिक कार्यक्रम में झूमर की ताल पर ग्रामीणों श्रद्धालुओं ने जमकर आनंद उठाया।

## मानव तस्करी मामले में फरार अभियुक्त के घर पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार



**मेराल (आजाद सिपाही)।** थाना पुलिस द्वारा मानव तस्करी के दर्ज मामले में फरार चल रहे अभियुक्त रंका थाना क्षेत्र के कंचनपुर गांव निवासी इरशाद अंसारी के घर ढोल बाजा बजवाकर कोर्ट का इश्तेहार चिपकाया गया। थाना प्रभारी विष्णु कांत के अनुसार मेराल थाना क्षेत्र के कुशमही और करकोमा गांव के युवाओं को इरशाद अंसारी द्वारा प्रलोभन देकर तमिलनाडु काम करने के लिए ले गया था। बाद में उसके घर वालों से कोई संपर्क नहीं हो पाने की स्थिति में उनके परिजनों द्वारा मेराल थाना में आवेदन देकर अपने बच्चों को इरशाद के चंगुल से छुड़वाने की गुहार लगायी थी। परिजनों के आवेदन पर महल थाना में 92/2024 के तहत मामला दर्ज किया गया था। मामला दर्ज होने के बाद पुलिस कई बार उसके घर छापेमारी की परंतु वह गिरफ्त में नहीं आया वह तभी से फरार चल रहा है। पुलिस पदाधिकारी अरविंद साव ने बताया कि अभियुक्त के घर तथा गांव के चौराहे पर भी इश्तेहार चिपकाया गया है। इस दौरान इरशाद के परिजनों को बताया गया है कि समय सीमा के भीतर आरोपी कोर्ट या थाना में हाजिर नहीं होता है तो कोर्ट के आदेश पर कुर्की जब्ती की कार्रवाई की जायेगी।

## दुर्गा पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक



**केतार (आजाद सिपाही)।** थाना परिसर में शुक्रवार को शारदीय नवरात्र एवं दुर्गा पूजा को लेकर सीओ प्रशांत कुमार की अध्यक्षता में आयोजित की गयी। इस बैठक में दोनों समुदाय के बड़ी संख्या में गणमान्य लोगों के साथ पंचायत प्रतिनिधि एवं विभिन्न गांवों के पूजा कमिटी के लोग उपस्थित रहे। बैठक के दौरान प्रखंड के सभी पंचायतों के दुर्गा पूजा समिति के लोगों ने आयोजन को लेकर जानकारी दिया गया। थाना अरुण कुमार रवानी ने लोगों को प्रशासन द्वारा हर संभव सहायता का आश्वासन दिया गया। उन्होंने कहा कि नवरात्र के दौरान प्रशासन जीरो टोलरेंस की नीति पर काम करेगी, असामाजिक तत्वों पर कड़ी निगाह रखी जायेगी, डीजे तथा अश्लील गाना बजाने पर पूर्ण प्रतिबंध होगा, कोर्ट के आदेश तथा सरकार के गाइडलाइन का अनुपालन करना सबों के लिए जरूरी है ऐसा नहीं करने वालों पर प्रशासन कड़ाई से पेश आयेगा। सीओ प्रशांत कुमार ने पूजा समिति के लोगों को आपस में मिलजुल कर छोटी-छोटी समस्याओं का निराकरण करने की बात कही तथा आस्वस्थ किया कि जरूरत पड़ने पर प्रशासन उनके साथ खड़ी रहेगी। सभी पूजा पंडाल में हेल्पलाइन नंबर लगाना अनिवार्य होगा। वही प्रमुख चंद्रावती देवी ने सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्योहार मनाने का अपील किया। इस मौके पर एसआइ आदित्य कुमार जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष लालेश्वर राम, उपाध्यक्ष इम्तियाज अंसारी,समाजसेवी रामविचार साहू,अनिल पासवान,सुरेंद्र प्रसाद, मुखिया मूंगा साह, श्यामसुंदर बैठा मुखिया प्रतिनिधि मनोरंजन गुप्ता, दिनेश वर्मा, बिक्रमा सिंह, मेराजुद्दीन अंसारी सहित विभिन्न पूजा आयोजक कमिटी एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

## सड़की में सड़क और नाली निर्माण की मांग



**कांडी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के पतरिया पंचायत अंतर्गत सड़की गांव में नलजल योजना के तहत पाइपलाइन बिछाने का कार्य जारी है। एक ओर जहां ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से विकास कार्य हो रहा है, वहीं दूसरी ओर पाइप डालने के क्रम में पीसीसी सड़क को जगह-जगह तोड़कर क्षतिग्रस्त किया जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि लगभग हर 15-20 फीट की दूरी पर सड़क तोड़ी जा रही है, परंतु विभाग की ओर से इसकी मरम्मती नहीं कराई जा रही है। स्थानीय युवा समाजसेवी बाबू खान ने बताया कि यह पीसीसी पथ कांडी-मझिआंव मुख्य सड़क से मिलती है। वर्षों से जर्जर सड़क का बड़ी मुश्किल से निर्माण हुआ था, लेकिन अब नलजल योजना के काम के कारण यह फिर से बर्बाद हो रही है। ग्रामीणों ने संवेदक व प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द तोड़े गए हिस्सों की मरम्मती करायी जाये। इस मौके पर मोहम्मद बादशाह अली, जोखन राम, नन्हकू चंद्रवंशी, रामचन्द्र चंद्रवंशी, बेचन खान, लाडेन खान, कोमल पाल सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे।

## विद्यालयों में विद्यार्थियों की शत-प्रतिशत उपस्थिति जरूरी : बीपीओ

**श्री बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)।** प्लस टू उच्च विद्यालय के सभागार में शुक्रवार को प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी तहमीना परवीन ने सभी उच्च विद्यालय, उत्क्रमित उच्च विद्यालय, मध्य विद्यालय, उत्क्रमित मध्य विद्यालय, प्राथमिक विद्यालय, उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय और नव प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापकों के साथ बैठक कर विभागीय कार्यो की समीक्षा किया तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिया। प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी तहमीना परवीन ने कहा कि सभी विद्यालयों में शत प्रतिशत उपस्थिति होनी चाहिये। उन्होंने कहा कि इंस्पायर अवार्ड में मध्य विद्यालय तथा उच्च विद्यालय, प्लस टू उच्च विद्यालय मे वर्ग 6-12 में पढ़ने वाले पांच छात्र-छात्राओं का नॉमिनेशन करने का निर्देश दिया गया है लेकिन अभी तक 17 विद्यालयों द्वारा नॉमिनेशन नहीं किया गया है जो विभागीय निर्देशों का उल्लंघन है। जो विद्यालय नॉमिनेशन नहीं किये हैं वे दो दिनों के अंदर कार्य को पूरा करें। उन्होंने कहा कि सांसद खेल महोत्सव का आयोजन किया जाना है, उसमें सभी विद्यालय भाग लेंगे। बीआरपी श्रीकांत चौबे ने शिक्षा सारथी योजना के बारे में पुन: विस्तार से चर्चा किया। इंस्पायर आवर्ड के जिला नोडल पदाधिकारी अविनाश कुमार सिन्हा ने कहा कि जो विद्यालय इंस्पायर अवार्ड में आवेदन नहीं किये हैं जल्द करें। बैठक में बीआरपी प्रकाश कुमार, सीआरपी संजय कुमार सिंह, अजय कुमार, शोभा पांडेय, वीरेंद्र प्रजापति सहित सभी प्रधानाध्यापक उपस्थित थे।

# बाइक और कमांडर में टक्कर, तीन घायल

**लापरवाही और गति सीमा अधिक रहने से बढ़ने लगी है सड़क दुर्घटना**

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेराल।** थाना क्षेत्र के गोंदा में श्री गणेश पेट्रोल पंप के पास फोरलेन सड़क पार करने के दौरान बाइक का कमांडर जीप में हुई भिड़ंत हो गया, इस दुर्घटना में बाइक चालक सहित तीन लोग घायल हो गए। प्रत्यक्ष दर्शियों के अनुसार तेज रफ्तार में नगर से गढ़वा की ओर कमांडर जीप जा रही थी, इसी दौरान पेट्रोल पंप के तरफ से बाइक सवार सड़क पार कर रहे थे कि कमांडर जीप से टक्कर हो गई। लोगों ने बताया कि बाइक सवार ने भी सड़क पार करते समय कमांडर जीप की स्पीड नहीं समझ पाया, हालांकि कमांडर जीप के चालक ने बाइक को बचाने का प्रयास करते हुए गाड़ी को सड़क की बाई तरफ ले गया बावजूद टक्कर हो गयी। गनीमत रही की सवारी से भरा कमांडर जीप अनियंत्रित होकर नहीं पलटी नहीं तो बड़ा हादसा हो जाता। घटना के बाद जीप चालक मौके से फरार हो गया। आसपास के पहुंचे लोगों ने घायल बाइक चालक एवं सवार को गढ़वा सदर अस्पताल भेज दिया। सूचना मिलने पर पहुंची मेराल थाना पुलिस ने जेसीबी के मदद से कमांडर जीप में फंसे मोटरसाइकिल को निकाल कर थाना लाया गया। बता दें कि नवनिर्मित फोरलेन सड़क पर गाड़ियों की रफ्तार, यातायात नियमों का पालन नहीं करने और लापरवाही से गाड़ी चलाने का कारण सड़क दुर्घटना बढ़ती जा रही है।



# मनरेगा योजना बंद होते ही जॉब कार्डधारी मजदूर कर रहे हैं पलायन

विमलेश कुमार

**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** बिगत दो माह से मनरेगा के तहत संचालित नये कार्य बंद होने और काम नहीं मिलने से जॉब कार्डधारी मजदूर बेरोजगार हो चले है, जिससे वें आर्थिक संकट की दौर से गुजर रहे है। बरसात के मौसम में अधिकांश मनरेगा योजना बंद रहने से मनरेगा मजदूरों के बीच रोजगार के लाले पड़ गए हैं। मनरेगा मजदूरों को भी काम नहीं मिलने के कारण वें रोजगार के लिए केरल, महाराष्ट्र, कोलकाता जैसे महानगर की ओर पलायन करने को विवश हैं। मनरेगा योजना में भी मजदूरों को समय पर मजदूरी भुगतान नहीं मिल रही है। दो तीन माह से मनरेगा मजदूरों के खाते में समय से पैसा नहीं डाले जाने से उनके घर की माली हालत बिगड़ गयी है।

मनरेगा बीपीओ आनंद कुमार की माने तो सिर्फ प्रधानमंत्री आवास, अबुआ आवास और वृक्षारोपण जैसी कार्यों में बहुत ही कम मजदूरों की मांग की जा रही है। प्रखंड के कुछ पंचायतों में पूर्व से लिए गए वृक्षारोपण तथा पीएम आवास एवं अबुआ आवास में मजदूरों की मांग होने की बात बताई। प्रखंड की कुल नौ पंचायत में मात्र कभी दो सौ तो कभी सात सौ मजदूरों को ही काम मिल रहा है। इस कारण अभी भी हजारों मनरेगा मजदूर बेरोजगार हो गए हैं। जबकि बीडीओ नंदजी राम ने बताया कि मनरेगा के तहत पूर्व में लिए गए योजनाएं ही संचालित हो रही है, साथ ही कुछ योजनाओं को छोड़कर बरसात के मौसम को देखते हुए ज्यादातर होने वाली मिट्टी मोरम जैसे कार्य बंद है। अगले माह से मनरेगा के तहत संचालित मिट्टी मोरम का कार्य प्रारंभ होने से निबंधित मनरेगा मजदूरों की डिमांड बढ़ेगी और उन्हें ग्राम स्तर पर ही रोजगार मुहैया करायी जायेगी।



**कुल 25152 निबंधित मजदूरों में 14985 सक्रिय**

जानते चले कि भवनाथपुर प्रखंड में कुल 25,152 निबंधित मनरेगा मजदूर हैं, जिसमे करीब 14,985 मनरेगा मजदूर सक्रिय हैं। बरसात के मौसम में मनरेगा के तहत संचालित मिट्टी मोरम जैसी योजनाओं में मजदूरी डिमांड पर रोक लगने से ज्यादातर निबंधित मजदूरों को रोजगार मुहैया नहीं हो पा रही है।

# वनांचल इंस्टिट्यूट ऑफ हेल्थ एजुकेशन को पढ़ाई के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए झारखंड में तीसरा स्थान

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** झारखंड राज्य पैरामेडिकल काउंसिल के स्थापना दिवस के अवसर पर बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय परिसर में वनांचल एजुकेशनल एंड वेलफेयर ट्रस्ट द्वारा संचालित वनांचल इंस्टिट्यूट ऑफ हेल्थ एजुकेशन एंड रिसर्च (पैरामेडिकल) कॉलेज को झारखण्ड राज्य में पढाई के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले संस्थानों में तीसरा स्थान प्राप्त हुआ। इस अवसर पर काउंसिल के निदेशक-प्रमुख, स्वास्थ्य सेवाएं, झारखंड सह अध्यक्ष डॉ सिद्धार्थ सान्याल (शल्य विभाग, रिम्स, रांची), कार्यकारी निदेशक एवं सदस्य सचिव प्रोफेसर डॉ डीके सिन्हा (नेत्र रोग विभाग, रिम्स, रांची), निबंधक डॉ एम दीपक लकड़ा तथा परीक्षा नियंत्रक डॉ राजीव रंजन (एनाटॉमी विभाग, रिम्स, रांची) की उपस्थिति में वनांचल इंस्टिट्यूट ऑफ हेल्थ एजुकेशन एंड रिसर्च (पैरामेडिकल), गढ़वा को स्मृति-चिन्ह एवं प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया। झारखंड राज्य पैरामेडिकल काउंसिल से कुल 69 कॉलेज को संबंधन प्राप्त कर संचालित हो रहा है जिसमें वनांचल इंस्टिट्यूट ऑफ हेल्थ एजुकेशन एंड रिसर्च (पैरामेडिकल) कॉलेज, गढ़वा को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ। इस अवसर पर बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलाधिपति एवं वनांचल एजुकेशनल एंड वेलफेयर ट्रस्ट के अध्यक्ष दिनेश प्रसाद सिंह तथा कुलपति प्रोफेसर एमके सिंह ने संयुक्त रूप से पैरामेडिकल कॉलेज के प्राचार्य एवं छात्र-छात्राओं को बधाई दी। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलाधिपति एवं ट्रस्ट के अध्यक्ष श्री दिनेश प्रसाद सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि यह सम्मान पूरे संस्थान समुदाय के लिए गर्व का विषय है। गढ़वा जैसे सुदूरवर्ती क्षेत्र बहुत कम शुल्क में गुणवत्तापूर्ण पैरामेडिकल शिक्षा उपलब्ध कराना बड़ी उपलब्धि है। विद्यार्थियों और शिक्षकों की मेहनत से ही यह सफलता संभव हुई है। मौक पर वनांचल इंस्टिट्यूट ऑफ हेल्थ एजुकेशन एंड रिसर्च (पैरामेडिकल) कॉलेज के विद्यार्थी, विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ अजय भूषण प्रसाद, परीक्षा नियंत्रक डॉ ललन कुमार एवं वनांचल एजुकेशनल एंड वेलफेयर ट्रस्ट के पदाधिकारी समेत कई उपस्थित हुए।



# संगठन सृजन कार्यक्रम में पहुंचे कई दिग्गज नेता, बढ़ाया कार्यकर्ताओं का हौसला

आजाद सिपाही संवाददाता

**भंडरिया।** गढ़वा जिले के सुदूरवर्ती प्रखंड बड़गड़ में आयोजित कांग्रेस पार्टी के संगठन सृजन कार्यक्रम में पहुंचे झारखंड प्रदेश कांग्रेस प्रभारी के राजू एवं झारखंड सरकार के वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर, पूर्व मंत्री बादल पत्रलेख, पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी, झारखंड प्रदेश के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर। सभी कांग्रेसी नेताओं ने प्रखंड स्तर एवं पंचायत स्तर के कार्यकर्ताओं से सीधा संवाद किया एवं दिया मूल मंत्र। साथ ही कार्यकर्ताओं से संवाद के दौरान क्षेत्र की समस्याओं से भी अवगत हुए और त्वरित निष्पादन करते हुए कार्यक्रम स्थल से ही विभिन्न विभागों के पदाधिकारीयों से फोन कर बड़गड़ एवं भंडरिया प्रखंड क्षेत्र की समस्या को निराकरण के लिए निर्देश दिया। वहीं झारखंड कांगेस प्रभारी के राजू ने कहा कि संगठन सृजन के तहत कार्यकर्ताओं से संवाद किया तो इस क्षेत्र में कई समस्याएं भी सामने आयी है। जिसमें हॉस्पिटल में डॉक्टर की कमी एवं विजली की समस्या मुख्य रूप से सामने आई है। जिसका त्वरित निष्पादन के दिशा में झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी से फोन पर बात कर डॉक्टर की कमी को दूर करने की निर्देश दिया है। साथ ही कथित वोट चोरी को लेकर कहा कि हमारे नेता राहुल गाँधी ने देश के सामने विचार व्यक्त किया है। इसको लेकर इलेक्शन कमीशन को जबाव देना चाहिए। वहीं झारखंड सरकार के वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने बड़गड़ क्षेत्र में विजली नहीं रहने की समस्या को लेकर विजली विभाग के पदाधिकारीयों को फोन पर कड़ी फटकार लगाते हुए इस क्षेत्र में कैम्प लगाकर समस्या को दूर करने का निर्देश दिया। वहीं वित्त मंत्री ने कहा कि दशहरा पर्व के बाद मैं अपने उपस्थिति में सभी विभाग के पदाधिकारीयों के साथ बड़गड़ में जनता दरबार लगाने का कार्य करूंगा। जिसमें क्षेत्र की सभी समस्याओं को दूर की जायेगी। वहीं कांग्रेस पार्टी के पूर्व झारखंड प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि हमारा पार्टी आने वाला समय में बड़गड़ क्षेत्र में मजबूत होकर उभरेगी। वहीं पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी ने कहा हमलोग का संगठन मजबूत हो रहा है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे कांग्रेस के गढ़वा जिला अध्यक्ष ओबेदुल्लाह हक अंसारी, कांग्रेस जिला अध्यक्ष पलामू जैश रंजन पाठक ऊर्फ बिट्टू पाठक,कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सुरेन्द्र तिवारी, जयशंकर पाठक, हिन्दू न्यास बोर्ड के चेयरमैन सूर्यकांत शुक्ला, अमूल्य निरज खलखो, झारखंड कांग्रेस के मिडिया चेयरमैन सतीश पाल मुंजनी, प्रशांत किशोर, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष बड़गड सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थें।



## मोपेड से अनियंत्रित होकर गिरी महिला



**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** भवनाथपुर-केतार मुख्य मार्ग पर दुधमनियां घाटी के समीप शुक्रवार की दोपहर में मोपेड से अनियंत्रित होकर गिरने से खरौंधी थाना क्षेत्र के रेखाडीह निवासी शंभु ठाकुर की पत्नी विद्यावती देवी गंभीर रूप से घायल हो गयी। घायलावस्था में परिजनों के द्वारा इलाज के लिए स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां आयुष डॉक्टर नीतीश भारती द्वारा प्राथमिक इलाज कर स्थिति गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दिया। घटना की जानकारी देते घायल महिला के पति शंभु ठाकुर ने बताया कि भवनाथपुर बाजार के पश्चात मोपेड से हमलोग दोनों पति पत्नी घर लौट रहे थे कि इसी दौरान पत्नी की साड़ी पीछे के चक्का में फंस गया, जिस कारण से वह अनियंत्रित होकर नीचे गिर गयी।

## क्रिकेट खिलाड़ियों का निबंधन 22 से 28 सितंबर तक

**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** गढ़वा जिला क्रिकेट संघ में खिलाड़ियों का निबंधन 22 सितंबर से 28 सितंबर 2025 तक गढ़वा सत्र 2025 26 के लिए जिला भर के पुरुष महिला क्रिकेट खिलाड़ियों का निबंधन 22 सितंबर 2025 से 28 सितंबर 2025 तक किया जायेगा। सहिजना रोड में प्रिन्स सेनेटरी के कैंपस में गढ़वा जिला क्रिकेट संघ के कार्यालय में संपर्क किया जा सकता है। गढ़वा जिला क्रिकेट संघ का कार्यालय दिन के 11 से शाम 5 बजे तक किया जायेगा। संघ के सचिव राघवेंद्र नारायण सिंह ने जिले भर के सभी वर्ग के पुरुष महिला खिलाड़ियों को समय पर निबंधन करवा लेने का आग्रह किया है। विशेष जानकारी के लिए कार्यालय कर्मी अमित कुमार श्रीवास्तव के मोबाईल 8210347079 पर संपर्क किया जा सकता है।



## आनंद मार्ग प्रचारक संघ ने कैंसर पीड़ित को दैनिक उपयोग की वस्तुएं दीं और आर्थिक सहयोग किया



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** गढ़वा जिले के खरौंधी प्रखंड अंतर्गत झुरी बाण के जय पटेल पिता रामेश्वर चौधरी लंबे समय से कैंसर से पीड़ित है। इन्होंने इलाज के लिए अपनी जमीन तक बेच दी। परिवार में कोई कमाऊ सदस्य नहीं है जिससे परिवार पर भुखमरी एवं अभाव की स्थिति उत्पन्न हो गयी है। आनंद मार्ग प्रचारक संघ को इसकी सूचना दृष्टि न्यूज से प्राप्त समाचार होने पर नर सेवा ही नारायण सेवा को चरितार्थ करते हुए पीड़ित परिवार की दैनिक आवश्यकता की चीजें एवं आर्थिक सहयोग प्रदान करते हुए समाज के लोगों से आग्रह किया है कि विश्व हमारा परिवार है और इसके प्रति हमारा मानवीय एवं नैतिक कर्तव्य है कि हम सब प्रत्येक के सुख दुख में खड़े हों। इस महत कार्य में आचार्य अनुरागानंद अवधूत, भुक्ति प्रधान धर्मेंद्र देव, भवनाथपुर यूनिट सेक्रेटरी सत्यप्रकाश जी, श्री बंशीधर नगर यूनिट सेक्रेटरी सतेंद्र दादा, अनुज पटेल खरौंधी यूनिट सेक्रेटरी, पूर्व भुक्ति प्रधान गिरिजानंद, रजत कार्यक्रम सचिव अरिंदम विश्वास, अनुप देव ने महत्वपूर्ण भूमिका निभायी।

## उत्कृष्ट प्रदर्शन पर शिक्षक और विद्यार्थी पुरस्कृत



**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** एफएलएन चैंपियनशिप 2024-25 अंतर्गत जिला स्तरीय चैंपियनशिप में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर राजकीय कन्या प्राथमिक विद्यालय भवनाथपुर बस्ती के शिक्षक और दो बच्चे जिला शिक्षा पदाधिकारी गढ़वा के द्वारा पुरस्कृत एवं सम्मानित किये गये। बताते चलें कि गढ़वा जिले के सभी प्रखंडों से 40 छात्र-छात्राओं एवं 20 शिक्षकों को पुरस्कृत किया गया, जिसमें भवनाथपुर से राजकीय कन्या प्राथमिक विद्यालय के शिक्षक -सह-राज्य साधनसेवी पांडेय सूर्यकान्त शर्मा एवं इसी स्कूल के दो बच्चे वर्ग 5 से आशिका कुमारी पिता मंटू कुमार एवं अभिनव कुमार पिता मिथिलेश कुमार भवनाथपुर को पुरस्कृत किया गया। प्रखंड साधनसेवी रविन्द्र कुमार एवं संकुल साधन सेवी प्रभात कुमार ने प्रखंड का नाम रौशन करने पर बच्चों को शुभकामनाएं एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## आरपी सेवा सदन में स्वास्थ्य जांच शिविर लगा



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75 वें जन्म दिवस के अवसर पर शुक्रवार को साईं मुहल्ला स्थित आरपी सेवा सदन में नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष ठाकुर प्रसाद महतो, विधायक प्रतिनिधि रिंकू तिवारी, राजीव रंजन तिवारी, डॉक्टर पातंजली केशरी, मंडल अध्यक्ष उमेश कश्यप सहित अन्य लोगों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष ठाकुर प्रसाद महतो ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस पर सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम चलाया जा रहा है। जिसके अंतर्गत भाजपा नेता डॉक्टर पातंजली केशरी के नेतृत्व में आरपी सेवा सदन में नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया है। सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलेगा। इसके तहत जरूरतमंद बच्चों के बीच कलम कॉपी वितरण, सार्वजनिक स्थलों की साफ सफाई, फल वितरण सहित अन्य कार्यक्रम आयोजित किया जाना है। विधायक प्रतिनिधि रिंकू तिवारी ने कहा कि स्वास्थ्य जांच शिविर से समाज के विभिन्न वर्गों को लाभ मिल रहा है। रक्तचाप, शुगर, एनीमिया सहित अन्य जांच कर लोग इसका लाभ उठा सकते हैं। स्वास्थ्य के प्रति हम सभी को सचेत रहना चाहिए।

**झारखण्ड सरकार**

**कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, (कृषि प्रभाग)**

**कार्यालयः- सहायक मिट्टी रसायनज्ञ, लातेहार**

**पता- मिट्टी जाँच प्रयोगशाला, संयुक्त जिला कृषि कैम्पस, कीनामाड, लातेहार-829206**

**(अल्पकालीन निविदा सूचना), निविदा सूचना संख्या-01/2025-26**

वित्तीय वर्ष 2025-26 में सचिव, कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, झारखण्ड, रॉची के राज्यादेश सं०-19 दिनांक 06.06.2025 के अनुपालन में राज्य योजनान्तर्गत "कृषि प्रयोगशाला स्थापना एवं सुदृढ़ीकरण योजना" के कार्यान्वयन हेतु निम्नलिखित प्रयोगशाला उपकरणों की आपूर्ति हेतु मोहरबंद सील लिफाफे में निविदा आंमत्रित की जाती है। इस हेतु आवेदन पत्र 9 दिनों के लिए **दिनांक 20.09.2025 से 06.10.2025 तक अपराह्न 5:00 बजे तक** कार्यालय मे जमा किए जा सकते है। सामग्री की पूर्ण विवरण निम्नवत् है:-

| क्र०सं० | क्रय हेतु आवश्यक सामग्री की सूची | विवरण | साईज | दर |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Beaker | Class-A | 100ml | Per unit |
| | | Class-A | 50ml | Per unit |
| 2 | Funnels | Class-A | 65ml | Per unit |
| 3 | Volumetric flask Calibrated at 27°C | Class-A | 25ml | Per unit |
| 4 | Watch Glass | Class-A | 120ml | Per unit |
| 5 | Petri Dish | Class-A | 80*15mm | Per unit |
| 6 | Conical Flask | Class-A | 250ml | Per unit |
| 7 | Pipettes | | 5ml | Per unit |
| | | Class-A | 10ml | Per unit |
| | | | 20ml | Per unit |
| 8 | Pipette controller | | 5ml | Per unit |
| | | Class-A | 10ml | Per unit |
| | | | 20ml | Per unit |
| 9 | Weighing Scoop | Class-A | 10ml | Per unit |
| 10 | Testube for Borosil Kjeldal Distillation unit | Class-A | 250ml | Per unit |
| 11 | Tong (Flask) | Class-A | 10ich | Per unit |
| 12 | Spatula | Class-A | 8ich | Per unit |
| 13 | Digital pipette | Class-A | 10ml | Per unit |
| | | Class-A | 20ml | |
| 14 | Electronic micro pipette | Class-A | 10ml | Per unit |
| 15 | Tarson Digital Burette | Class-A | | Per unit |
| 16 | Conical Flask (Narrow mouth) | Class-A | 500ml | Per unit |
| 17 | Quartz Boron free Volumetric Flask | Class-A | 250ml | Per unit |

**निविदा समर्पित करने की शर्ते:-**

- GST निबंधन प्रमाण पत्र एवं GST जमा करने से संबंधित अद्यतन जमा रसीद निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा।
- सशर्त निविदाएं मान्य नहीं होगी।
- Udyam Registration Certificate अद्यतन होना अनिवार्य है।
- विलंब से प्राप्त निविदाएं मान्य नहीं होगी।
- निविदादाता के द्वारा पैन कार्ड के साथ विगत तीन वर्षो का आयकर रिटर्न पत्र निविदा के साथ संलग्न करना होगा।
- निर्माणकर्ता/प्रतिष्ठानों/प्राधिकृत एजेन्सी राष्ट्रीय/राजकीय अधिकृत आपूर्तिकर्ता का नाम देगें। साथ ही संबंधित प्रतिष्ठान निविदादाता कम्पनी का अद्यतन प्राधिकार पत्र निविदा के साथ संलग्न करेगें।
- निर्माता कंपनी/प्राधिकृत विकेता एवं एजेन्सी को इस आशय का स्वअभिप्रमाणित शपथ पत्र देना होगा कि उसकी कम्पनी/संस्थान केन्द्र सरकार, राज्य सरकार या किसी अनुशांगिक इकाई द्वारा काली सूची में नहीं है। जांच गलत पाये जाने पर निविदादाता वैधानिक कार्रवाई के भागी होगें।
- निविदा में भाग लेने हेतु Tender Document Fee 1000/- (एक हजार रू० मात्र) जो Non-Refundable है।
- निविदा से संबंधित अग्रधन (EMD) की राशि 5000/- (पांच हजार रू० मात्र) है। निविदा प्रक्रिया उपरांत चयनित फर्म को छोड़कर अन्य सभी फर्म की अग्रधन राशि वापस कर दी जायेगी।
- Tender Document Fee और EMD मूल बैंक ड्राफ्ट सहायक मिट्टी रसायनज्ञ, मिट्टी जांच प्रयोगशाला, लातेहार के नाम से संलग्न करना होगा।
- निविदा खुलने की तिथि को निवेदक की उपस्थिति अपेक्षित है, अपने खर्च पर उपस्थित होना है। इसके लिए अलग कोई यात्रा भत्ता देय नहीं है।
- रसायन एवं उपस्करों की आपूर्ति मूल्य सभी करों सहित प्रति इकाई (01 Unit) सूची कमांक के अनुरूप उनके नाम के सामने वाले स्तंभ में कम्प्यूटरीकृत रूप से अंकित करेंगें। निविदा में दिये गये मूल्य किसी भी परिस्थिति में बाजार मूल्य से अधिक नहीं होनी चाहिए। भविष्य में जांचोपरांत मूल्य में भिन्नता पाये जाने पर निविदादाता स्वयं व्यक्तिगत रूप से जिम्मेवार होगें और वे सभी प्रकार के वैधानिक कार्रवाई के भागी होगें।
- निविदा का तकनीकी एवं मूल्य भाग अलग-अलग मुहरबंद लिफाफे में समर्पित करना होगा। तकनीकी भाग में निविदत उपकरण का नाम (कमांक के अनुसार) पैकिंग/फीचर एवं साईज के साथ अंकित करना मूल्य रहित (Without Price) करते हुए सूचीबद्ध करेगें ताकि उनके द्वारा निविदत उपकरण की जानकारी हो सकें। सफल निविदादाताओं के मूल्य पर विचार किया जायेगा।

**अन्य शर्ते:-**

- बिना कारण बतायें निविदा आंशिक या पूर्ण रद्द करने का सर्वाधिकार अद्योहस्ताक्षरी को सुरक्षित रहेगा एवं विशेष परिस्थिति में निविदा के शर्तो में संशोधन एवं शिथिल करने हेतु जिला क्रय समिति (कृषि विभाग) लातेहार को सुरक्षित/अधिकृत होगा।
- इस निविदा के आधार पर निर्धारित दर वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए मान्य होगा। विशेष परिस्थिति यथा ससमय आपूर्ति नहीं करने एवं गुणवत्ता निम्न पाये जाने की स्थिति में निविदा रद्द करते हुए भुगतान प्रक्रिया लंबित रखी जायेगीं।
- किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र लातेहार होगा।

सहायक मिट्टी रसायनज्ञ,
लातेहार

PR 362365 Agriculture(25-26)#D

आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 20 सितंबर, 2025
www.azadsipahi.in
08

महत्वपूर्ण खबरें

## जूनियर ब्रदर तपकरा ने जीता तीन दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का खिताब



खूंटी (आजाद सिपाही)। जूनियर ब्रदर तपकरा की टीम ने कर्रा प्रखंड के बिंकुवादाग गांव में चल रहे तीन दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम कर लिया। जूनियर ब्रदर तपकारा बनाम आरोटोली तिलमी के बीच फाइनल मैच शुक्रवार को खेला गया, जिसमें जूनियर ब्रदर ने आरोटोली को 2-0से पराजित कर दिया। विजेता टीम कों शील्ड और 15 हजार रुपये नकद पुरस्कार दिया गया, जबकि उप विजेता को कप के साथ 7500 रु इनाम के तौर पर दिये गये। टूनार्मेंट में गुड़िया ब्रदर तपकरा की टीम तृतीय स्थान और सीम गड़ाटोली की टीम चौथे स्थान पर रहीं। दोनों टीमों का 2500-2500 रुपये का नकद पुरस्कार दिया गया। टूर्नामेंट में 16 टीमों ने भाग लिया था। बेस्ट प्लेयर आंफ टूर्नामेंट का खिताब समीर लकड़ा को मिला, जिसे शील्ड के अलावा एक हजार रु का नकद पुरस्कार दिया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उड़ीकेल पंचायत के मुखिया क्षत्री हेमरोम और समाजसेवी दिलीप कुमार शर्मा ने खिलाड़ियों के बीच पुरस्कार वितरण किया। मौके पर अतिथियों ने खिलाड़ियों से कहा कि वे खेल भावना से खेलें। हार-जीत तो खेल के अंग हैं। उन्होंने कहा कि खेल को आज का युवा वर्ग करयिर के रूप में चुन रहा है। टूनार्मेंट को सफल बनाने में रेफरी सोनू गोप, अनुज हेमरोम, रमेश हेमरोम, विजय होरों, प्रांजल पाठक, काचू मुंडा, दीपक सिंह, बिरसा मुंडा, अंकित कुमार शर्मा, जितेंद्र हजाम, राम मुंडा, अमन दास, राजू मुंडा आदि ने योगदान दिया।

## बिरसा कॉलेज में प्रतियोगिता का आयोजन



खूंटी (आजाद सिपाही)। बिरसा कॉलेज खूंटी में शुक्रवार से इंटरनेशनल माइकोआरगेनिजम दिवस 2025 के अवसर पर बिरसा कॉलेज तथा माइक्रोबायोलॉजिस्ट सोसाइटीज ऑफ इंडिया के तत्वावधान से चार दिवसीय, रंगोली, पोस्टर, वाद-विवाद, तथा चित्रकारी प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। प्रतियोगिता में कॉलेज के विज्ञान विभाग के सभी छात्र छात्राओं ने भाग लिया। मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य डॉ सीके भगत उपस्थित थे। उन्होंने प्रतिभागियों को मेडल और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। समारोह में वनस्पति विभाग की विभागाध्यक्ष सह समन्वयक डॉ अस्मृता महतो ने विषय प्रवेश कराया। कार्यक्रम में पुष्पा सुरीन, पूनम एम टियू, राज कुमार गुप्ता, तारीफ लुगुन आदि उपस्थित थे।

## आदर्श विद्या मंदिर स्कूल में ताला तोड़कर चोरी

बेड़ो (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के मुरतो गांव स्थित आदर्श विद्या मंदिर स्कूल में गुरुवार की रात चोरी की घटना से आम लोगों में दहशत है। स्कूल में दस हजार नकद समेत हजारों रुपये के समानों की चोरी कर ली गई है। इस संदर्भ में स्कूल के संचालक सह डहुटोली गांव निवासी अभिजीत कुमार राज ने थाना में एक लिखित आवेदन दिया है। आवेदन में उन्होंने कहा है कि चोरों ने ट्राली वाला एक साउंड बॉक्स,चार पंखे, नकद 10 हजार,कुर्सी, पर्दा,टेबल, टेबल घड़ी,पेन होल्डर व लाइट एवं अन्य सामान की चोरी कर ली है। इस दौरान चोरों ने कार्यालय में रखे आलमीरा के लॉकर को तोड़ कर उसमें रखे कागजात को जला दिया। थाना प्रभारी देव प्रताप प्रधान ने बताया कि मामला दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

## बिरसा मुंडा प्रधानमंत्री फसल बीमा शिविर लगा



तमाड़ (आजाद सिपाही)। तमाड़ पूर्वी लैंपस कार्यालय में बिरसा मुंडा प्रधानमंत्री फसल बीमा शिविर का आयोजन किया गया। अध्यक्षता लैंपस अध्यक्ष बेरनादेत कच्छप ने की। बीमा का शुल्क राज्य सरकार व केंद्र सरकार ने संयुक्त रुप से देने की घोषणा की है। कार्यशाला में लैंपस अध्यक्ष सहित लैंपस सहकारिता प्रसार पदाधिकारी जयंती टोप्पो, पूर्व सांसद प्रतिनिधि लक्ष्मण सिंह मुंडा, लैंपस प्रबंधक श्यामल कुमार नायक, राजेश रुंडा, रश्मि देवी, हराधन मुंडा, मदन मुंडा आदि किसान शामिल थे।

## भाजयुमो ने लगाया रक्तदान शिविर

खूंटी (आजाद सिपाही)। सेवा पखवारा के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस पर शुक्रवार को सदर अस्पताल खूंटी में जिलाध्यक्ष रोहित कुमार साहू के नेतृत्व में रक्तदान शिविर लगाया गया। मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष और पूर्व मंत्री नीलकंठ सिंह मुंडा और तोरपा के पूर्व विधायक कोचे मुंडा उपस्थित थे। भाजयुमो के जिलाअध्यक्ष रोहित साहू ने कहा कि रक्तदान महादान होता है। यह मानवता की अमूल्य सेवा है। रक्तदान से जुड़े मिथक को खत्म करने और इस पुनीत कार्य के प्रति जागरूकता बनाने का संकल्प लें। मौके पर बीजेपी के जिलाअध्यक्ष चंद्रशेखर गुप्ता, महामंत्री संजय साहू, सुनील साहू, प्रियंक भगत, मंडल अध्यक्ष मदन मोहन गोप, सत्यम मिश्रा, पंकज कुमार, प्रकाश मांझी, सौरव कुमार साहू, अभिषेक कुमार, विराज कश्यप, पवन सोनी, आदर्श अंशुल सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## आमसभा में लेखा-जोखा प्रस्तुत



बुंडू (आजाद सिपाही)। शुक्रवार को जेएसएलपीएस के द्वारा गठित बानाबुरु महिला किसान उत्पादक कंपनी लिमिटेड का वार्षिक आमसभा का आयोजन एफपीसी प्रशिक्षण केंद्र बुंडू में की गयी। इसमें वितीय वर्ष 2024-25 में किये गये कार्यों एंव लेखा-जोखा की प्रस्तुति की गयी तथा अगले वर्ष की कार्य योजना को साझा किया गया। बानाबुरु महिला किसान उत्पादक कंपनी लिमिटेड के द्वारा बनाये जा रहे प्रोडक्ट इमली कैंडी, इमली चटनी, इमली केक, कटहल आचार, आम कुल्चा, आम चूर्ण, बेर चूर्ण, ओल आचार, संधना आचार, किचेन किंग ऑल इन वन मसाला, अरहर दाल इत्यादि का प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम में जेएसएलपीएस बुंडू के प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक दीपक कुमार द्वारा एफपीसी के कार्यों, उदेश्य एंव लक्ष्य को विस्तार पूर्वक बताया गया। मौके पर उपश्थित प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक अनमोल मिंज, आइबीएपी जावेद खान, आइपीआरपी संगीता गोप, अंजू टोपो, सुरजमनी देवी, एफपीसी बोर्ड ऑफ डायरेक्टर संजू देवी, सनोका देवी, खगेश्वरी देवी, राजमुनी देवी, बुधनी देवी, प्रबंधक प्रभा कुमारी, अकाउंटेंट रोमोला कुमारी, बिश्वामित्र महतो, आइएफसी कोऑर्डिनेटर, एलएच-बीआरपी के साथ-साथ किसान उपस्थित हुए।

# पास्कर भेंगरा हत्याकांड का उद्भेदन, 3 गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** तपकारा थाना क्षेत्र कें डिगरी गांव में गत 17 सितम्बर को पास्कल भेंगरा नामक ग्रामीण की हुई हत्या का 24 घंटे के अंदर पुलिस ने खुलासा कर दिया और हत्याकांड में शामिल तीन आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गये अपराधियों में ग्राम गोपला थाना तपकारा निवासी वर्तमान संदीप गुड़िया(27 वर्ष), डिगरी निवासी खुदू टोपनो(19 वर्ष) और उसी गांव का दुर्गा कंडुलना (25 वर्ष) शालि है। यह जानकारी तोरपा के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी क्रिस्टोफर केरकेट्टा ने शुक्रवार को अपने कार्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी।

एसडीपीओ ने बताया कि आपसी विवाद में शराब कें नशे में तीनों आरोपियों ने पत्थर से कूचकर और गमछा से गला घोंटकर कर दी थी। पत्थर से बुरी तरह कुचलने के बाद अपराधियों ने पास्कर को एक पेड़ से बांध दिया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए हत्याकांड के उद्भेदन के लिए पुलिस अधीक्षक मनीष टोप्पो के निर्देश पर तोरपा के एसडीपीओ के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया गया।

पुलिस ने गुरुवार को तीनों अपराधियों को डिगरी गांव से गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गये आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त पत्थर और गमछा के अलावा एक मोबाइल बरामद कर लिया। पुलिस टीम में एसडीपीओ के अलावा तोरपा के पुलिस इंस्पेक्टर अशोक कुार सिंह, रनिया के थाना प्रभारी विकास कुमार जायसवाल,, तपकराा थाना के एसआई ध्नंजय कूमार राय, हवलदार मनोज भगत, हवलदार मुन्ना उरांवख, आरक्षी अनूप लकड़ा और अनिश बारला शामिल थे।

## अगर हमें स्वस्थ रहना है, तो पोषित आहार लेना आवश्यक है: डॉ नागेश्वर



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय पोषण माह के अंतर्गत स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत जन-जन को जागरूक करने के उद्देश्य से शुक्रवार को सिविल सर्जन खूंटी डॉ नागेश्वर मांझी ने चार जागरूकता रथों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मौके पर सिविल सर्जन ने कहा कि अगर हमें स्वस्थ रहना है, तो पोषित आहार लेना आवश्यक है। इस दौरान एक पौधा मां के नाम अभियान को भी बल दिया जायेगा। मौके पर डीआरसीएचओ डॉ शोभा क्रिस्पोटा, एसीएमओ डॉ रजनी नीलम टोप्पो, डीएलओ डॉ नमिता, डीपीसी डॉ उदयन शर्मा, डीडीएम श्वेता सिंह, ललन सिंह महतो, किरण देवी, शिव तिर्की, सिनी संस्था जिला समन्वयक संगीता मिश्रा, रोहित राज, प्रशांत कुमार, सोमरा मुंडा उपस्थित थे।

## बीओआइ सोनाहातू शाखा प्रबंधक के खिलाफ बीडीओ को सौंपी शिकायत

**सोनाहातू (आजाद सिपाही)।** बैंक ऑफ इंडिया, सोनाहातु शाखा की शाखा प्रबंधक नेहा रानी के विरुद्ध प्रखंड प्रमुख श्रीमती विक्टोरिया देवी ने प्रखंड विकास पदाधिकारी को एक लिखित शिकायत सौंपी है। शिकायत में उन्होंने शाखा प्रबंधक पर अभद्र व्यवहार और जनता को उचित बैंकिंग सेवा न देने का आरोप लगाया है। प्रखंड प्रमुख विक्टोरिया देवी ने बताया कि बीते कुछ समय से लगातार आम जनता की ओर से बैंक से संबंधित शिकायतें मिल रही थीं। जब उन्होंने इस संदर्भ में शाखा प्रबंधक से बात करने की कोशिश की, तो प्रबंधक ने उनके साथ असम्मानजनक व्यवहार किया। उन्होंने आगे कहा कि बैंक में न तो केवाइसी फार्म उपलब्ध हैं और न ही ग्राहकों को सही ढंग से सेवा प्रदान की जा रही है। प्रमुख ने बीडीओ से मांग की है कि बैंक शाखा में सुधार की दिशा में त्वरित कार्रवाई की जाये। बैंक के सामने ही बैंक का एक सेंटर खोले गये हैं, जहां से सभी कार्य का निष्पादन किया जाता है। प्रमुख ने चेतावनी दी कि यदि इस मामले में शीघ्र कार्रवाई नहीं होती है, तो वे उच्च अधिकारियों को ज्ञापन सौंपेंगी और आंदोलन की रूपरेखा तय करेंगी। शिकायत के समय भीष्म देव महतो, प्यारे लाल रविदास, मनोज कुमार महतो, रामकुमार राम, राधा रविदास सहित ग्रामीण भी मौजूद थे।

## दुगार्पूजा को लेकर पिपरवार थाना परिसर में हुई शांति समिति की बैठक



**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** दुगार्पूजा को लेकर शुक्रवार को पिपरवार थाना परिसर में शांति समिति की एक आवश्यक बैठक संपन्न हुई। इस बैठक की अध्यक्षता टंडवा एसडीपीओ प्रभात रंजन बरवार और संचालन पिपरवार थाना प्रभारी अभय कुमार और धन्यवाद ज्ञापन इंस्पेक्टर उत्तम कुमार तिवारी ने किया। बैठक में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी पिपरवार थाना क्षेत्र में दुगार्पूजा का त्योहार आपसी भाईचारगी के साथ मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में एसडीपीओ प्रभात रंजन बरबार, इंस्पेक्टर उत्तम तिवारी, थाना प्रभारी अभय कुमार, अवर निरीक्षक अंजनी कुमार,एरिया सिक्युरीटी ऑफिसर हेमचंद महतो, मुखिया गुंजन सिंह, रीना देवी,सरिता देवी, पिंकी सिंह, सांसद प्रतिनिधि रविंद्र सिंह,विद्यापति सिंह,भीम सिंह यादव, इस्लाम अंसारी, रविंद्रनाथ सिंह,राजेंद्र साव, बिनोद सिंह, अब्दुल कुदूस, अभय सिंह, धीरेंद्र शर्मा, पंकज कुमार, रमेश मुंडा, हरिनारायण गंझु, मुंशी राम, सचिन पासवान, दिनेश भुईयां, उमेश मेहता, अब्दुल अंसारी, प्रमोद कुमार, अनिल सोनी, रामबच्चन यादव, इदरीस अंसारी, प्रेम ठाकुर, उमेश यादव, प्रेमनाथ राम, बंसत गुप्ता,अरूण सिंह, उमेश सिंह, इंदर शर्मा सहित कई मौजूद थे।

## खलारी थाना परिसर में दुर्गा पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक



**खलारी (आजाद सिपाही)।** खलारी थाना परिसर में शुक्रवार को दुर्गा पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक थाना प्रभारी इंस्पेक्टर जयदीप टोप्पो की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में मुख्य रूप से खलारी अंचल अधिकारी प्रणव अंबष्ट, जिप सदस्य सरस्वती देवी, खलारी पीएचसी चिकित्सक डॉ इरशाद उपस्थित थे। बैठक को संबोधित करते हुए अंचलाधिकारी प्रणव अम्बष्ट ने कहा कि दुर्गा पूजा को परंपरागत ढंग से भाईचारे और शांतिपूर्ण वातावरण में मनाया जाये। उन्होंने कहा कि पूजा के दौरान पंडालों में डीजे नहीं बजाना है, सीमित साउंड में लाउडस्पीकर से भक्ति गाना बजाये। वहीं थाना प्रभारी इंस्पेक्टर जयदीप टोप्पो ने बताया कि सरकार के गाईड लाईन के अनुसार सभी पूजा कमिटी को पूजा आयोजन हेतु थाना से लाइसेंस लेना अनिवार्य है। इसके लिए कमिटी के पदाधिकारी थाना में आवेदन देंगे। बैठक में थाना के एएसआइ शंकर राम, मुखिया तेजी, शिवरत मुंडा, मलका मुंडा, दीप शिखा देवी, किरण तिर्की, विक्की सिंह, तनवीर आलम, राजेश सिंह, रोशन लाल, शत्रुजंय सिंह, कृष्णा चौहान, रमेश चौहान, अभिषेक कुमार चौहान, इस्माइल अंसारी, सुदेश्वर ठाकुर, संतोष कुमार, शिवप्रसाद चौहान, नारद राम, राहुल राज, अमर भोगता, पारस चौहान, बॉबी कुमारी सोनी, अरविंद कुमार महतो, शंकर महतो, जहीर अंसारी, अविनाश कुमार सिंह, फिरोज आलम, कामेश्वर गंझू, अजय सिंह, सुरज कुमार, विजय पहान उपस्थित थे।

## कल्याणपुर मे चल रहे तीन दिवसीय ऐतिहासिक जितिया मेला का समापन



**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** पिपरवार क्षेत्र के कल्याणपुर मे चल रहे तीन दिवसीय एतिहासिक जितिया मेला का सफलता पूर्वक व शांतिपूर्ण संपन्न हुआ। अंतिम दिन लोगो की भारी भीड़ देखी गयी। जानकारी के अनुसार कोयलांचल के आसपास के इलाको के अलावा दुर दराज से भी लोग मेला मे शामिल होकर जमकर खरीदारी किया। मेला मे लगाये गये मौत का कुंआ, ड्रेगन झुला, टावर झुला,नाव झुला, मिक्की माउस के अलावा बच्चों के जंपिगं झुला में भीड़ देखी गयी।


## संत जोसेफ उच्च विद्यालय मंडेर में चार्ल्स सोरेंग मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट का हुआ उद्घाटन



**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** कोयलांचल क्षेत्र के संत जोसेफ उच्च विद्यालय मंडेर में शुक्रवार से बिशप चार्ल्स सोरेंग मेमोरियल फुटबॉल टूनार्मेंट का उद्घाटन किया गया। इसमें संत जोसेफ उच्च विद्यालय मंडेर, संत रॉबर्ट उच्च विद्यालय हजारीबाग, आरसी मिशन विद्यालय जमुवारी और संत जोसफ विद्यालय हड़ियो चतरा की टीम शामिल हुई। टूर्नामेंट का उद्घाटन मुख्य अतिथि के रूप मे उपस्थित मंडेर पल्ली के पल्ली पुरोहित फादर मुक्ति प्रकाश मिंज के द्वारा किया गया। उन्होंने बिशप चार्ल्स सोरेंग के चित्र पर पुष्प अर्पित कर एवं खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर टूर्नामेंट का शुभारंभ किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि शिक्षाविद बिशप चार्ल्स सोरेंग की स्मृति में यह पांचवां टूर्नामेंट है। उन्होंने कहा कि इस टूर्नामेंट का मुख्य उद्देश्य युवा खिलाड़ियों को उनकी प्रतिभा को निखरना एवं उनका मनोबल बढ़ाना है। साथ ही शिक्षाविद बिशप चार्ल्स सोरेंग की याद में खेल भावना को बढ़ाना है। इस मौके पर बहेरा पंचायत के पूर्व मुखिया अलेकजेंडर तिग्गा, फादर अंब्रोस किस्कू, रौशन रामू मिंज मौजूद थे।

# रैयत विस्थापित मोर्चा का महाप्रबंधक कार्यालय पर धरना

आजाद सिपाही संवाददाता



**खलारी।** रैयत विस्थापित मोर्चा एनके एरिया के द्वारा शुक्रवार को 24 सूत्री मांग को लेकर एनके महाप्रबंधक कार्यालय डकरा के समक्ष एकदिवसीय धरना दिया गया। धरना की अध्यक्षता एरिया अध्यक्ष बिगन सिंह भोगता और संचालन राम लखन गंझू ने किया। धरना को रंथू उरांव,जगरनाथ महतो, अमृत भोगता, देवपाल मुंडा, कन्हाई पासी, मुकद्दर लोहरा, मुखिया दीपमाला कुमारी, प्रभाकर गंझू, सुनील यादव, श्याम जी महतो, शिवनारायण लोहरा, जगदीश गंझू, सोनू गंझू, आनंद तुरी सहित कई वक्ताओं ने संबोधित किया।

धरना को संबोधित करते हुए एरिया अध्यक्ष बिगन सिंह भोगता ने कहा कि जो ग्रामीण अपनी जमीन देकर खदान को बढ़ाने में सहयोग कर सकते हैं। वही ग्रामीण अपने हक अधिकार के लिए खदान बन्द भी करा सकते हैं।उन्होंने कहा कि रैयत विस्थापित की मांगों को सुना नहीं गया तो पूरे कोयलांचल क्षेत्र में आंदोलन कर खदान बंदी का काम किया जायेगा। प्रबंधन को किसी भी कीमत पर खनन के लिए जमीन नहीं दी जायेगी।

धरना के बाद एनके कार्मिक अधिकारी को 24 सूत्री मांग पत्र सौंपा गया। इस मौके पर जालिम सिंह,विनय खलखो, नरेश गंझू, शशि मुंडा,प्रकाश महतो, राजेंद्र उरांव, रामेश्वर भोगता, दामोदर गंझू, उमेश लोहरा,सूरज लोहरा, विनय उरांव, मनोज गंझू, प्रभु गंझू, आजाद अंसारी, जयराम गंझू, सुनीता देवी, फूलों देवी, ललिता देवी, नीलेश गंझू, मिलु गंझू, बालेश्वर गंझू, बीरू सिंह, राजकुमार सिंह, सूरज तुरी, मुरारी मेहता, श्याम सुंदर यादव, मरांडी गंझु, दिलेश्वर यादव, दशरथ तुरी, मनोज मुंडा, किसुन गंझू, छोटू मुंडा, सरिता देवी, बसंती देवी, रुक्मणि देवी, अंजली देवी, सरस्वती देवी, रेशमा देवी, पार्वती कुमारी और मुनिया देवी समेत कई महिलाएं उपस्थित थीं।

महत्वपूर्ण खबरें

## कुरमी समाज के लोगों ने इइएफ मैदान से निकाला मशाल जुलूस




नामकुम (आजाद सिपाही)। कुरमी-कुड़मी जाति को एसटी में शामिल करने सहित अन्य मांगों को लेकर 20 सितंबर को प्रस्तावित आंदोलन की पूर्व संध्या टाटीसिलवे और अनगड़ा में रहनेवाले समाज के लोगों ने आंदोलन के समर्थन में इइएफ मैदान से टाटीसिलवे रेलवे स्टेशन, बैंक मोड़ होते हुए इइएफ मैदान तक मशाल जुलूस निकाला। जुलूस में शामिल लोगों ने अपनी मांगों को लेकर जम कर नारेबाजी की।

## कुरमी समाज ने मशाल जुलूस निकाला

अनगड़ा (आजाद सिपाही)। कुरमी को आदिवासी सूची में शामिल करने की मांग को लेकर 20 सितंबर को आहूत रेल टेका, डहर छेका आंदोलन की पूर्व संध्या पर शुक्रवार को गोंदलीपोखर में मशाल जुलूस निकाला गया। इस जुलूस में सैकड़ों की संख्या में कुरमी समाज के लोग शामिल हुए। इस दौरान नारेबाजी की गयी। आंदोलन को सफल बनाने के लिए अधिक से अधिक संख्या में 20 सितंबर को मुरी रेलवे स्टेशन पहुंचने का आहवान किया गया। कार्यक्रम में सुरेंद्र महतो, राजेश महतो, महेंद्र महतो, रामनाथ महतो, बीरबल महतो, सुप्रेश महतो, लबूलाल महतो, घनेनाथ महतो, झबूलाल महतो, सोनालाल महतो, मनोज महतो, सुनील महतो, जगरनाथ महतो, गवेश्वर महतो, अगमलाल महतो आदि शामिल हुए।

## रेल टेका को देखते हुए मुरी-सिल्ली में निषेधाज्ञा लागू

मुरी (आजाद सिपाही)। 20 सितंबर को कुड़मी समुदाय के द्वारा रेल टेका को देखते हुए अनुमंडल दंडाधिकारी सदर रांची के द्वारा रेलवे लाइन के 300 मीटर के दायरे में सिल्ली, मुरी,खलारी, टाटीसिलवाई में निषेधाज्ञा लागू किया गया है। रेलवे स्टेशन परिसर में किसी भी प्रकार का जुलूस, धरना प्रदर्शन, आमसभा, घेराव, अस्त्र-शास्त्र, लाठी डंडा, तीर भाला लेकर चलना (सरकारी पदाधिकारी एवं कर्मचारियों को छोड़कर) मनाही होगा। उक्त क्षेत्र में पांच या पांच से अधिक व्यक्तियों का जमा होना मनाही होगा। यह निषेधाज्ञा 19 सितंबर के रात्री 8 बजे से 21 सितंबर के सुबह 8 बजे तक लागू रहेगी। मुरी स्टेशन परिसर में बैरिकेडिंग की गयी है।

## सरायकेला डीटीओ को मिला अतिरिक्त प्रभार



ईचागढ़ (आजाद सिपाही)। चांडिल के एसडीओ विकास कुमार राय के अवकाश पर रहने की अवधि में उनके कार्यों का निर्वहन सरायकेला के जिला परिवहन पदाधिकारी (डीटीओ) गिरिजा शंकर महतो करेंगे। इसी को लेकर उपायुक्त ने एक पत्र जारी किया है। प्रशासनिक कार्यों में किसी प्रकार की बाधा न आए, इसलिए चांडिल अनुमंडल क्षेत्र के सभी दायित्व और कार्यभार अस्थायी रूप से गिरिजा शंकर महतो को सौंपा गया है। वे वर्तमान पद (डीटीओ) की जिम्मेदारी निभाने के साथ-साथ चांडिल एसडीओ का अतिरिक्त प्रभार भी देखेंगे।

## अफीम की खेती नहीं करने के लिए किया जागरूक




तमाड़ (आजाद सिपाही)। तमाड़ थाना क्षेत्र के जिलिगसेरेग बाजार में और आसपास के गांव से आये ग्रामीणों को अफीम की खेती नहीं करने के संबंध में तमाड़ पुलिस द्वारा जागरूक किया गया ग्रामीणों को अफीम की खेती के जगह पर दुसरे फसल लगाने हेतु प्रेरित किया गया। झारखंड सरकार का बैनर लेकर बाजार में लोगों को जागरूक किया गया इसके दुष्परिणाम के बारे में जानकारी दी गयी।

## इचागढ़ पुलिस ने भी चलाया अभियान




ईचागढ़ (आजाद सिपाही)। ईचागढ़ थाना क्षेत्र के बीरडीह गांव में शुक्रवार को ईचागढ़ पुलिस द्वारा अवैध अफीम खेती को रोकने के उद्देश्य से जागरूकता अभियान चलाया। कल्टीवेशन ड्राइव के तहत ग्रामीणों को अफीम खेती नही करने एवं विकल्प खेती को अपनाने की अपील की। एसआइ विश्वजीत तिवारी ने बताया कि बीरडीह में ग्राम प्रधान राजेन सिंह मुण्डा की अध्यक्षता में ग्राम सभा कर ग्रामीणों को अफीम खेती, प्रतिबंधित मादक पदार्थों का खरीद बिक्री एवं अन्य कानुनी प्रवधान के तहत सजा आदि के संबंध में जानकारी देकर जागरूक किया गया। उन्होंने कहा कि अफीम खेती के खिलाफ जागरूक करते हुए लोगों को वैकल्पिक खेती हेतु प्रोत्साहित किया गया। मौके पर सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

## ईचागढ़ में मनाया गया पोषण माह कार्यक्रम



ईचागढ़ (आजाद सिपाही)। ईचागढ़ प्रखंड परिसर में पोषण माह कार्यक्रम के अंतर्गत प्रभात फेरी कर लोगों को जागरूक किया गया। वहीं पोषण माह में गर्भवती महिलाओं का गोदभराई, छह माह के बच्चो को अन्नप्राशन आदि कार्यक्रम किया गया। सेविकाओं द्वारा अपने अपने लाभार्थियों को लेकर पोषण थाली सजाई गई। जिसमें मुख्य रूप से प्रखण्ड विकास पदाधिकारी एकता वर्मा के हाथों से अन्नप्राशन एवं गोदभराई कार्यक्रम संपन्न किया गया। साथ ही प्रोजेक्टर के माध्यम से वीडियो दिखाकर समझाया गया। पोषण माह में पोषण के महत्व, और सही पोषण स्वास्थ्य जीवन के नारे के साथ कार्यक्रम समापन हुआ । कुपोषण मुक्त समाज निर्माण में लोगों को जागरूक करने पर विशेष बल दिया गया। मौके पर एलएस कृष्ण देवी, ममता कुमारी, मानसी के प्रखण्ड समन्वयक सलमा मार्डी,मानसी मित्र राकेश मंडल, शिवानी महतो तथा सेविकाएं उपस्थित थे।

## 18 मोतियाबिंद मरीजों का ऑपरेशन



खूंटी (आजाद सिपाही)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर शुक्रवार को एसजीएस अस्पताल में 18 मोतियाबिंद रोगियों का निःशुल्क ऑपरेशन सफलतापूर्वक किया गया। संस्था के चेयरमैन पद्मभूषण कड़िया मुंडा ने मोदी को जन्मदिन की शुभकामना एवं आशीर्वाद प्रेषित किया। साथ ही रोगियों के बीच साड़ी और धोती का वितरण भी किया गया। कार्यक्रम में पूर्व सांसद प्रतिनिधि मनोज साहू, ज्योतिष भगत, संजय चौरेसिया, जय भला और मुसाफिर विश्वकर्मा उपस्थित थे।

## इरबा की केमिकल फैक्ट्री में लगी भीषण आग, घरों को खाली कराया



**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** इरबा में स्थित केमिकल फैक्ट्री में शुक्रवार की दोपहर अचानक भीषण आग लग गई। आग की लपटें इतनी तेजी से फैली कि कुछ ही मिनटों में पूरी फैक्ट्री को अपनी चपेट में ले लिया। इसकी सूचना मिलते ही अग्निशमन विभाग की की कई गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग पर काबू पाने की कोशिश में जुट गईं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, फैक्ट्री से पहले धुआं उठता दिखा, जिसके बाद तेज धमाका हुआ और आग की लपटें दिखने लगीं। इससे आसपास के लोगों में अफरा-तफरी मच गई और इलाके को खाली कराया गया। समाचार लिखे जाने तक किसी के हताहत होने की जानकारी नहीं है, लेकिन फैक्ट्री को भारी नुकसान पहुंचा है। प्रशासन की ओर से जांच शुरू कर दी गई है। आग लगने के कारणों का पता लगाया जा रहा है। माना जा रहा है कि शॉर्ट सर्किट या केमिकल रिएक्शन की वजह से आग लगी हो सकती है। उधर, आग लगने की खबर मिलते ही थाना प्रभारी अनिल तिवारी भी दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और आग बुझाने का हर संभव प्रयास किया।

## अवैध अफीम खेती के खिलाफ किया गया जागरूक



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** अवैध अफीम खेती के खिलाफ ग्रामीणों को जागरूक करने के उद्देश्य से अंबाझरिया पंचायत सचिवालय में शुक्रवार को ग्रामीणों एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों की एक बैठक हुई। जिसमें विशेष रूप से उपस्थित अनगड़ा थानेदार हीरालाल शाह ने अवैध अफीम की खेती के खिलाफ लोगों को जागरूक किया। उन्होंने अफीम से होने वाले दुष्परिणाम एवं कानूनी पहलूओ के बारे में विस्तार से जानकारी दी। थानेदार ने सख्त लहजे में कहा कि जो भी अफीम की खेती में लिप्त पाए जाएंगे उनके विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। मौके पर सैकड़ों ग्रामीण मौजूद थे।

## प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिवस पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने मरीजों के बीच बांटे फल



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिन को भाजपा कार्यकर्ताओं ने उल्लास के साथ मनाया। इस दौरान शुक्रवार को सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत झारखंड राज्य कर्मचारी बीमा निगम अस्पताल नामकुम में नरेंद्र मोदी विचार मंच के सहसंयोजक सह भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश प्रवक्ता मनोज कुमार सिंह और जिला उपाध्यक्ष प्रभु दयाल बड़ाईक के नेतृत्व में मरीजों के बीच फल और ब्रेड का वितरण किया गया। मनोज सिंह ने बताया कि स्वास्थ्य के क्षेत्र में केंद्र सरकार के प्रयास से ही ईएसआइसी अस्पताल का निर्माण हुआ है। आने वाले दिनों में और भी ज्यादा सुविधा देने का प्रयास केंद्र सरकार की ओर से द्वारा किया जा रहा है। प्रधानमंत्री के कुशल नेतृत्व में भारत विश्वगुरु एवं आत्मनिर्भर बन कर तेजी से उभरा है। वहीं, प्रभु दयाल बड़ाइक ने कहा कि पीएम मोदी जी स्वास्थ्य के प्रति संवेदनशील है। 70 वर्ष के ऊपर आयु के मरीजों के लिए विशेष योजना लागू किया गया है। इस मौके पर अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद के जिला अध्यक्ष नारायण प्रसाद, लोवाडीह मंडल अध्यक्ष नवीन सोनी, दिनेश चंद्र वर्मा, बी पासवान, चंदन बास्के, देवराज पासवान, अरुण प्रसाद, मंगल बैठा, अनंत सिंह और अनिल सिंह आदि मौजूद रहे।

## नटराज युवक संघ दुर्गापूजा समिति बंगाल के कारीगरों की मदद से बना रहा काल्पनिक पंडाल



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** राजधानी रांची में दुर्गोत्सव की तैयारियां जोरों पर है। नामकुम क्षेत्र में अलग-अलग दुर्गा पूजा समितियों की ओर से एक से बढ़कर एक पंडाल का निर्माण किया जा रहा है। इसी क्रम में नामकुम लोवाडीह स्थित नटराज युवक संघ दुर्गा पूजा समिति लोवाडीह इस वर्ष काल्पनिक मंदिर के प्रारुप पर आधारित भव्य पूजा पंडाल का निर्माण कर रही है। समिति के अध्यक्ष प्रदीप साहू ने बताया कि यहां 10 फीट ऊंची माता दुर्गा की प्रतिमा स्थापित की जाएगी। पंडाल निर्माण का जिम्मा शिव शंकर पाल टेंट हाउस के बंगाल से आए कारीगरों की देखरेख में किया जा रहा है। पंडाल की ऊंचाई 50 फीट, लंबाई 40 फीट और चौड़ाई 35 फीट होगी। पूरे परिसर को मुकेश महतो के कारीगरों द्वारा आकर्षक विद्युत सज्जा, तोरणद्वार, लाइटिंग और साउंड सिस्टम से सजाया जाएगा। उन्होंने बताया कि पंडाल और पूजा पर 12 से 15 लाख रुपए तक खर्च होने का अनुमान है। सप्तमी को नवपत्रिका प्रवेश के बाद श्रद्धालुओं के लिए पट खोल दिया जाएगा। पूजा आयोजन को सफल बनाने में अध्यक्ष प्रदीप साहू, संरक्षक पप्पू सिंह, लीलू साहू, उमेश साहू, उमेश महतो, संतोष साहू, मोती महतो, कोले महतो, अमित कुमार राम आदि जुटे है।

## पांच दिवसीय विशेष मध्यस्थता अभियान का समापन, अंतिम दिन 40 मामले सुलझे

**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** रांची व्यवहार न्यायालय में 15 सितंबर से आयोजित पांच दिवसीय विशेष मध्यस्थता अभियान का शुक्रवार को समापन हुआ। इस अभियान के पहले दिन दो, दूसरे दिन 33, तीसरे दिन 41, चौथे दिन 40 एवं अंतिम दिन 40 मामलों को सुलझाने में सफलता मिली। रांची व्यवहार न्यायालय के मध्यस्थों द्वारा कुल 156 वादों को सफलतापूर्वक सुलझाने में सफलता मिली है। इसमें तलाक, वैवाहिक, दत्तक ग्रहण, भरण-पोषण, बच्चों के संरक्षकता एवं अभिरक्षा, परिवार न्यायालय में लंबित, दहेज प्रतिषेध अधिनियम और भादवि की धारा-498ए, घरेलू हिंसा आदि मामलों का निस्तारण किया गया।

### झारखंड गवर्नमेंट टूल रूम में शिक्षक सम्मान समारोह-2025 का आयोजन

# समाज निर्माण में शिक्षकों की भूमिका आधारशिला के समान : महेश गुप्ता

आजाद सिपाही संवाददाता

**नामकुम।** टाटिसिलवे झारखंड गवर्नमेंट टूलरूम में शुक्रवार को शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। इस अवसर पर विभिन्न प्रतिष्ठित विद्यालयों एवं शिक्षण संस्थानों के प्राचार्य, शिक्षकगण एवं प्रोफेसर उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में रांची जिला के शिक्षा अधिकारी विनय कुमार शामिल हुए। जिनका स्वागत टूलरूम के प्राचार्य महेश कुमार गुप्ता ने किया। इस अवसर पर टूलरूम के प्राचार्य महेश कुमार गुप्ता ने गुरु और शिष्य के बीच के विशेष महत्व को बताया। कहा कि किसी व्यक्ति की मानसिक और आत्मिक प्रगति तब तक अधूरी रहती है, जब तक वह अपने शिक्षक का आदर नहीं करता। वहीं, विनय कुमार ने कहा कि टूलरूम का यह प्रयास अत्यंत सराहनीय और प्रेरणादायक है। ऐसे कार्यक्रम शिक्षा जगत में एक सकारात्मक वातावरण का निर्माण भी करते है। कार्यक्रम का संचालन टूलरूम ट्रेनिंग इंचार्ज मंगल टोप्पो एवं समापन भाषण टूल रूम के फैकल्टी पुर्णेदु पंकज ने किया। मौके पर राकेश कुमार, पुनम खलखो, मोतीलाल मेहता, राहुल रंजन आदि उपस्थित रहे।




कार्यक्रम का शुभारंभ करते शिक्षण संस्थानों के प्राचार्य, प्रोफेसर एवं अन्य।

## मेले में दिखती है झारखंड की परंपरा की झलक : विधायक



**ठाकुरगांव (आजाद सिपाही)।** चैनगड़ा के गम्हरिया में शुक्रवार को जितिया मेला का आयोजन हुआ। जिसका उद्घाटन विधायक सुरेश कुमार बैठा, कांके के विधायक प्रतिनिधि गोपाल तिवारी, प्रमुख सत्यनारायण मुंडा, शमीम बड़ेहार, बबलू उरांव, जाकिर हुसैन, राजेंद्र लोहरा, देवसागर महतो आदि ने संयुक्त रूप से किया। अपने संबोधन में विधायक सुरेश बैठा ने कहा कि झारखंड की परंपरा की झलक मेला में दिखती है। सभी समुदाय के लोग मेला में शामिल होकर सौहार्दपूर्ण वातावरण का संदेश देते है। वहीं, मेला मे आये ग्रामीणों के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया था जिसका ग्रामीणों ने भरपूर आनंद उठाया। वहीं, मेला को सफल बनाने में अगमलाल महतो, सूरज मुंडा, बलराम मुंडा, विनोद मुंडा आदि का सराहनीय योगदान रहा।

## सांती में भी सरकारी नियमों की भेंट चढ़ा आंगनबाड़ी सहायिका का चयन



**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** सदमा पंचायत के सांती में भी खाली पड़े आंगनबाड़ी सहायिका पद के लिए चयन होना था। पर ओरमांझी के सोनार मोहल्ला की तरह यहां भी चयन प्रक्रिया सरकारी नियमावली की भेंट चढ़ गया। सांती में भी तीन महिलाएं आरती कुमारी, ऊषा कुमारी, रितु कुमारी (विधवा महिला) ने खुद को योग्य अभ्यर्थी बताते हुए आवेदन दिया था। ओरमांझी की तरह यहां भी ग्रामसभा में उपस्थित अधिकांश ग्रामीणों ने विधवा महिला रितु कुमारी के पक्ष में अपना समर्थन दिया और उसके चयन की मांग की। पर सीडीपीओ कार्यालय की ओर से ऊषा कुमारी के नाम को नियमावली के आधार पर प्राथमिकता देने की बात सामने आई। जिसका ग्रामसभा में उपस्थित जन प्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने विरोध करते हुए चयन प्रक्रिया को स्थगित कर दिया। इस बाबत मुखिया संघ के प्रखंड अध्यक्ष दीपक बड़ाइक ने कहा कि ग्राम सभा के सहमति के बिना सेविका और सहायिका के चयन का विरोध करते हैं। जरूरत पड़ी तो उच्च अधिकारी से लेकर मुख्यमंत्री तक अपनी बात रखेंगे। आरोप लगाया कि बीडीओ सह प्रभारी सीडीपीओ कामेश्वर बेदिया और सुपर वाइजर तनुजा मिश्रा द्वारा ग्रामसभा के अधिकार का हनन किया जा रहा है। वहीं, चयन प्रक्रिया में बीडीओ कामेश्वर बेदिया, मुखिया सुनील उरांव, पंसस रश्मि तिर्की, वार्ड सदस्य वरुण कुमार, सुषमा देवी (सेविका), समाजसेवी आदि उपस्थित थे।

## नशीले पदार्थों के बढ़ते चलन और सेवन से बच्चों एवं युवाओं का भविष्य हो रहा बर्बाद: मो फुरकान

**सीओ, बीडीओ और थाना प्रभारी को पत्र लिखकर नशा के कारोबार पर लगाम लगाने की मांग**



**कांके (आजाद सिपाही)।** विधायक प्रतिनिधि मो फुरकान ने कांके बीडीओ विजय कुमार, सीओ अमित भगत, थाना प्रभारी प्रकाश रजक और उप प्रमुख अंजय बैठा को मांग पत्र सौंपते हुए नशा के कारोबार पर लगाम लगाने की मांग की है। पत्र में कहा कि विगत कई वर्षों से कांके में अवैध रूप से नशा का कारोबार गुपचुप तरीके से संचालित हो रहा है। पुलिस कार्रवाई करती है, तो कुछ समय से लिए सब शांत रहता है, लेकिन फिर से नशा कारोबारी गुपचुप तरीके से फिर से सक्रिय हो जाते हैं। उनके कारण छोटे-छोटे बच्चे और युवा पीढ़ी नशा की गिरफ्त में आ रहे हैं। नशे की लत बच्चों-युवाओं में इतना बढ़ गया है कि बिना नशीले पदार्थ का सेवन किये एक पल नहीं रह पाते हैं। अफीम, गांजा, भांग आदि के लिए युवा पीढ़ी अपने घरों में पैसों की मांग करते हैं। नहीं मिलने पर चोरी तक करते हैं। कई तो तनाव (डिप्रेशन) में आकर आत्महत्या भी कर लेते हैं। जो एक गंभीर मामला है। इस पर रोक लगाने की आवश्यकता है। बताया कि क्षेत्र के चौड़ी बस्ती, तड़का ए शाही रेस्टोरेंट के पास, आइआइसीएम रोड, मिल्लत कॉलोनी, चूड़ी टोला, कांके चौक, अरसंडे ब्लॉक चौक, बोड़या, रिंग रोड सुकुरहुटू, बुकरू चौक आदि जगहों पर नशीले पदार्थों की खरीद-बिक्री धड़ल्ले से की जा रही है। इस पर कांके सीओ और थाना प्रभारी ने कहा कि जल्द ही इस कारोबार में शामिल लोगों पर कार्रवाई की जाएगी।

## अनगड़ा के बानपुर में 'स्वच्छता पखवाड़ा' और मृदा स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**अनगड़ा/सिकिदिरी।** रांची के मोराबादी कृषि विज्ञान केंद्र की ओर से शुक्रवार को बानपुर उत्क्रमित हाइस्कूल में स्वच्छता पखवाड़ा एवं मृदा स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक डॉ मनोज कुमार सिंह ने विद्यार्थियों को मृदा स्वास्थ्य की गहन जानकारी दी। बताया कि रासायनिक खादों के अत्यधिक उपयोग से मिट्टी की उर्वरता में निरंतर कमी आ रही और सूक्ष्म पोषक तत्वों की कमी के कारण फसल उत्पादन प्रभावित हो रहा है। इसे रोकने के लिए मृदा परीक्षण कराना, मृदा स्वास्थ्य कार्ड का उपयोग करना एवं संतुलित पोषण प्रबंधन अपनाना आवश्यक है। समझाया कि मिट्टी में कार्बनिक पदार्थ और सूक्ष्म पोषक तत्वों की संतुलित मात्रा फसलों की गुणवत्ता बढ़ाती है। मृदा संरक्षण केवल खेती के लिए ही नहीं, बल्कि पर्यावरण एवं आने वाली पीढ़ियों के भविष्य के लिए भी जरूरी है। जैविक खाद, हरी खाद और फसल अवशेष प्रबंधन अपनाकर मिट्टी की उर्वरता बनाए रखी जा सकती है। स्वस्थ मृदा ही स्वस्थ फसल और स्वस्थ समाज की आधारशिला है। इसके अलावा स्वच्छता पखवाड़ा पर भी विशेष चर्चा की गई। विद्यार्थियों को साफ-सफाई, व्यक्तिगत स्वच्छता और स्वस्थ वातावरण बनाए रखने के विषय में विस्तार से जानकारी दिया गया। विद्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान चलाकर बच्चों को व्यवहारिक शिक्षा दी गई। मौके पर बीटीएम श्रीमती नीरा सविता जोजो, कृषक मित्र शहनवाज खान, प्राचार्य आनंद कुमार साहू, सहित बड़ी संख्या में छात्रा छात्राएं मौजूद थे।

## रिटायरमेंट से पहले जवानों को आत्मनिर्भर बनाने की पहल

**दिव्यायन कृषि विज्ञान केंद्र, रामकृष्ण मिशन आश्रम में प्री-रिटायरमेंट प्रशिक्षण का हुआ समापन**




**अनगड़ा/सिकिदिरी (आजाद सिपाही)।** रांची के मोराबादी स्थित रामकृष्ण मिशन आश्रम के दिव्यायन कृषि विज्ञान केंद्र में आर्मी जवानों के लिए आयोजित विशेष प्री-रिटायरमेंट प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुक्रवार को समापन हुआ। यह निःशुल्क प्रशिक्षण डीजीआर के सहयोग से 21 जुलाई से 19 सितंबर तक चला। जिसमें कुल 37 जवानों ने सक्रिय भागीदारी की। करीब दो माह चले इस प्रशिक्षण में जवानों को मुर्गी पालन, गोपालन और बकरी पालन जैसे रोजगारपरक विषयों की गहन जानकारी दी गई। प्रशिक्षण को और समृद्ध बनाने के लिए बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के प्रोफेसरों द्वारा विशेष व्याख्यान, पशुपालन विभाग के वेटेनरी डॉक्टरों एवं चारे पर विशेषज्ञ डॉ मनोज कुमार सिंह सहित विभिन्न विषय विशेषज्ञों को आमंत्रित किया गया था। सिर्फ सैद्धांतिक नहीं, बल्कि व्यावहारिक पहलू पर भी विशेष जोर दिया गया। प्रतिभागियों को जिले के विभिन्न फॉर्म, बिरसा कृषि विश्वविद्यालय की प्रयोगशालाओं एवं मेधा दुग्ध उत्पादन इकाई का भ्रमण कराया गया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में सैनिक कल्याण निदेशालय रांची के निदेशक ब्रिगेडियर निरंजन कुमार (रिटायर्ड) थे। उन्होंने जवानों को रिटायरमेंट से पहले और बाद में उपलब्ध रोजगार अवसरों पर विस्तार से मार्गदर्शन दिया। इस अवसर पर स्वामी अंतरानंद महाराज, असिस्टेंट सेक्रेटरी, रामकृष्ण मिशन आश्रम, डॉ एसके पाल, एसोसिएट डीन, डॉ अजीत कुमार सिंह सीनियर साइंटिस्ट एवं हेड आदि ने भी अपने विचार साझा किये। कार्यक्रम को सफल एवं अनुशासित ढंग से प्रशिक्षण और संचालन करने की जिम्मेदारी डॉ भरत महतो ने निभाई। उनके समन्वय एवं मार्गदर्शन से यह प्रशिक्षण और भी प्रभावशाली बन सका। जवानों ने भी अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि इस प्रशिक्षण ने उन्हें आत्मनिर्भरता और रोजगारोन्मुख जीवन की नई दिशा दी है।

## खोरठा भाषा की मात्रा में त्रुटि सुधार करने की मांग

**पिठोरिया (आजाद सिपाही)।** खोरठा साहित्य संस्कृति परिषद् के कार्यालय सचिव सह राधा गोविंद यूनिवर्सिटी के खोरठा विभागाध्यक्ष ओहदार अनाम अजनबी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर जेपीएससी के अध्यक्ष से मांग की है कि जेट के ऑनलाइन परीक्षा फॉर्म में खोरठा भाषा की मात्रा में जो त्रुटि है उसे सुधार किया जाय। बतातें चलें कि खोरठा की जगह खोरटा होने से फॉर्म भरने में परेशानी हो रही है।

### जसपुरिया बीएड कॉलेज में सीनियरों को दी गयी विदाई

## शिक्षा का उद्देश्य केवल रोजगार पाना नहीं, बल्कि एक जिम्मेदार नागरिक बनना भी है: जैलेंद्र कुमार

आजाद सिपाही संवाददाता



**अनगड़ा।** जसपुरिया बीएड कॉलेज बीसा में 2023-25 सत्र के प्रशिक्षुओं के लिए विदाई समारोह आयोजित हुआ। सत्र 2024-26 के प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों ने अपने सीनियरों को विदाई देते हुए इनके उज्ज्वल भविष्य की कामना किया। इससे पहले कार्यक्रम का उद्घाटन कॉलेज के चेयरमैन जैलेंद्र कुमार एवं निदेशक डॉ शालिनी प्रिया ने किया। उन्होंने कहा कि शिक्षक केवल ज्ञान देने वाला नहीं, बल्कि चरित्र निर्माण और समाज को सही दिशा देने वाला सशक्त मार्गदर्शक होता है। शिक्षा का उद्देश्य केवल रोजगार पाना नहीं, बल्कि एक जिम्मेदार नागरिक बनना भी है। वहीं, डॉ शालिनी प्रिया ने सकारात्मक दृष्टिकोण और निरंतर सीखने पर बल दिया। प्राचार्य डॉ अनिल कुमार ने शिक्षा के उद्देश्य को चरित्र निर्माण बताया। प्रथम वर्ष के प्रशिक्षुओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और नृत्य-गीत प्रस्तुत किया। इस दौरान शिक्षक सम्मान दिवस पर प्रशिक्षुओं ने शिक्षकों को स्मृति-चिह्न भेंट कर आभार प्रकट किया। कार्यक्रम का संचालन अनुप्रिया तिवारी, आशा माधुरी, रश्मि तिवारी एवं स्वाति मंजू ने किया। इस मौके पर डॉ प्रवीण सिंह कुशवाहा, सजीव कुमार, प्रभा हेनरी, शीतल कुमारी, सरिता कुमारी, विभा कुमारी, महफूज अंसारी, रश्मि कुमारी, बसंती कुमारी आदि उपस्थित थे।

## राजू नायक की पहल पर अस्पताल प्रबंधन ने इलाज खर्च किया माफ



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)। महिलौंग के द्वारिका अस्पताल में इलाजरत हजारीबाग निवासी कृष्णा नायक नामक 19 वर्षीय युवक की मौत हो गई। इधर, अस्पताल प्रबंधन द्वारा इलाज खर्च में करीब 65 हजार रुपए का बिल मृतक के परिजनों को दिया गया। मृतक के परिवार की आर्थिक स्थिति बेहद खराब है। पिता रामस्वरूप राम मछली मारकर किसी तरह परिवार का गुजारा करते हैं। उनके पास इतना पैसा नहीं कि बिल का भुगतान कर सकें। इसकी सूचना आजसू के केंद्रीय सदस्य सह घासी समाज के अगुआ राजू नायक को दी गई। उन्होंने अस्पताल पहुंचकर प्रबंधन से परिवार की आर्थिक स्थिति को देखते हुए बिल माफ करने का आग्रह किया। प्रबंधन ने राजू नायक के इस विनम्र आग्रह को स्वीकार करते मानवता को ध्यान में रख आधा बिल माफ कर दिया।**

## दिघिया गांव में महिलाएं कर रही मां दुर्गा की पूजा



आजाद सिपाही संवाददाता

**बेड़ो।** सर्व मंगल मांगल्ये शिवे सर्वार्थ साधिके... इस श्लोक के साथ जब देवी दुर्गा की आराधना शुरू होती है तो नारी शक्ति का अहसास होता है। जिसकी बदौलत समाज में परिवर्तन आया है। आज की महिलाओं में कुछ करने का जज्बा है, तभी सभी रुकावटों को दूर कर वे आगे बढ़ रही हैं। इसका एक और उदाहरण प्रखंड के दिघिया गांव में दिख रहा है, जहां पिछले तीन वर्षो से लगातार दुर्गापूजा का आयोजन गांव की महिलाएं ही धूमधाम से कर रही हैं। पूजा समिति की अध्यक्ष ज्योति गुप्ता ने बताया कि यहां पूरे विधि-विधान से षष्ठी से मुख्य कार्यक्रम आयोजित होगा। पूरे प्रखंड में दिघिया गांव के महिलाओं द्वारा आयोजित दुर्गा महिला समिति की पूजा चर्चा का विषय है। यहां समिति की महिलाओं ने 32 सालों से बंद दुर्गा पूजा को 2023 से फिर से शुरू किया है। बेड़ो प्रखंड मुख्यालय सहित सात गांवों में पूजा पुरुष की समितिओं किया जा रहा है, लेकिन दिघिया गांव में दुर्गा महिला समिति पूरे प्रखंड के लोगों में चर्चा का विषय है। वहीं, गांव में एक बार फिर से पूजा शुरू होने से लोग बेहद खुश हैं। पूजा को सफल बनाने में अध्यक्ष ज्योति गुप्ता, उपाध्यक्ष गीता देवी, सचिव राधा देवी, सह सचिव राखी देवी, कोषाध्यक्ष चांदनी देवी, मुनीता देवी, सुनीता देवी, रीबन देवी, चिरंजीवी देवी, शांति देवी, रेणु देवी, रानी देवी, सुमित्रा देवी, मथुरा देवी, लक्ष्मी देवी, मीना देवी, सुलोचना देवी, किरण देवी, बबीता देवी और पंचालीनी देवी आदि सक्रिय भूमिका में हैं।

घाघरा में बैठक, विजय सिंह ने महिला सुरक्षा, रोजगार और लोन माफी की उठायी मांग

# हजारों घरों में अब तक नहीं बने शौचालय, फिर भी खुले में शौच मुक्त घोषित हुआ गुमला : पुष्पा

**कहा- लोन नहीं अधिकार चाहिए, 28 को गुमला में होने वाली महिला हुंकार सभा में प्रखंड से सैकड़ों महिलाओं को शामिल होने की अपील**

आजाद सिपाही संवाददाता



महिलाओं को संबोधित करते विजय सिंह एवं अन्य गणमान्य।

**घाघरा।** महिला सशक्तिकरण योजनाओं के बावजूद महिलाएं लोन लेने को मजबूर क्यों हैं? इस सवाल के साथ झारखंड नवनिर्माण दल से जुड़ी महिला मंडल सहयोग संचालन समिति के तत्वावधान में घाघरा ब्लॉक के पास शुक्रवार को महिला संवाद कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसकी अध्यक्षता बिलो भगत ने की। इस मौके पर बौतर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित ऑल इंडिया पीपुल्स फ्रंट के प्रभारी सह झारखंड नवनिर्माण दल के केंद्रीय संयोजक विजय सिंह ने सरकार से तीखे सवाल किए। कहा कि झारखंड अलग राज्य बने 25 साल बीत जाने के बाद भी महिलाएं मजबूरी में लोन लेने को विवश हैं। बेरोजगारी, पलायन और महिलाओं पर अत्याचार यह साबित करता है कि महिला सशक्तिकरण केवल संस्थाओं की लूट का जरिया बनकर रह गया है। उन्होंने महिलाओं से अपील की कि सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक रूप से मजबूती के लिए महिला हितैषी पार्टी को पहचानें और मजबूत करें। उन्होंने 28 अक्टूबर को गुमला में होने वाली महिला हुंकार सभा में प्रखंड की सैकड़ों महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील भी की। वहीं, महिला मंडल सहयोग संचालन समिति की प्रभारी पुष्पा उरांव ने शौचालय निर्माण में भ्रष्टाचार का मुद्दा उठाया। कहा कि जिले में हजारों घरों में शौचालय अब तक नहीं बने, फिर भी खुले में शौच से मुक्त घोषित कर दिया गया है। उन्होंने 25 सितंबर को घाघरा ब्लॉक परिसर में आयोजित धरना प्रदर्शन में महिलाओं से बड़ी संख्या में भाग लेने का आह्वान किया। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि महिलाओं को केवल प्रशिक्षण ही नहीं, बल्कि रोजगार भी दिया जाए। सभी प्रकार के लोन माफ हो, इच्छुक महिलाओं को 10 लाख रुपये तक की पूंजी बिना ब्याज के पांच साल की अवधि में उपलब्ध कराई जाये और महिला सशक्तिकरण के नाम पर संस्थाओं द्वारा की जा रही लूट पर रोक लगाई जाये। इस मौके पर ललिता देवी, प्रमिला देवी, विरसमुनि उरांव, जतरी देवी, अफसाना खातून, देवंती देवी, बुधमनिया असुर, सरोज देवी, सुनीता देवी, पूनम उरांव और उर्मिला देवी आदि उपस्थित थीं।

## मारपीट के परेशान होकर बाल सुधार गृह से भागे दो बाल कैदियों को पुलिस ने फिर दबोचा

**- चोरी के आरोप में एक सप्ताह पहले ही पकड़े गये थे**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** सिलम बाल सुधार गृह से विगत बुधवार की देर रात फरार दो बाल कैदियों को गुमला पुलिस ने मेन रोड स्थित एक अर्ध निर्मित मकान से दोबारा से पकड़ लिया है। हालांकि दोनों को बाइक पर बैठा कर थाना ले जाने के क्रम में एक कैदी फिर से बाइक से कूद कर भागने लगा। पर पुलिस ने दौड़ा कर उसे पकड़ लिया। उधर, गुमला थाना में ले जाकर पूछताछ की गयी तो दोनों ने बताया कि बाल संप्रेषण गृह में उनके साथ मारपीट की जाती है। वहां तैनात गार्ड भी उन लोगों से मिला हुआ है। क्योंकि जैसे ही वे लोग मारपीट की जानकारी गार्ड के देते हैं वह मारपीट करने वाले लड़कों को इसकी जानकारी दे देता है जिसके बाद पुनः उनकी पिटाई की जाती है। इसी से तंग आकर दोनों ने योजना बनाकर कंबल को एक-दूसरे से बांधा और फरार हो गये। इससे पहले दोनों ने कमरे का ताला तोड़ दिया था। दूसरी ओर, फरार होने के बाद जेल प्रशासन हरकत में आया। मामले की सूचना गुमला थाना को दी गई थी, जिसके बाद पुलिस ने दोनों की तलाश शउरू की। इस बीच पता चला कि मेन रोड स्थित एक अर्ध निर्मित मकान में दोनों छिपे हुए हैं। पुलिस के वहां पहुंचने पर दोनों छिपने लगे। बतातें चलें कि करीब एक सप्ताह पहले मेन रोड के एक दुकान से 31 पीस नगाड़ा का खोल एवं रस्सी की चोरी हुई थी। जिसे मेन रोड के ही एक दुकान में बेचा गया था। इस मामले में चार नाबालिक लड़कों को पकड़ कर बाल सुधार गृह भेजा गया था। उन्हीं में से दो लड़के फरार हो गए थे। गुमला पुलिस ने पूछताछ के बाद दोनों लड़कों को शुक्रवार अपराह्न चार बजे बाल संप्रेषण गृह निरुद्ध कर दिया।

## भालू के हमले में हुई थी पति की मौत, जानकारी के अभाव में 20 वर्षों से मुआवजा से वंचित पत्नी




**गुमला (आजाद सिपाही)।** रायडीह प्रखंड के सुरसांग थाना अंतर्गत रेंगोला कारी कोना गांव निवासी विधवा महिला यशोमती देवी शुक्रवार को अपराह्न तीन बजे मुआवजा की मांग को लेकर गुमला की डीसी प्रेरणा दीक्षित से मिली। डीसी को दिये आवेदन में महिला ने बताया कि 20 साल पहले उसके सहदु किसान घर के बगल में खेती की रखवाली करने गया था। इसी बीच अचानक दो जंगली भालुओं ने उस पर हमला कर दिया, जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। दिया। चीखने चिल्लाने पर परिजन और ग्रामीण दौड़े और किसी तरह लाठी डंडा एवं शोक मचाकर भालू को जंगल की ओर खदेडा। इसके बाद खून से लहूलुहान सहदु को ग्रामीणों के सहयोग से इलाज के लिए गुमला ले जाया जा रहा था। लेकिन स्थिति गंभीर होने के कारण पुराना रायडीह गांव के पास ही उसकी मौत हो गई। तब जानकारी के अभाव में परिजन शव को वापस गांव लाकर अंतिम संस्कार कर दिया। हालांकि तब किसी ने महिला को नहीं बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराना है। कथित रूप से जानकारी के आभाव में महिला ने रायडीह थाना में मामला भी दर्ज नहीं कराया। जिस कारण उसे वन विभाग से मुआवजा भी नहीं मिला। हालांकि बाद में जानकारी होने के बाद उसने मुआवजे के लिए कई बार वन विभाग के चक्कर लगाये, जहां उससे कहा गया कि थाने में जानकारी और पोस्टमार्टम रिपोर्ट प्रमाण के रूप में दिखाना होगा, जिससे साबित हो सके कि उसके पति की मौत भालू के हमले में ही हुई है। इसके बाद महिला शांत हो गई। इस बीच उसकी माली हालत धीरे-धीरे बेहद खराब होने लगी। खेती-बड़ी और जंगल की लड़कियां दोना पत्तल और दातुन बेचकर छोटे-छोटे बच्चों का पालन पोषण की। अब बच्चे बड़े हो गये हैं, जिससे खर्च भी बढ़ गया है। महिला ने डीसी को आवेदन देकर मामले की जांच के बाद मुआवजा दिलाने की मांग की है।

## अलग-अलग जगहों पर फांसी लगाकर दो लोगों ने की आत्महत्या



**गुमला (आजाद सिपाही)।** जिले में दो अलग-अलग जगहों पर फांसी लगाकर दो लोगों द्वारा आत्महत्या कर लिए जाने का मामला सामने आया है। मरने वालों की पहचान त्रिलोक सिंह (18) और बेनेदिक केरकेट्टा (40) के रूप में हुई है। जानकारी के मुताबिक पहली घटना सदर थाना क्षेत्र के अंबवा गांव में घटित हुई, जहां गुरुवार की शाम 5.30 बजे त्रिलोक सिंह ने घर में ही बेडशीट के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पता चला है कि किशोर घर में अकेला था। उसकी मां मवेशियों को लाने खेत गई थी, जबकि भाई गांव में घूमने गया था। इसी का लाभ उठाकर उसने फांसी लगा लिया। परिजनों की मानें तो घर में त्रिलोक का किसी से कोई विवाद भी नहीं हुआ था। वह गुमला बाईपास तर्री स्थित वन विभाग की ओर से निर्मित हो रहे पार्क में गार्ड का काम करता था। विश्वकर्मा पूजा की छुट्टी में घर आया था। उधर, त्रिलोक की मां मवेशी लेकर जब घर पहुंची तो उसके कमरे का दरवाजा भीतर से बंद पाया। काफी प्रयास के बाद भी जब दरवाजा नहीं खुला, तो ग्रामीणों को इसकी जानकारी दी। इसके बाद मौके पर ग्रामीणों ने दरवाजा तोड़ा तो त्रिलोक को फंदे में झूलते पाया। तुरंत इसकी सूचना गुमला पुलिस को दी गयी। पुलिस रात में ही गांव पहुंची और शव को अपने कब्जे में ले लिया। प्राथमिक पड़ताल के आधार पर पुलिस का मानना है कि किशोर की मौत के पीछे प्रेम प्रसंग का मामला हो सकता है। उधर, शुक्रवार की सुबह 10 बजे पोस्टमार्टम कराकर पुलिस ने शव परिजनों को सौंप दिया। दूसरी घटना, रायडीह प्रखंड के सुरसांग थाना क्षेत्र अंतर्गत कोब्जा बरटोली गांव की है। जहां बेनेदिक केरकेट्टा (40) ने गुरुवार की शाम पांच बजे घर में लूंगी के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इसकी सूचना पाकर सुरसांग थाना प्रभारी शाम में ही गांव पहुंचे और घटना की जानकारी ली। मृतक की पत्नी ने बताया कि कुछ दिनों से उसके पति की मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी। वह बीमार भी रहते थे। इसी बात से परेशान होकर उसने आत्महत्या कर ली। पता चला है कि बुधवार को ही उसकी पत्नी अपने मायके चली गई थी। पति के आत्महत्या कर लेने की सूचना पर वह वापस घर लौटी, तो बेटी ने उसे पूरी बात विस्तार से बतायी। शुक्रवार की दोपहर दो बजे सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

## ऑनलाइन नहीं, स्थानीय दुकानदारों से ही करें खरीदारी : दामोदर कसेरा



**गुमला (आजाद सिपाही)।** चेंबर के नीवर्तमान अध्यक्ष दामोदर कसेरा ने स्थानीय लोगों से व्यापारियों को सशक्त बनाने की अपील की है। कहा कि अभी त्योहारों का समय है। कई ऑनलाइन कंपनियां ग्राहकों को प्रभावित करने के लिए छूट का लालच देकर अपने यहां से खरीदेगी करने का प्रलोभन देगी। पर हमें अपने स्थानीय दुकानदारों से जरूरत के सामनों की खरीदारी करनी है। क्योंकि हमारे स्थानीय दुकान से जब चाहे उधारी ले सकते है। थोड़ी से लालच में आकर हम ऑनलाइन समान की खरीदगी कर लेते हैं, जिससे हमारे स्थानीय दुकानदारों को नुकसान सहना पड़ता है। कहा कि हमारे यहां किसी भी त्योहार में डोनेशन स्थानीय दुकानदार ही देते है। आज किसी भी व्यक्ति को रक्त की आवश्यकता हो तो स्थानीय दुकानदार या आम नागरिक ही मदद करेंगे। ऑनलाइन वाले मदद करने नहीं आएंगे। इसलिए स्थानीय दुकानदार से खरीदागी कर उन्हें सशक्त बनायें।

## हाथी प्रभावितों के बीच टॉर्च का वितरण



**जारी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के जरमना पारिश मैदान में वन विभाग की ओर से हाथी प्रभावित एवं जरूरतमंद किसानों के बीच शुक्रवार को टॉर्च का वितरण किया गया। कुरुमगढ़ रेंज के रेंजर जगदीश राम ने कुल 50 टॉर्च किसानों के बीच बांटा। कहा कि ये टॉर्च किसानों को रात में हाथियों से अपनी खेती और अनाजों की रक्षा करने में सहायक सिद्ध होंगे। इस मौके पर कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष राजेश टोप्पो, मंडल अध्यक्ष रिजवान अंसारी, जिला परिषद सदस्य दिलीप बड़ाइक सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे। जबकि टॉर्च वितरण का लाभ रेंगारी, चटकपुर, कोड़ी, श्रीनगर, करमटोली, पतराटोली सहित हाथी प्रभावित कई गांवों को मिला। मौके पर डुमरी प्रभारी वनपाल सुखदेव लकड़ा, चैनपुर प्रभारी वनपाल चंद्रेश चरण उरांव आदि उपस्थित थे।

## भाजपाइयों ने मंदिर एवं शहीद स्मारक स्थल में की साफ-सफाई



**घाघरा (आजाद सिपाही।** भाजपा घाघरा मंडल की ओर से सेवा पखवाड़ा के तहत स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अवसर पर मंदिर एवं शहीद स्मारक स्थल में साफ-सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व मंडल अध्यक्ष किशोर कुमार जायसवाल ने किया। उन्होंने कहा कि स्वच्छता केवल एक दिन का काम नहीं, बल्कि यह सभी की जिम्मेदारी है। स्वच्छ वातावरण से समाज में सकारात्मक संदेश जाता है और आने वाली पीढ़ियों को भी इसका लाभ मिलता है। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष किशोर कुमार जायसवाल, युवा मोर्चा अध्यक्ष आशीष कुमार सोनी, जिला कार्य समिति सदस्य विपिन बिहारी सिंह, पूर्व जिला उपाध्यक्ष प्रदीप प्रसाद, वरिष्ठ भाजपाई शिवेश्वर सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष श्याम किशोर पाठक, गंगा साहू, नीरज कुमार सिंह, संतोषमणि मिश्रा, अलका देवी और कुश कुमार साहू आदि उपस्थित थे।

## कामडारा राजकीय उमवि परिसर की घेराबंदी की मांग



**गुमला (आजाद सिपाही)।** अपर समाहर्ता शशिंद्र कुमार बड़ाइक की अध्यक्षता में शुक्रवार को जिला स्तरीय जन शिकायत निवारण दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें असनी पंचायत की रिया उरांव ने आर्थिक स्थिति खराब होने के कारण रोजगार उपलब्ध कराने में जिला प्रशासन से सहयोग की मांग की। इस पर अपर समाहर्ता ने उनका आवेदन गुमला जेएसएलपीएस को अग्रसारित करते हुए आवश्यक कार्रवाई का निर्देश दिया। वहीं, कामडारा सेम टोली स्थित राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय समिति ने विद्यालय परिसर की घेराबंदी की मांग की। बताया कि विद्यालय सुदूरवर्ती क्षेत्र में स्थित है, जहां घेराबंदी न होने के कारण जंगली हाथियों एवं अन्य जानवरों के प्रवेश से बच्चों की सुरक्षा एवं विद्यालय परिसर के किचन गार्डन और पौधों को नुकसान होता है। इस पर अपर समाहर्ता ने इस विषय को संबंधित विभाग को भेजने का आश्वासन दिया। इसके अलावा जमीन विवाद, मानदेय भुगतान, योजनाओं का लाभ प्राप्त करने और आपसी मतभेद से संबंधित समस्याएं रखी गयी। इन पर अपर समाहर्ता ने त्वरित कार्रवाई के लिए संबंधित विभागों एवं अधिकारियों को आवेदन अग्रसारित किया। जबकि कुछ मामलों का समाधान मौके पर कर दिया। इस मौके पर रायडीह प्रखंड की जसोमति देवी ने बताया कि 20 वर्ष पहले उनके पति की मृत्यु जंगली भालू के हमले से हो गई थी। उन्होंने वन विभाग से मुआवजा की मांग की थी, जो अब तक अप्राप्त है। इस पर अपर समाहर्ता ने मामले को संज्ञान में लेते हुए संबंधित विभाग को भेजा।

## हाथियों ने फसलों को रौंदा

**जारी (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के सिंगपुर गांव में गुरुवार की रात चार जंगली हाथियों ने जमकर उत्पाद मचाया। गांव के ही बरथोलोमी मिंज के दो एकड़ में लगे धान की फसल को रौंद कर बर्बाद कर दिया। बरथोलोमी ने बताया कि क्षेत्र में जंगली हाथियों का प्रकोप कुछ ज्यादा ही है। फसलों को बर्बाद कर रहे हैं।**

## सड़क हादसे में तीन युवक घायल, हालत गंभीर

**कामडारा (आजाद सिपाही)।** कामडारा-भालूटोली के पास एक बाइक पर सवार होकर जा रहे तीन लोग गिरकर घायल होगये। घटना शुक्रवार की दोपहर डेढ़ बजे की है। जानकारी के मुताबिक कामडारा प्रखंड क्षेत्र के पोजे गांव के रहने वाले तीन युवक विमल तोपनो (29), सुलेमान तोपनो (45) और सेबेयन तोपनो (28) एक बाइक पर सवार होकर रनियां क्षेत्र के मरचा गांव सप्ताहिक बाजार जा रहे थे। इसी बीच कामडारा-रनियां बोर्डर पर गांव भालूटोली के समीप खूंटी-सिमडेगा मुख्य पथ पर विपरित दिशा से आ रही एक ट्रक से बचने के चक्कर में असंतुलित होकर मुख्य पर गिर गये, जिससे तीनों को गंभीर चोट आयी है। ग्रामीणों ने तीनों को कामडारा सीएचसी में भर्ती कराया है।

बिशुनपुर में एफपीओ के वार्षिक आम सभा का आयोजन

## एफपीओ के जरिये किसान पा सकते हैं अपनी फसलों का बेहतर मूल्य : समीर

आजाद सिपाही संवाददाता



**बिशुनपुर।** प्रखंड में संचालित हरियाली फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड की ओर से शुक्रवार को बिशुनपुर पंचायत सचिवालय में एफपीओ आम सभा आयोजित की गयी। जिसका उद्देश्य स्थानीय किसानों को एफपीओ (फार्मर प्रोड्यूसर ऑर्गेनाइजेशन) के फायदों और इसके माध्यम से मिलने वाली सुविधाओं के बारे में जागरूक करना था। इस कार्यक्रम का शुभारंभ अनुसूचित जनजाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद समीर उरांव, डीडीएम नाबार्ड रवि शंकर, आईएसडीजी रिसर्च फाउंडेशन के निदेशक कुमार देवाशीष, जिप सदस्य पवन उरांव आदि ने संयुक्त रूप से किया। इसमें आइएसडीजी से जुड़े किसान बड़ी संख्या में भाग लिये। इस अवसर पर समीर उरांव ने कहा कि एफपीओ एक ऐसा मंच है जो किसानों को अपनी आय और व्यवसाय को आगे बढ़ाने में मदद कर सकता है। एफपीओ के माध्यम से किसान अपनी फसलों का बेहतर मूल्य प्राप्त कर अपनी आर्थिक स्थिति में सुधार कर सकते हैं। वहीं, नाबार्ड के डीडीएम रवि शंकर ने कहा कि एफपीओ किसानों के लिए एक महत्वपूर्ण साधन हो सकता है। इससे न केवल आय बढ़ेगी, बल्कि उन्हें अपने उत्पादों का बेहतर मूल्य भी मिलेगा। हमें उम्मीद है कि यह जागरूकता बिशुनपुर के किसानों के लिए एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। उन्होंने एफपीओ के महत्व पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला। इस दौरान पवन उरांव ने कहा कि एफपीओ के माध्यम से हमारे किसान भाई अपनी आय बढ़ा सकते हैं। हमें अपने किसानों को मजबूत बनाने के लिए ऐसे आयोजनों की आवश्यकता है इस दौरान उपस्थित किसानों ने एफपीओ के बारे में कई सवाल पूछे और अपने अनुभव साझा किए। मौके पर अजीत उरांव, लालजी उरांव, आशा देवी, सुनीता उरांव, उर्शिला लकड़ा, लालदेव उरांव, अशोक उरांव, बंधनु उरांव, श्रवण लोहरा, अजय उरांव, बाबूलाल उरांव, संजय उरांव, रूपू देवी, उषा देवी, प्रीति कुमारी, संतोषी उरांव आदि उपस्थित थे।


### जिला परिवहन पदाधिकारी, का कार्यालय कोडरमा

**वाहन स्वामियों हेतु आवश्यक सूचना**

कोडरमा जिला मे यातायात नियमो के उल्लघंनकर्ताओं के वाहनों के विरूद्ध निर्गत ई–चालानों का निष्पादन ससमय संबंधित वाहन मालिको के द्वारा नही किया जा रहा है जिससे लंबित ई–चालानों की संख्या प्रति दिन बढती जा रही है एवं राज्य सरकार को राजस्व की क्षति हो रही है। कोडरमा जिला मे व्याप्त लंबित ई–चालानों की संख्या के निश्पादन के निमित निम्नवत् विभिन्न थाना मे विशिश्ट कैंप आयोजित किया जायेगा।

| क्र0 | तिथि | थाना का नाम | शुल्क जमा करने का स्थान | प्रतिनियुक्त पदाधिकारी | प्रतिनियुक्त सहयोगी कर्मी |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 24.09.2025 | कोडरमा, चंदवारा, तिलैया, | तिलैया थाना | श्री कुमार सानु यादव, मोटरयान निरीक्षक, कोडरमा। | श्री अभिषेक मराण्डी (IT ASSISTANT) |
| 2 | 25.09.2025 | जयनगर, मरकच्चों, डोमचॉच | डोमचॉच थाना | श्री जोसेफ टोपो, मोटरयान निरीक्षक, कोडरमा। | श्री अभिषेक मराण्डी (IT ASSISTANT) |

अतः इस समाचार पत्र के माध्यम से यातायात नियमो के उल्लघंनकर्ताओं के वाहनों के विरूद्ध निर्गत ई–चालानों के वाहन मालिको को सूचित किया जाता है कि वे उपर्युक्त तिथि को संबंधित थाना मे पहुँचकर निर्गत ई–चालान के विरूद्ध शुल्क जमा कर निष्पादन कराना सुनिश्चित करेंगे अन्यथा वसूली हेतु नियमानुसार कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

जिला परिवहन पदाधिकारी,
कोडरमा।

PR 362386 (Transport) 25-26 (D)

### Office:- Civil Surgeon-cum-Chief Medical Officer, Simdega

**Recruitment Notice for District Programme Coordinator under Ayushman Bharat-MMJAY**

Advertisement No. 02/2025 (PMJAY)

Civil Surgeon, Simdega invites application for contractual recruitment for the post of District Programme Coordinator under AB-MMJAY (Ayushman Bharat- Mukhyamantri Jan Arogya Yojna)

| Sl. No. | Position | No. of Post | Desired Qualification and Experience | Remuneration (Rs./per month) | Age Limit |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | District Programme Co-ordinator | 01 (UR) | • MBBS/MBA in healthcare or Master of Health/Hospital Administration or Master of Public Health full time regular university degree.<br>• At least 2 years of experience in implementation of government health insurance programme or insurance industry or TPA (Third Party Administrator). | 50,000.00 | Upto to 45 Years |

**Terms and Conditions:**

Relevant document can be downloaded from:- https://www.simdega.nic.in

- The desirous candidates having requisite qualification and fulfilling other eligibility condition may come for appearing in **Walk-in-Interview** along with filled application on prescribed format and all the certificates in original in support of their qualification experience in

Venue :- Conference Hall of Deputy Commissioner, Simdega
Date : 08.10.2025
Time :- 11.00 Noon Onwards

- No TA/DA will be paid to candidates attending the interview
- Chairman, Selection Committee will have the sole authority to accept or reject any application, if he is satisfied with the cause to do so, without assigning any reason thereof.
- Selection to be above post will be on the basis of meritorious academic, records and performance in the interview conducted by the District Administration
- Candidates with higher qualification will be given preference for the post.

Sd/-
Civil Surgeon-Cum CMO
Simdega.

PR 362362 (Simdega)25-26*D

Sd/-
Deputy Commissioner
Simdega

## अपराध और नक्सल नियंत्रण करने में पुलिस हो रही मददगार साबित : डीआइजी



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** झारखंड सशस्त्र पुलिस क्षेत्रिय शूटिंग प्रतियोगिता-2025 का उद्घाटन समारोह का आयोजन किया गया। उद्घाटन समारोह के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में चंदन कुमार झा पुलिस उप-महानिरीक्षक, अपराध अनुसंधान विभाग, झारखंड, रांची मंच पर उपस्थित रहे। डीआइजी चंदन कुमार झा ने बताया कि किसी भी स्थिति से निपटने के लिए हमारे जवान या अधिकारी सक्षम है अपराध नियंत्रण, नक्सल नियंत्रण करने में पुलिस काफी मददगार साबित हो रहा है इस प्रतियोगिता में जो अच्छा परफॉर्मेंस करेंगे और झारखंड राज्य का नाम रौशन करेंगे। शूटिंग प्रतियोगिता में कुल 19 टीमे भाग ले रही है, जिसमें जैप, आइआरबी, एसआइआरबी, एसआइएसएफ, झारखंड जगुआर, सीआइडी, रेल जमशेदपुर सहित कुल 301 प्रतिभागी अपने-अपने वाहिनी / जिला का प्रतिनिधित्व करते हुए आगामी राज्य स्तरीय पुलिस प्रतियोगिता 2025 में सम्मलित होने के लिए अपना-अपना कौशला दिखायेंगे। प्रतियोगिता का समापन समारोह रविवार को किया जायेगा।

## ऑल इंडिया रेलवे मेंस फेडरेशन के आह्वान पर सभा और प्रदर्शन का आयोजन



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** ऑल इंडिया रेलवे मेंस फेडरेशन के आह्वान और ईस्ट सेंटर रेलवे कर्मचारी यूनियन ईसीआरकेयू के दिशा निर्देश पर 19 सितंबर को धनबाद कैरिज एंड वैगन डिपो के गेट पर रेल कर्मचारियों द्वारा ईसीआरकेयु के बैनर तले प्रदर्शन किया और सभा की। जिसमें हमारी प्रमुख मांग आठवें वेतन आयोग का शीघ्र गठन किया जाए, बोनस को सीलिंग मुक्त करते हुए वास्तविक वेतन पर गणना के आधार पर भुगतान किया जाये। उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि हमें उम्मीद है कि सरकार अपने समर्पित रेलकर्मियों के हितों को ध्यान में रखते हुए उपर्युक्त मांगों पर अविलंब सकारात्मक कार्रवाई करेगी। इस सभा को सफल बनाने में केंद्रीय पदाधिकारी नेताजी सुभाष, लाइन शाखा के शाखा सचिव जितेंद्र कुमार साहू, अध्यक्ष प्रशांत बनर्जी, धनबाद शाखा दो के अध्यक्ष नीलकमल खवास, शाखा सचिव आरके सिंह, धनबाद शाखा एकके भानु प्रताप गुप्ता, रविंदर रवानी चंद्रशेखर प्रसाद, विमान मंडल, सुरेंद्र कुमार चौहान, राजेश कुमार गोप, परमेश्वर महतो एवं धनबाद के समस्त रेल बंधु का सभा को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

## दुगार्पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक




**महुदा (आजाद सिपाही)।** आगामी दुगार्पूजा को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने को लेकर शुक्रवार को महुदा थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अंचल निरीक्षक ममता कुमारी ने की। इसमें क्षेत्र की सभी पूजा समितियों के सदस्य, पंचायत प्रतिनिधि, जनप्रतिनिधि एवं प्रबुद्ध नागरिक उपस्थित थे। बैठक में पूजा के दौरान उत्पन्न होने वाली समस्याओं पर चर्चा करते हुए समिति के सदस्यों ने पुलिस के समक्ष विभिन्न सुझाव और समस्याएं रखीं। इस दौरान अंचल निरीक्षक ममता कुमारी ने सभी को दुगार्पूजा की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पूजा शांतिपूर्ण ढंग से मनाई जाए एवं जिला प्रशासन द्वारा जारी सभी दिशा-निदेर्शों का पालन सुनिश्चित किया जाए। भड़काऊ व भ्रामक गानों एवं उच्च ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग पर रोक रहेगी। उन्होंने निर्देश दिया कि प्रत्येक पूजा पंडाल में सीसीटीवी कैमरा, पुलिस व प्रशासन के संपर्क नंबर, स्वयंसेवकों की टीम और साफ-सुथरा वातावरण सुनिश्चित किया जाए। महुदा थाना प्रभारी ललित रंजन भगत ने अफवाहों से बचने और सोशल मीडिया पर भ्रामक सूचनाएं फैलाने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी। वहीं पुजा में जबरन चंदा वसुली करने पर करवाई की बात कही। इस बैठक में भाजपा जिला महामंत्री धनेश्वर महतो, मुखिया महेश पटवारी, पूर्व मुखिया संपद घोषाल, मुखिया प्रतिनिधि सीबू महतो, रामेश्वर महतो, सुर्यकांत महतो, अब्दुल समद अंसारी, किसुन महतो, भरत महतो, अनुज कुमार सिंहा, सीमंतो महतो, संजय कुमार, सुभाष चंद्र महतो, प्रमेंद्र सिंह, प्रकाश कुमार सिंहा, अतनु घोषाल, सुरेश गोप, आदि मौजूद थे।

## शिविर में 23 यूनिट रक्त का संग्रहण



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** 19 सितम्बर को सामूदायिक स्वास्थ्य केंद्र बाघमारा में स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान एवं सेवा पखवाड़े के अंतर्गत रक्त दान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें कुल 23 यूनिट रक्त संग्रह किया गया ।सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बाघमारा के चिकित्सा पदाधिकारी डॉ श्रीनाथ, डॉ शेखर चंद्रा, प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक भावेश चंद्र प्रकाश,प्रखंड लेखा प्रबंधक सन्नी लाल विद्यार्थी,विनय कुमार क्लर्क,प्रेम शंकर नेत्र सहायक, सीएचओ महेंद्र सिंह मीणा, अरविंद कुमार,राजेश निषाद मलेरिया तकनीशियन, रामजीत शर्मा टीबीएचभी ,संजय कुमार एसटीएलएस , सुमन पासवान, यूसुफ अंसारी एवं लायंस क्लब सेनिटेनियल बाघमारा के सदस्यों एवं आम जनों के द्वारा रक्त दान किया गया। सहयोगी के रूप में लायंस क्लब सेनिटेनियल बाघमारा का अहम भूमिका रही। रक्त संग्रह करवाने में भारतीय रेडक्रास समिति धनबाद एवं बाघमारा स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी के संयुक्त तत्वावधान में कौशलेंद्र कुमार सिंह( चेयरमैन), कुमार मधुरेन्द्र सिंह( चेयरमैन सलाहकार) एवं ब्लड बैंक धनबाद की अहम भूमिका रही जिसमें राहुल कुमार,संजीव कुमार,अमृत कुमार एवं राजू महतो थे। रक्त दान शिविर को सफल संचालन हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बाघमारा के सभी चिकित्सा पदाधिकारी एवं स्वास्थ्य कर्मी मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# आतंकी अशरफ दानिश को लेकर टीम पहुंची पेटरवार, की तफ्तीश

**अशरफ दानिश ने पेटरवार के बीज भंडार दुकान से खरीदी थी पोटेशियम नाइट्रेट**

**अशरफ दानिश के मौसेरा भाई को टीम ने दी नोटिस**



आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** रांची से पकड़े गए अशरफ दानिश के पाकिस्तान से आतंकी कनेक्शन की टोह में दिल्ली स्पेशल सेल थाना की टीम पूरी सुरक्षा के साथ बोकारो के पेटरवार में पहुंची और अपनी तफ्तीश की और फिर मोहनडीह में रहने वाले बहालुद्दीन के पुत्र मारूफ को नोटिस दी उसे अपना पक्ष रखने के लिए तलब किया और फिर तफ्तीश करते हुए यह टीम लौट गयी। इस टीम ने अपने साथ पिछले दिनों 10 सितंबर को राजधानी रांची के लोअर बाजार थाना क्षेत्र के पत्थलकुदवा के न्यू तबारक लॉज से पकड़े गये अशरफ दानिश को भी लायी थी। रांची से पकड़ा गया दानिश बोकारो जिले के पेटरवार थाना क्षेत्र का रहने वाला है और उसके पिता अधिवक्ता हैं। पाकिस्तान से आतंकी कनेक्शन के आरोप में दिल्ली स्पेशल सेल थाना एटीएस और झारखंड पुलिस द्वारा उसे लॉज से तबाही के समानों के साथ पकड़ा गया था और फिर इसी कनेक्शन में देश के कई राज्यों में एक साथ छापेमारी की गयी थी जिसमें पांच लोग गिरफ्तार किए गये थे। दो लोगों को दिल्ली से गिरफ्तार किया गया था जिनका महाराष्ट्र कनेक्शन था। दिल्ली से पकड़े गये और महाराष्ट्र से कनेक्शन रखने वाले आफताब अंसारी और सूफी आलम उर्फ सुफियान अबू बकर, मध्य प्रदेश के राजगढ़ से कामरान कुरेशी, तेलंगाना के निजामाबाद से हुजेया तथा रांची से अशरफ दानिश था। देश के विभिन्न राज्यों से पकड़े गये सभी संदिग्ध आतंकियों का कनेक्शन पाकिस्तान से जुड़ा हुआ पाया गया है और पाकिस्तान स्थित हैंडलर के संपर्क में रहते हुए भारत में आतंक का बड़ा नेटवर्क तैयार कर रहा था। इसके पाकिस्तान से डायरेक्ट कनेक्शन का प्रमाण मिलने के बाद देशव्यापी बडी कार्रवाई की गयी और पाकिस्तान के आला के इशारे पर देश को अशांत करने तबाही लाने का और आतंक फैलाने की एक सुनियोजित साजिश विफल हो गयी। आतंक के इस मॉडुयूल के नेटवर्क में 19 साल से लेकर 25 साल के ही युवक शामिल थे और इसका मास्टरमाइंड अशरफ दानिश था पेटरवार थाना क्षेत्र के रहने वाले अधिवक्ता का पुत्र अशरफ दानिश कैसे पाकिस्तान के आतंक से संपर्क में आया और उसने प्रायोजित किस तरह की साजिश रची इसका पता लगाने में दिल्ली पुलिस के स्पेशल थाना लगा हुआ है। अशरफ दानिश के पास से मिला केमिकल पाउडर तथा कई आपत्तिजनक सामान का क्या उपयोग होना था इसकी जानकारी हासिल करने को लेकर इसी क्रम में स्पेशल सेल थाना सुरक्षा अपने पूरे लाव लश्कर के साथ दानिश को लेकर पेटरवार के उत्तर सारा स्थित उसके आवास पर गयी। पेटरवार के महतो बीज भंडार दुकान पर भी गयी जहां से पोटेशियम नाइट्रेट खरीदने की बात अशरफ दानिश ने कही थी। अशरफ दानिश ने इसी बीज भंडार से पोटेशियम नाइट्रेट खरीदी थी इसकी पुष्टि स्पेशल सेल दिल्ली से आयी टीम की पूछताछ में दुकानदार ने की है। टीम को पेटरवार का पाकिस्तान कनेक्शन मिलने के बाद वह और गंभीरता से जांच कर रही है स्पेशल सेल की टीम को अशरफ दानिश का एक निकटतम कनेक्शन बोकारो के चास अनुमंडल के पिंडरा जोड़ा थाना क्षेत्र के मोहंनडीह से जुड़ा मिला है। स्पेशल सेल की टीम ने मोहनडीह के रहने वाले मारूफ को फोन कर उसका अशरफ दानिश से कनेक्शन की खोज की और उसे व्हाट्सएप पर ही नोटिस देकर उसे तलब किया है। जिस मारूफ को दिल्ली के स्पेशल सेल थाने की पुलिस के स्पेशल सेल थाना के अधिकारी ने नोटिस दिया है वह अशरफ दानिश का मौसेरा भाई बताया गया है और कई बार उसके बीच में हुई बातचीत या चैट की जानकारी स्पेशल सेल को लगी है इसी आधार पर नोटिस देकर उसे तलब किये जाने की सूचना मिली है। इस मामले में बोकारो के पुलिस अधीक्षक हरविंदर सिंह ने कहा कि अगर कुछ खास इस संदर्भ में मिला तो वह साझा किया जायेगा।

## पारिवारिक विवाद में युवक ने चाचा को चाकू मारकर किया घायल



**झरिया/ जोड़ापोखर (आजाद सिपाही)।** जेलगोरा सात नंबर धौड़ा में शुक्रवार की शाम को अफताब अंसारी एवं शाकिब अंसारी दोनो रिश्तेदारों के परिजनों के बीच पारिवारिक विवाद को लेकर जमकर मारपीट हो गयी। मारपीट के दौरान भतीजा सोहेल नामक बालक ने चाचा आफताब अंसारी को चाकू मारकर घायल कर दिया है। जबकि सोहेल के परिजन ने आफताब के भाई मो अफजल को रॉड से मारकर माथा फोड़कर गंभीर रूप से घायल कर दिया गया है। चाकूबाजी में घायल आफताब को बेहतर इलाज के लिए एसएनएमसीएच धनबाद में भर्ती कराया गया है। जबकि अफजल का इलाज स्थानीय नर्सिंग होम में किया जा रहा है। घटना की शिकायत आफताब की पत्नी शबाना खातून ने जोरापोखर थाना में किया है। जोरापोखर पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। शबाना ने बताया कि बरारी मध्य विद्यालय में पढ़ाई के दौरान भतीजी आशिया परवीन व सोहेल की बहन खुशी के बीच किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया था। हम सभी परिवार के लोग उसे समझाने बुझाने के लिए उसके घर पर गए थे। तभी सोहेल अंसारी, उसका बड़ा भाई शाकिब अंसारी, मां कुलसुम खातून एवं खुशी ने मिलकर गाली गलौज करते हुए चाकू ,रड डंडे लेकर उनलोगों पर हमला कर दिया। सोहेल द्वारा चाकू चलाए जाने पर चाकू आफताब के पेट मे लगने से वह घायल हो गया। वही बीच बचाव कर रहे भाई मो अफजल अंसारी के माथे में रड से वार करने से माथा फट गया है।

## उपायुक्त की पहल पर वृद्धा पेंशन फिर शुरू



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** उपायुक्त आदित्य रंजन ने आज जनता दरबार का आयोजन किया। इसमें जोड़ापोखर से आयी एक वृद्ध महिला ने बताया कि उन्हें वर्ष 2002 से पेंशन मिल रहा था। अचानक 2019 से पेंशन मिलना बंद हो गया। उपायुक्त ने मामले पर त्वरित संज्ञान लेकर जांच की। जांच के बाद पता चला कि वृद्धा को वर्ष 2019 में मृत घोषित कर दिया था। जिसके कारण पेंशन मिलना बंद हो गया था। उपायुक्त ने सामाजिक सुरक्षा विभाग को वृद्धा को स्वीकृत पेंशन, आधार कार्ड, राशन कार्ड एवं बैंक पासबुक की छाया प्रति देकर आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। तत्पश्चात वृद्धा को पुनः पेंशन मिलना शुरू हुआ। उपायुक्त द्वारा की गई त्वरित कार्रवाई से वृद्धा ने प्रसन्नचित्त होकर उपायुक्त का आभार प्रकट किया। जनता दरबार में भूमि पर अवैध कब्जा करने, बीपीएल कोटा में नामांकन कराने, घर का आने-जाने का रास्ता अवरोध करने, जमीन अधिग्रहण के बाद मुआवजा राशि नहीं मिलने सहित अन्य आवेदन प्राप्त हुए।

# गोविंदपुर में नकली कफ सिरप लदा ट्रक जब्त, नौ हजार बोतलें बरामद



आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** धनबाद जिले के गोविंदपुर थाना क्षेत्र में पुलिस ने नकली कफ सिरप की एक बड़ी खेप पकड़ने में सफलता हासिल की है। इस संबंध में आज गोविंदपुर थाने में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया, जिसमें डीएसपी और थाना प्रभारी ने संयुक्त रूप से मामले की जानकारी दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार, गोविंदपुर थाना प्रभारी को गुप्त सूचना मिली थी कि एक 12 चक्का ट्रक बोकारो की ओर से भारी मात्रा में नकली कफ सिरप लादकर गुजरने वाला है। सूचना मिलते ही वरीय पुलिस पदाधिकारियों के निर्देश पर एक विशेष टीम गठित की गई, जिसने मोहन पेट्रोल पंप के समीप संदिग्ध ट्रक को रोकने की कार्रवाई की। पुलिस को देखकर ट्रक चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। जब ट्रक की तलाशी ली गयी, तो उसमें कुल 9000 बोतल नकली कफ सिरप बरामद की गयी, जिसे प्लास्टिक के कार्टनों में भरकर ले जाया जा रहा था। बरामद सिरप की अनुमानित कीमत लगभग 19 लाख रुपये बतायी जा रही है। डीएसपी ने बताया कि मामले की जांच जारी है और ट्रक चालक तथा सप्लाई चैन से जुड़े अन्य लोगों की तलाश की जा रही है। जल्द ही इस गिरोह का भंडाफोड़ किया जायेगा।

# वाहन जांच अभियान में 4.25 लाख रुपये जुर्माने की वसूली

आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** राष्ट्रीय राज्यमार्ग 32 पर पिंडराजोरा थाना क्षेत्र अंतर्गत जिला परिवहन पदाधिकारी मारुति मिंज द्वारा 19 सितंबर को चलाए गए सघन वाहन जांच अभियान के दौरान कुल 35 वाहनों से 4 लाख 25 हजार रुपए का जूमार्ना वसूला गया। वाहन जांच, सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में उपायुक्त अजय नाथ झा द्वारा दिए गए निर्देश के आलोक में किया गया। इस दौरान जिला परिवहन पदाधिकारी मारुति मिंज द्वारा जांच अभियान चलाकर मोटरवाहन अधिनियम के विभिन्न नियमों के उल्लंघन में कुल 35 वाहन से 4 लाख 25 हजार रुपए जुमार्ना वसूला गया।


अभियान के तहत कुल 97 वाहनों की जांच की गयी। जिसमें फिटनेस सर्टिफिकेट, रिफ्लेक्टिव टेप, ओवर लोडिंग, इंश्योरेंस फेल एवं टैक्स फेल होने को लेकर 35 वाहनों पर कार्रवाई करते हुए जुमार्ना वसूला लिया गया। साथ ही डीटीओ ने चास प्रखंड के आइटीआइ मोड सहित अन्य चौक चौराहों पर दो पहिया वाहनों सहित चार पहिया वाहनों की जांच की। जिसमें हेलमेट, रजिस्ट्रेशन, पॉल्यूशन, लाइसेंस, सीट बेल्ट, रिफ्लेक्टिव टेप सहित अन्य की जांच हुई। इस दौरान दो पहिया वाहन चालकों को हेलमेट लगाने के साथ चार पहिया वाहन चालकों को सीट बेल्ट लगाने का निर्देश भी दिया गया।

वाहन जांच के दौरान मोटरवाहन निरीक्षक, जिला सड़क सुरक्षा समिति के सदस्य एवं अन्य उपस्थित थे।

### कोयलांचल में भू-धंसान को लेकर जिप अध्यक्ष ने की प्रेस कांफ्रेंस

# भू-धंसान के कारण और निदान को लेकर 21 को होगी परिचर्चा

आजाद सिपाही संवाददाता



**कतरास।** बाघमारा क्षेत्र में लगातार हो रही भू-धंसान और कोयला तस्करी के खिलाफ महिलाओं ने मोर्चा संभाल लिया है कहीं झाड़ू प्रदर्शन हो रहे है तो कही संगोष्ठी आयोजित की जा रही है. इसी को लेकर शुक्रवार को कतरास के भारती क्लब में कतरास नागरिक मंच के द्वारा प्रेस कॉन्फ्रेंस किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जीप अध्यक्ष शारदा सिंह और,पूर्व बियाडा अध्यक्ष सह समाजसेवी विजय झा मौजूद रहे। कार्यक्रम में विजय झा ने क्षेत्र में लगातार हो रही भू धसान और कोयला चोरी के खिलाफ जमकर हमला बोलते हुए कहा कि अवैध उत्खनन की वजह से कोयलांचल में भू-धंसान की घटनाएं हो रही है. घर जमींदोज हो जा रहे है। लोगों की जाने जा रही है। इस दौरान उन्होंने सीआइएसफ हटाओ - बीसीसीएल बचाओ की मांग किया और माइन्स एक्ट की धारा 128 कोयलांचल में लागू कर ओबी डंप कर कृतिम पहाड़ को समतल कर उसमें मवेशियों के चारागाह बनाया जाय तथा कटीली तार से उसका बैरिकेटिंग किया जाये क्योंकि कतरास, बाघमारा शहर पूरी तरह से पिलर पर टिका हुआ है। अब कोयला चोर और तस्कर उन पिलरों की भी कटाई कर रहे है। इस वजह से शहर को बड़ा खतरा होने वाला है उन्होंने यह भी मांग की कि जिन फैक्ट्री में अवैध कोयले की खपत हो रही है, उनके खिलाफ मुकदमे दर्ज किये जाये या फिर उन्हें सील कर दिया जाये। उन्होंने कहा कि इन्ही सब समस्यायो को लेकर 21 सितंबर को कतरास कोयलांचल में भू-धंसान-कारण एवं निदान विषयक एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया है।


## कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग
### जिला गव्य विकास कार्यालय, चतरा

**''पशुपालकों के लिए आम सूचना''**

कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग झारखण्ड सरकार, राँची (गव्य प्रकोष्ठ) के राज्यादेश संख्या 17 रा0 दिनांक 26.08.2025 के आलोक में वित्तीय वर्ष 2025–26, मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना अन्तर्गत गव्य प्रकोष्ठ के विभिन्न कार्यक्रमो के लिए इच्छुक ग्रामीण कृषकों/पशुपालकों से https://loksetuchatra.in पोर्टल पर दिनांक 04.10.2025 तक आवेदन पत्र आमंत्रित किया जाता है। Online आवेदन पत्र भरने से पूर्व मार्गदर्शिका https://loksetuchatra.in से Download कर लेगें। मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना अन्तर्गत विभिन्न कार्यक्रमों से विवरणी निम्नवत् हैः–

| क्र0 सं0 | योजना का नाम | योजना लागत | अनुदान प्रतिशत | लाभुक अहर्त्ता |
|---|---|---|---|---|
| 1 | दो दुधारू गाय/भैंस की योजना | 135050.00 | 90 % | आपदा/आगलगी से प्रभावित/सड़क दुर्घटना से प्रभावित परिवार की महिला/परित्यक्त/दिव्यांग महिला |
| | | | 75 % | सभी महिला लाभुक के लिए (आपदा/आगलगी से प्रभावित/सड़क दुर्घटना से प्रभावित परिवार की महिला/परित्यक्त/दिव्यांग महिलाओं को छोड़कर) |
| | कामधेनु डेयरी फार्मिंग योजना | | | |
| 2 | 05 दुधारू गाय/भैंस (मिनी डेयरी) की योजना | 337625.00 | 75 % | अनु0 जाति/अनु0 जन जाति के लाभुकों /दुग्ध सहकारी समिति |
| | | | 50 % | अनु0 जाति/अनु0 जन जाति के लाभुकों/दुग्ध सहकारी समिति को छोड़कर अन्य सभी जातियों के लिए |
| 3 | 10 दुधारू गाय/भैंस (मिडी डेयरी) की योजना | 675250.00 | 75 % | अनु0 जाति/अनु0 जन जाति के लाभुकों /दुग्ध सहकारी समिति |
| | | | 50 % | अनु0 जाति/अनु0 जन जाति के लाभुकों/दुग्ध सहकारी समिति को छोड़कर अन्य सभी जातियों के लिए |
| | चारा कल मशीन वितरण की योजना | | | |
| 4 | हस्त चालित चैफ कटर वितरण की योजना | 12000.00 | 90 % | अनु0 जाति/अनु0 जन जाति के लाभुकों /दुग्ध सहकारी समिति |
| | | | 75 % | अनु0 जाति/अनु0 जन जाति के लाभुकों/दुग्ध सहकारी समिति को छोड़कर अन्य सभी जातियों के लिए |
| 5 | विद्युत चालित चैफ कटर वितरण की योजना | 26000.00 | 90 % | अनु0 जाति/अनु0 जन जाति के लाभुकों /दुग्ध सहकारी समिति |
| | | | 75 % | अनु0 जाति/अनु0 जन जाति के लाभुकों/दुग्ध सहकारी समिति को छोड़कर अन्य सभी जातियों के लिए |
| | प्रगतिशील डेयरी कृषकों का सहायता योजना | | | |
| 6 | मिल्कींग मशीन की योजना | 120000.00 | 90 % | अनु0 जाति/अनु0 जन जाति के लाभुकों /दुग्ध सहकारी समिति |
| | | | 75 % | अनु0 जाति/अनु0 जन जाति के लाभुकों/दुग्ध सहकारी समिति को छोड़कर अन्य सभी जातियों के लिए |
| 7 | पनीर एवं खोवा मेंकिंग यूनिट | 100000.00 | 90 % | अनु0 जाति/अनु0 जन जाति के लाभुकों /दुग्ध सहकारी समिति |
| | | | 75 % | अनु0 जाति/अनु0 जन जाति के लाभुकों/दुग्ध सहकारी समिति को छोड़कर अन्य सभी जातियों के लिए |
| 8 | वर्मी कम्पोस्ट | 25000.00 | 90 % | अनु0 जाति/अनु0 जन जाति के लाभुकों /दुग्ध सहकारी समिति |
| | | | 75 % | अनु0 जाति/अनु0 जन जाति के लाभुकों/दुग्ध सहकारी समिति को छोड़कर अन्य सभी जातियों के लिए |
| 9 | बोरिंग 400ft | 100000.00 | 90 % | अनु0 जाति/अनु0 जन जाति के लाभुकों /दुग्ध सहकारी समिति |
| | | | 75 % | अनु0 जाति/अनु0 जन जाति के लाभुकों/दुग्ध सहकारी समिति को छोड़कर अन्य सभी जातियों के लिए |
| 10 | काउ मैट | 5200.00 | 90 % | अनु0 जाति/अनु0 जन जाति के लाभुकों /दुग्ध सहकारी समिति |
| | | | 75 % | अनु0 जाति/अनु0 जन जाति के लाभुकों/दुग्ध सहकारी समिति को छोड़कर अन्य सभी जातियों के लिए |

नोट :–

1. आवेदक का उम्र 18 वर्ष से उपर किन्तु 55 वर्ष से नीचे होना चाहिए। लाभुक का चयन उपरान्त एक सप्ताह का विभागीय संस्थागत प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेना आवश्यक होगा।
2. इस योजना के अन्तर्गत लाभुकों का चयन , पंचायत स्तरीय समिति / ग्राम सभा की अनुशंसा, कराते हुए प्रखण्ड स्तरीय समिति की अनुशंसा उपरान्त उपायुक्त,महोदय की अध्यक्षता में गठित जिला स्तरीय समिति द्वारा अन्तिम रूप से किया जायेगा। पंचायत स्तरीय समिति में ग्राम प्रधान नहीं रहने पर मुखिया, झारखण्ड मिल्क फेडरेशन(JMF)के प्रतिनिधि/ दुग्ध मित्र सदस्य रहेगें। विगत 05 वर्षो में जिन परिवारों द्वारा अनुदान का लाभ लिया गया है, उन्हें पुनः अनुदान अनुमान्य नहीं होगा।
3. इस योजना के लिए आवासीय,जाति एवं महिलाओं का दिव्यांगता प्रमाण पत्र त्रिस्तरीय पंचायती राज के जनप्रतिनिधि यथा मुखिया, पंचायत समिति के सदस्य अथवा संबंधित जिला परिषद् सदस्य द्वारा निर्गत किया जा सकता है।
4. उपायुक्त,चतरा की अध्यक्षता में गठित स्तरीय समिति द्वारा अंतिम रूप से चयनित लाभुकों का ESCROW/DEDICATED ACCOUNT खोले जाने के पश्चात् 15 दिनों के अन्दर लाभुक अंशदान की राशि जमा करना होगा। लाभुक अंशदान की राशि निर्धारित अवधि में जमा नही किये जाने के स्थिति में प्रतिक्षा सूची से लाभुक का चयन कर लिया जायेगा।
5. कामधेनु डेयरी योजना का क्रियान्वयन अनुदान–सह–लाभुक अंशदान/बैंक ऋण पर किया जायेगा।
6. दुधारू मवेशी वितरण योजना का क्रियान्वयन के क्रम में दुधारू मवेशी का क्रय 06 माह के अन्तराल पर दो चरणों में किया जायेगा।
7. दुधारू मवेशी वितरण कार्यक्रम अन्तर्गत पशु शेड का निर्माण मनरेगा अन्तर्गत उपलब्ध निधि के अभिसरण से किया जायेगा। वैसे चयनित पशुपालक, जिनके पास मनरेगा कार्यक्रम अन्तर्गत पशु शेड निर्मित है की सूची संबंधित प्रखण्ड विकास पदाधिकारी के द्वारा जिला गव्य विकास पदाधिकारी को उपलब्ध कराया जायेगा।
8. लाभुक द्वारा दुधारू पशुओं का लगातार तीन पाली दुहाई एवं पूर्ण संतुष्टि के उपरान्त दुधारू पशु विक्रेता के साथ मोल–भाव कर दुधारू गाय का कीमत तय किया जाएगा। गव्य विकास निदेशालय से निबंधित सूचीबद्ध पशु विक्रेता से दुधारू पशु क्रय किया जायेगा।
9. हस्त चालित/ विद्युत चालित चारा काटने की मशीन की योजना एवं प्रगतिशील डेयरी कृषकों की सहायता योजना का लाभ गव्य विकास निदेशालय,स्तर पर गठित क्रय समिति द्वारा निर्धारित गुणवता मेक किया गया हो, अथवा राज्योदश में उल्लेखित दर दोनों में जो कम होगा, उसके आधार पर क्रय उपरान्त स्वीकृत अनुदान की राशि को उनके दावा विपत्र के आधार पर किया जायेगा।
10. वैसे पशुपालक जिनके पास कम से कम 05 उन्नत देशी नस्ल/संकर नस्ल के दुधारू मवेशी रखते है, हस्त चालित चारा कल मशीन की योजना का लाभ लेने के लिए योग्य होगें। वैसे पशुपालक जिनके पास कम से कम 10 उन्नत देशी नस्ल/संकर नस्ल के दुधारू मवेशी रखते है, विद्युत चालित चारा कल मशीन का लाभ लेने के लिए योग्य होगें।
11. वर्मी कम्पोस्ट यूनिट एवं बोरिंग आदि हेतु सक्षम स्तर से तकनीकी स्वीकृत प्राप्त प्राक्कलित राशि अथवा एवं योजना के अनुमानित लागत दोनों मे से जो कम हो, के आधार पर अनुदान राशि लाभुकों को उनके विपत्र के आधार पर भुगतान किया जायेगा।
12. वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिए निर्गत राज्यादेश के तहत् निर्धारित स्वीकृत लक्ष्य के सापेक्ष लाभुकों का चयन एवं विहित प्रक्रिया अपनाते हुए उनके बैंक खाता में अनुदान की राशि डी0बी0टी0 किया जायेगा।

जिला गव्य विकास पदाधिकारी
चतरा

PR 362312 Animal Husbandry (2526)_D

# इस्ट टेक्सट्रॉनियम 2025: ड्रोन और टैंक बने दर्शकों की पहली पसंद

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची के खेलगांव स्थित मेगा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में शुक्रवार को झारखंड सरकार, एसआइडीएम और सीआइआइ के नेतृत्व 'इस्ट टेक्सट्रॉनियम 2025' एक्सपो का तीन दिवसीय शुभारंभ किया गया। इस मौके पर सीडीएस अनिल चौहान, राज्यपाल संतोष गंगवार, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और राज्य रक्षा मंत्री संजय सेठ ने एक्सपो का अवलोकन किया। इस अवसर पर मुख्य रक्षा अध्यक्ष जनरल अनिल चौहान, राज्यपाल संतोष गंगवार, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और राज्य के रक्षा मंत्री संजय सेठ सहित कई गणमान्य अतिथियों ने एक्सपो का अवलोकन किया। एक्सपो में कई रक्षा उपकरण आकर्षण के केंद्र बने रहे। कामिकाजे ड्रोन, 360 आर्टिलरी, एग्रीकल्चर ड्रोन जैसे उपकरण प्रदर्शित किये गये। इन्हें देखकर फौज के जवानों और अधिकारियों की विशेष रुचि देखने को मिली। महिंद्रा का डिफेंस व्हीकल, टैंक और बीडी स्कॉर्पियन ने लोगों का ध्यान खींचा। 8-10 किलो तक भार उठाने वाले ड्रोन भी आकर्षण का बड़ा केंद्र बने।

डीआरडीओ ने बुलेट प्रूफ जैकेट, बूट एंटी माइन इंफैंट्री, एंटी पर्सनल माइन ब्लास्ट प्रोटेक्शन सूट, न्यूक्लियर शील्डिंग पैड जैसे कई उत्पाद प्रदर्शित किये। वहीं अडानी कंपनी ने विभिन्न प्रकार के बड़े ड्रोन, कोट्स, असॉल्ट राइफल और स्नाइपर प्रस्तुत किये।

प्रदर्शनी में 170 से अधिक कंपनियों के उत्पाद और समाधान प्रदर्शित किये जा रहे हैं। 400 से अधिक प्रतिनिधि और रक्षा अधिकारी इसमें शामिल हुए। बी2जी मीटिंग्स के जरिए सेना और उद्योग के बीच सीधा संवाद भी आयोजित किया जायेगा। इस एक्सपो में अडानी डिफेंस, महिंद्रा, समृद्धि, डीआरडीओ के अलावा कई अन्य कंपनियों ने भी हिस्सा लिया।








## हथियारों का रणनीतिक चयन सर्वोपरि: सीडीएस

रांची (आजाद सिपाही)। सीडीएस जनरल अनिल चौहान ने कहा कि भारत में रक्षा विनिर्माण का स्वदेशीकरण देर से शुरू हुआ है, लेकिन देश सही रास्ते पर है। रक्षा विनिर्माण आधार का विस्तार करने की आवश्यकता है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता तथा अन्य आधुनिक तकनीकों का पता लगाना होगा। हथियारों का रणनीतिक चयन सर्वोपरि है और आधुनिक आवश्यकताओं के अनुरूप अनुसंधान एवं विकास (आरएंडडी) की समीक्षा की जानी चाहिए। जनरल चौहान ने कहा कि केंद्र की 'एक्ट इस्ट' नीति और रक्षा में आत्मनिर्भरता के उद्देश्यों को झारखंड और पश्चिम बंगाल जैसे राज्यों की सक्रिय भीगीदारी से साकार किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि युद्ध विज्ञान है, युद्ध कला है और वर्तमान संदर्भ में एक योद्धा को रचनात्मक होने की आवश्यकता है।









## भारत आज वैश्विक शक्ति के रूप में उभर रहा : राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार

रांची (आजाद सिपाही)। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने शुक्रवार को खेलगांव स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में इस्ट टेक 2025 के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि यह केवल एक प्रदर्शनी नहीं, बल्कि भारत की बढ़ती शक्ति, आत्मविश्वास और आत्मनिर्भरता को दर्शाता है। राज्यपाल ने कहा कि यह डिफेंस एक्स्पो आत्मनिर्भर भारत के उस संकल्प का प्रतीक है, जिसमें देश की शक्ति, सामर्थ्य और स्वाभिमान समाहित है। पूर्वी भारत में इस प्रकार की रक्षा प्रदर्शनी का आयोजन, औद्योगिक विकास, नवाचार और रक्षा उत्पादन में सहयोग की नयी दिशाएं खोलेगा। उन्होंने कहा कि भारत अब रक्षा उत्पादन के क्षेत्र में एक उपभोक्ता नहीं, बल्कि उत्पादक और निर्यातक देश बन चुका है। भारत के रक्षा उत्पाद अब कई देशों में निर्यात किये जा रहे हैं और रक्षा निर्यात 1,27,000 करोड़ रुपये तक पहुंच चुका है। राज्यपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदृष्टि नेतृत्व और उनके मेक इन इंडिया के आह्वान ने ही यह संभव किया है। प्रधानमंत्री ने रक्षा आत्मनिर्भरता को केवल नारा नहीं, बल्कि राष्ट्रीय स्वाभिमान का आधार बनाया है। उनकी नीति और मार्गदर्शन में भारत न केवल अपनी सीमाओं की सुरक्षा कर रहा है, बल्कि वैश्विक स्तर पर शांति और सुरक्षा का विश्वसनीय सहयोगी बन रहा है। राज्यपाल ने कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' जैसी आंतकवाद के विरुद्ध कार्रवाइयां भारत की रणनीतिक दक्षता और मानवीय मूल्यों का परिचायक हैं। उन्होंने कहा कि ये उपलब्धियां केवल तकनीकी विजय नहीं, बल्कि यह प्रमाण हैं कि भारत आज वैश्विक शक्ति के रूप में उभर रहा है। राज्यपाल ने आशा व्यक्त की कि इस्ट टेक 2025 उद्योगों, स्टार्टअप्स और शोध संस्थानों के लिए नये अवसर खोलेगा। यह प्रदर्शनी रक्षा क्षेत्र में औद्योगिक परिदृश्य में नवचेतना का संचार करेगी और युवाओं को नवाचार की दिशा में प्रेरित करेगी। राज्यपाल ने कहा कि इस्ट टेक 2025 केवल हथियारों और तकनीक का प्रदर्शन नहीं, बल्कि भारत की बदलती सोच और आत्मविश्वास का प्रतीक है। यह प्रदर्शनी हमें यह संदेश देती है कि भारत अब रक्षा के क्षेत्र में किसी पर आश्रित नहीं, बल्कि आत्मनिर्भर और आत्मविश्वासी राष्ट्र है।

## 36 साल की सेवा के बाद एशिया की पहली महिला लोको पायलट होंगी रिटायर

मुंबई (आजाद सिपाही)। भारतीय रेलवे के इतिहास में एक नया अध्याय लिखने वाली और एशिया की पहली महिला लोको पायलट सुरेखा यादव इस माह के अंत तक सेवानिवृत्त हो रही हैं। 36 साल की लंबी और गौरवशाली सेवा के बाद सुरेखा की विदाई हो रही है। रेलवे अधिकारियों के मुताबिक यह यात्रा सिर्फ करियर की नहीं, बल्कि महिला सशक्तिकरण का भी प्रतीक रही है। साल 1989 में भारतीय रेलवे से जुड़ी सुरेखा अगले ही वर्ष सहायक चालक बनीं। इसी के साथ उन्होंने इतिहास रचा और एशिया की पहली महिला ट्रेन ड्राइवर बनीं। उस समय यह क्षेत्र पूरी तरह पुरुष प्रधान माना जाता था। लेकिन सुरेखा ने साबित कर दिया कि संकल्प और मेहनत के सामने कोई बाधा टिक नहीं सकती। महाराष्ट्र के सतारा जिले में जन्मी सुरेखा ने इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में डिप्लोमा करने के बाद रेलवे जॉइन किया। शुरूआत से ही उन्होंने अपने काम से यह जताया कि वे अलग राह बनाने आई हैं। धीरे-धीरे वे इस क्षेत्र में पहचान बनाने लगीं और कई नई जिम्मेदारियां संभालती चली गईं। सुरेखा ने 1996 में पहली बार मालगाड़ी चलाई। साल 2000 में उन्हें प्रमोशन मिला और वे मोटरवुमन बनीं। दस साल बाद उन्होंने घाट ड्राइवर के तौर पर क्वालिफाई किया और मेल व एक्सप्रेस ट्रेनें चलाने लगीं। इस तरह उनका करियर लगातार ऊंचाइयों की तरफ बढ़ता गया। 13 मार्च 2023 को सुरेखा ने एक और ऐतिहासिक काम किया। उन्होंने सोलापुर से मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस तक पहली वंदे भारत एक्सप्रेस चलाई। यह उनके लिए ही नहीं, पूरे रेलवे परिवार के लिए गर्व का पल था। रेलवे की परंपरा के तहत सुरेखा ने अपनी आखिरी जिम्मेदारी राजधनी एक्सप्रेस चलाकर पूरी की। उन्होंने हजरत निजामुद्दीन (दिल्ली) से सीएसएमटी मुंबई के बीच इगतपुरी से सीएसएमटी तक ट्रेन चलाई। अधिकारियों ने कहा कि यह विदाई उनकी गौरवशाली सेवाओं को सम्मान देने का प्रतीक है।

# इंदौर में इस बार दशहरा पर शूर्पणखा के रूप में सोनम का पुतला जलेगा

आजाद सिपाही संवाददाता

**इंदौर।** इंदौर में इस बार दशहरा पर शूर्पणखा और उसकी सेना के पुतले जलाये जायेंगे। शूर्पणखा के पुतले पर इंदौर के ट्रांसपोर्ट कारोबारी राजा रघुवंशी की हनीमून पर हत्या करने वाली उसकी पत्नी सोनम का चेहरा लगाया जायेगा, जबकि पतियों की हत्या करने वाली अन्य महिलाओं के चेहरे शूर्पणखा की सेना के पुतलों पर लगाये जायेंगे। पुरुषों के अधिकारों के लिए काम करने वाली पौरुष नाम की संस्था 2 अक्टूबर को दशहरा के दिन इंदौर के दम्हा लक्ष्मी नगर मेला ग्राउंड में पुतलों का दहन करेगी। दहन से पहले पुतलों को ढोल-नगाड़ों के साथ जुलूस के रूप में पूरे शहर में घुमाया जायेगा। पीड़ित परिवारों को आयोजन में बुलाया गया है। पौरुष संस्था ने शूर्पणखा के पुतले बनाने के लिए उसी कलाकार को ऑर्डर दिया है, जो 25 सालों के रावण के पुतले बना रहा है।




**शूर्पणखा के पुतले को लेकर पहली बार उत्सुकता :** पुतला बनाने वाले कलाकार कालू ने बताया- पहली बार शूर्पणखा का पुतला बनाने का ऑर्डर मिला है। यह हमारे लिए भी खास है। अलग तरह का महिला पात्र होने के कारण इसे बनाना आसान नहीं है, लेकिन नवरात्रि के खत्म होने से दो-तीन दिन पहले तक हम इसे तैयार कर देंगे। महिला पुतले बनाने में विशेष सावधानी बरती जाती है। हम शूर्पणखा को वैसा ही बनाएंगे जैसा उसे उस काल में दर्शाया गया है। उसकी खूबसूरती उसके चेहरे के भावों में छिपी है।

**सामाजिक संदेश :** पौरुष संस्था के अध्यक्ष अशोक दशोरा ने बताया कि शूर्पणखा के पुतले की कीमत क्या होगी, यह तो बनने के बाद ही तय होगा, लेकिन हम इसे हर हाल में करेंगे। इंदौर में हर साल यह ट्रेंड होता जा रहा है कि किसका रावण सबसे बड़ा और ऊंचा है। मुख्य दशहरा मैदान पर तो रावण की ऊंचाई 101 फीट तक पहुंच चुकी है।






















आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची, झारखंड से मुद्रित। **संस्थापक प्रधान संपादक :** स्व. हरिनारायण सिंह, **संपादक :** राकेश सिंह, **स्थानीय संपादक* :** विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**